संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, मंगलवार, 18 मार्च 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



विधानसभा परिसर में सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा द्वारा रखी गई जलेबी पार्टी में मुख्यमंत्री नायब सिंह, विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण, मंत्रिमंडल सदस्य, जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 19 अंक: 74 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

## हरियाणा: महिलाओं को 2100 महीना मिलेंगे

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 2.05 लाख करोड़ रुपये के बजट का प्रस्ताव रखा , बजट में लाडो लक्ष्मी योजना के लिए 5 करोड़ का प्रावधान

**विकास पर बल**

**हर जिले में नए गौ अभ्यारण्य का प्रस्ताव रखा। गौशालाओं में 51 शेड बनाने के लिए 5 करोड़ रुपये का अनुदान**







**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** सीएम नायब सैनी सोमवार (17 मार्च) को हरियाणा का बजट पेश किया। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 2025-26 के लिए 2.05 लाख करोड़ रुपये के राज्य बजट का प्रस्ताव रखा, जो 2024-25 के संशोधित अनुमान से 13.70 प्रतिशत अधिक है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राज्य बजट वित्त वर्ष 2026 में मादक पदार्थ जागरूकता एवं मुक्ति प्राधिकरण की स्थापना का प्रस्ताव रखा है। वित्त वर्ष 2025-26 में सीएम सैनी ने विश्व बैंक की 474 करोड़ रुपये की सहायता से हरियाणा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मिशन स्थापित करने का प्रस्ताव रखा।

**हर जिले में गौ अभ्यारण्य का प्रस्ताव**

सीएम सैनी ने हर जिले में नए गौ अभ्यारण्य का प्रस्ताव रखा। हरियाणा में पंजीकृत गौशालाओं में 51 शेड बनाने के लिए 5 करोड़ रुपये का अनुदान देने का एलान हुआ है।

**सीएम ने कई जिलों को दिया तोहफा**

हरियाणा के मुख्यमंत्री सैनी ने बजट में अंबाला, यमुनानगर और हिसार में लीची, स्ट्रॉबेरी, खजूर के लिए 3 नए उत्कृष्टता केंद्र खोलने का प्रस्ताव रखा है।

**लाडो लक्ष्मी योजना के लिए 5 करोड़ का प्रावधान**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज प्रदेश का बजट पेश कर रहे हैं। बजट में लाडो लक्ष्मी योजना के लिए 5 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

**धान की खेती छोड़ने पर दी जाएगी सब्सिडी**

बजट में एलान हुआ है कि मेरा पानी मेरी विरासत योजना के तहत धान की खेती छोड़ने पर सब्सिडी 7,000 रुपये प्रति एकड़ से बढ़ाकर 8,000 रुपये प्रति एकड़ की जाएगी।

**महिला किसानों को एक लाख तक का ऋण मुक्त**

बजट में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने एलान किया है कि डेयरी फार्मिंग, बागवानी, पशुपालन और मत्स्य पालन में लगी महिला किसानों को एक लाख रुपये का ब्याज मुक्त ऋण दिया जाएगा।

**एफपीओ के लिए लाई जाएगी बागवनी नीति**

हरियाणा के मुख्यमंत्री ने कहा कि सहकारी समितियों के रूप में पंजीकृत किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के लिए बागवानी नीति लाई जाएगी।

**महिलाओं के लिए बड़ा एलान**

बजट में किसानों से एक लाख के कर्ज पर कोई ब्याज नहीं लगेगा। महिलाओं को ब्याज मुक्त ऋण दिया जाएगा। इस बार हरियाणा का दो लाख 5 हजार 17 करोड़ का बजट पेश किया गया है।

### बजट को तैयार करने में मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर की रही अहम भूमिका



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** हरियाणा का साल 2025-26 का आम बजट तैयार कराने में सीएम नायब सैनी के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर प्रमुख भूमिका में रहे। पिछले वर्षों का इतिहास कहता है कि वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री का बजट भाषण तैयार करते हैं, लेकिन इस बार इस परंपरा को बदलते हुए मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर ने अपने हाथों से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का बजट भाषण तैयार किया।

केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने इस बजट भाषण पर अपनी सहमति की मुहर लगाई। तब जाकर बजट की कॉपी तैयार हुई। राज्य के बजट पर रविवार तड़के तीन बजे तक काम चलता रहा। पिछले सालों में बजट रात को 12 से साढ़े 12 बजे तक के बीच में तैयार हो जाता था, लेकिन इस बार के बजट पर रविवार तड़के तक काम चलता रहा। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वित्त मंत्री के नाते हरियाणा का पांच साल तक बजट तैयार कराया और पेश किया। मनोहर लाल को हिसाब-किताब का मास्टर माना जाता है। उनकी गणित और वित्तीय अंकों पर जबरदस्त पकड़ है। बजट का काफी बड़ा हिस्सा मनोहर लाल की देखरेख में तैयार हुआ, जो कि चंडीगढ़ स्थित हरियाणा निवास में बनाया गया।

### राजेश खुल्लर के आवास पर दिन रात चला काम

राज्य के मुख्य सचिव के नाते वित्त सचिव अनुराग रस्तोगी ने बजट को आसान बनाने में जबरदस्त डेटागीरी की। सीएम के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर के आवास पर बजट को लेकर दिन रात काम चला। सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के प्रधान सचिव डा. अमित अग्रवाल, महानिदेशक केएम पांडुरंग तथा अतिरिक्त निदेशक प्रशासन वर्षा खनगवाल ने बजट को आकार देने में अहम भूमिका निभाई। पूरे राज्य से करीब 11 हजार लोगों ने बजट के लिए सुझाव भेजे थे। दो दर्जन से अधिक स्टेक होल्डर्स के साथ मुख्यमंत्री नायब सैनी की मीटिंग के दौरान राजेश खुल्लर और अनुराग रस्तोगी स्वयं मौजूद रहे, ताकि प्रस्तावित बिंदुओं को बजट में शामिल किया जा सके।

**एक दर्जन अधिकारियों ने बजट तैयार करने में दिया योगदान**

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने आखिर तक बजट में कई बदलाव कराए और जनकल्याण तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़े आधा दर्जन से अधिक अहम बिंदु उसमें शामिल कराए। वित्त विभाग के करीब एक दर्जन अधिकारियों ने बजट तैयार करने में योगदान दिया। सोमवार को बजट पेश करने से करीब एक घंटा पहले एक बजे सीएम निवास कबीर कुटीर में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बजट की प्रतियों पर हस्ताक्षर किए।

## सोमनाथ लुटेरों की याद में मेला लगाने वाले देशद्रोही: श्रीशचंद्र



**टीम एक्शन इंडिया**

**संभल:** कई दशकों से लगता आ रहा नेजा मेला अब नहीं लगेगा। इसके लिए अपर पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट रूप से चेतावनी दी है कि अगर मेले का आयोजन किया गया तो आयोजकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। मेले की शुरूआत होली के बाद पड़ने वाले मंगलवार को नेजा ढाल गाढ़ने से होती है। यह ढाल 18 मार्च को गाड़ी जानी थी, लेकिन पुलिस प्रशासन ने इसे पूरी तरह गलत करार देते हुए मेले का आयोजन नहीं करने की हिदायत दी है। क्रूर आक्रांता सैयद सालार मसूद गाजी के नाम पर हर वर्ष लगने वाले नेजा मेला की ढाल संभल कोतवाली के सामने गाढ़ी जाती थी। इसके एक सप्ताह बाद अगले मंगलवार को चंदौसी रोड स्थित ग्राम शाहपुर सूरा नगला से मेले की शुरूआत होती थी।

**पुलिस ने नहीं दी मेला लगाने की इजाजत**

अगले दिन शहर के नगर पालिका मैदान में और बाद में ग्राम बादल गुम्बद में मेले का आयोजन किया जाता था। इस बार पुलिस ने मेला लगाने की इजाजत नहीं दी है।

### एएसपी ने आयोजन न करने की दी हिदायत

उन्होंने दो टूक कहा है कि मेले का आयोजन किसी भी दशा में नहीं होने दिया जाएगा। धार्मिक नगर नेजा कमेटी की ओर से झंडा बरदार शाहिद अली मसूदी व सचिव कारी कमाल को उस समय मेले का आयोजन किसी भी दशा में न करने की हिदायत दी जब वह इसके लिए पुलिस प्रशासन से अनुमति लेने गए थे।

बता दें कि पिछले साल भी कमेटी की ओर से निर्धारित तारीख के बाद मेला लगाने की कोशिश की गई थी, लेकिन पुलिस प्रशासन ने मेला नहीं लगने दिया था।

**लुटेरे की याद में किसी भी हाल में नहीं लगेगा मेला:** संभल एसएसपी अपर पुलिस अधीक्षक श्रीशचंद्र का कहना है कि सोमनाथ मंदिर के लुटेरे की याद में लगने वाले मेले को किसी भी दशा में नहीं लगने दिया जाएगा। कहा कि कोई कुरीति सालों से चली आ रही है तो उसे बदलने की जरूरत है। गजनवी के भांजे मसूद गाजी ने भारत में क्रूरता की थी।

## भारत-न्यूजीलैंड के बीच छह करार



**समझौता**

**यह करार रक्षा, आर्थिक क्षेत्र, बागवानी-कृषि, पर्यावरण, शिक्षा और खेल के क्षेत्र से जुड़े हैं**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच छह करार हुए हैं। यह रक्षा, आर्थिक क्षेत्र, बागवानी-कृषि, पर्यावरण, शिक्षा और खेल के क्षेत्र से जुड़े हैं। इसके अलावा चार घोषणाएं की गई हैं। भारत-न्यूजीलैंड एफटीए तथा कौशल एवं प्रशिक्षित मानव संसाधन की आवाजाही पर वार्ता करेंगे।

न्यूजीलैंड हिन्द-प्रशात सागरीय पहल (आईपीओआई) से जुड़ा है और आपदा अनुकुल बुनियादी ढांचा के लिए गठबंधन (सीडीआरआई) का सदस्य बना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन 16-20 मार्च की भारत की आधिकारिक यात्रा पर हैं। नई दिल्ली में प्रधानमंत्री लक्सन का गर्मजोशी भरा और पारंपरिक स्वागत किया गया। दिल्ली के हैदराबाद हाउस में दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने द्विपक्षीय वार्ता की। प्रधानमंत्री लक्सन ने वार्ता से पहले राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री लक्सन के साथ रायसीना संवाद के 10वें संस्करण का उद्घाटन करेंगे। दोनों देशों के बीच वार्ता के बाद संयुक्त वक्तव्य जारी किया गया।

## भारत में बन रही दुनिया की सबसे बड़ी हाइपरलूप ट्यूब



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हाल ही में आईआईटी मद्रास में हाइपरलूप परीक्षण सुविधा का दौरा किया। यहां पर उन्होंने कहा कि विकसित की जा रही हाइपरलूप ट्यूब जल्द ही दुनिया की सबसे लंबी हो जाएगी, जिसकी लंबाई 410 मीटर होगी। वहीं, केंद्रीय रेल मंत्री ने यह भी कहा कि हाइपरलूप प्रोजेक्ट के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट टेक्नोलॉजी चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री में बनाई जाएगी। जानकारी दें कि आईआईटी मद्रास में 410 मीटर लंबी हाइपरलूप टेस्ट ट्यूब को एशिया की सबसे लंबी हाइपरलूप परीक्षण सुविधा का खिताब प्राप्त है।

**रेल मंत्री ने शेयर किया वीडियो**

केंद्रीय मंत्री ने रविवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो साझा किया। इस वीडियो को शेयर करते हुए उन्होंने लिखा कि एशिया में सबसे लंबी हाइपरलूप ट्यूब (410 मीटर) जल्द ही दुनिया की सबसे लंबी होगी।

## टैरिफ पर टॉप लेवल पर चल रही बात: तुलसी



**टैरिफ वॉर**

**गबार्ड ने कहा- अच्छा समाधान खोजने में जुटे दोनों नेता, ट्रंप और मोदी की दोस्ती ही साझेदारी का आधार**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली पहुंचीं अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने कहा कि टैरिफ के मुद्दे पर भारत और अमेरिका के बीच टॉप लेवल पर सीधी बातचीत हो रही है। गबार्ड ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में मैंने भारत सरकार के अधिकारियों से बात की है। मुझे यह देखकर खुशी हुई कि भारतीय अधिकारी इसे नकारात्मक दृष्टिकोण से देखने के बजाय सकारात्मक ले रहे हैं।

**अच्छे समाधान की तलाश**

गबार्ड ने आगे कहा कि जैसे पीएम मोदी अपने देश की अर्थव्यवस्था और लोगों के लिए उपलब्ध अवसरों को सर्वोत्तम हित में देख रहे हैं। ठीक उसी प्रकार राष्ट्रपति ट्रंप भी अमेरिकी लोगों और आर्थिक हितों यही करने में जुटे हैं। पीएम मोदी और डोनाल्ड ट्रंप बेहतरीन समाधान की तलाश में हैं।

**टॉप लेवल पर चल रहा सीधा संवाद**

तुलसी गबार्ड ने कहा कि सबसे सकारात्मक बात यह है कि हमारे पास दो ऐसे नेता हैं, जिन्हें मुद्दों की सामान्य समझ है और अच्छे समाधान की तलाश में हैं। सीधा संवाद दोनों देशों के बीच शीर्ष स्तर पर चल रहा है। मगर विभिन्न सचिवों और कैबिनेट सदस्यों के बीच यह तय करने में अहम होगा कि आगे का रास्ता कैसा होगा?

## रुपये की कीमत में 24 पैसे की मजबूती

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में आई तेजी और डॉलर इंडेक्स की कमजोरी के कारण मुद्रा बाजार में सोमवार को रुपये ने मजबूती दर्ज की। डॉलर के मुकाबले रुपया आज दिन भर के कारोबार के बाद 24 पैसे की मजबूती के साथ 86.81 रुपये प्रति डॉलर (अस्थायी) के स्तर पर बंद हुआ। इसके पहले पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन गुरुवार को भारतीय मुद्रा 87.05 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुई थी।

## 'हिंदी का अपना अलग महत्व: सीएम



**भाषा पर विवाद**

**भाषा विवाद में आंध्र प्रदेश के सीएम नायडू की एंट्री, नायडू ने कहा कि भाषा से नफरत नहीं की जानी चाहिए**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** केंद्र और तमिलनाडु सरकार के बीच इस समय परिसीमन और भाषा को लेकर विवाद देखने को मिला है। इस विवाद में अब आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू की भी एंट्री हो गई है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि भाषा से नफरत नहीं की जानी चाहिए। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री यह टिप्पणी ऐसे समय पर आई है, जब दक्षिण के कई राज्यों ने हिंदी के प्रति विरोध दिखाया है। तमिलनाडु की स्टालिन सरकार ने केंद्र पर भाषा थोपने का आरोप लगाया था। बता दें कि एक आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि भाषा से नफरत नहीं की जानी चाहिए, हिंदी दिल्ली में संचार के लिए उपयोगी है। सीएम ने कहा कि हिंदी और अंग्रेजी दोनों का अपना महत्व है और इन्हें सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंदी राष्ट्रीय भाषा है। अंग्रेजी अंतरराष्ट्रीय भाषा है। इसके साथ उन्होंने कहा कि भारतीय अब विभिन्न देशों में जा रहे हैं। इस बात पर उन्होंने जोर दिया कि आजीविका के लिए हम कोई भी भाषा सीख सकते हैं।

**प्रकाश डाला** डिजाइन दोषों जैसे मूल कारणों को दूर करने के लिए सरकार के प्रयासों पर प्रकाश डाला

## देश में रेल हादसों में 90 प्रतिशत की कमी आई: रेल मंत्री





**चर्चा**

**रेल से औसतन एक यात्री को एक किमी लेकर जाने की लागत 1.38 रुपये आती है: रेल मंत्री**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को राज्यसभा में कहा कि 2005-2006 से रेल दुर्घटनाओं में 90 प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने भविष्य में इसमें और कमी लाने की आवश्यकता पर जोर दिया और सुरक्षा बढ़ाने के लिए डिजाइन दोषों जैसे मूल कारणों को दूर करने के लिए सरकार के प्रयासों पर प्रकाश डाला। अश्विनी वैष्णव राज्यसभा में रेल मंत्रालय की अनुदान मांगों पर चर्चा का जवाब दे रहे थे। रेल मंत्री ने कहा कि रेलवे परिवहन का एक पर्यावरण अनुकूल साधन है, जो डीजल इंजन का उपयोग करते समय सड़क परिवहन की तुलना में 90 प्रतिशत कम कार्बन उत्सर्जन करता है। विद्युत कर्षण के साथ, उत्सर्जन पूरी तरह से समाप्त हो जाता है। विद्युतीकरण के लाभों पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि 2018-19 से डीजल पर बचत 29,000 करोड़ रुपये हो गई है। रेलवे में "वेल्ड फेल्योर" 92% कम हुआ है। रेल फ्रैक्चर्स की संख्या साल 2013-14 में करीब ढाई हजार थी, जो सालाना 250 रह गए हैं यानी इसमें 91 प्रतिशत कमी आई है। ये परिणाम स्टाफ की ट्रेनिंग, मेंटेनेंस प्रैक्टिस में सुधार और इंफ्रास्ट्रक्चर बेहतर करने के बाद आए हैं। उन्होंने बताया कि रेल से औसतन एक यात्री को एक किमी लेकर जाने की लागत 1.38 रुपये आती है जबकि उससे सिर्फ 73 पैसे किराये के रूप में लिए जाते हैं।

## हिमाचल प्रदेश का 58,514 करोड़ का बजट पेश

**नया कर नहीं**

**बजट में किसी तरह के नए कर का ऐलान नहीं, कर्मचारियों को 3 फीसदी डीए की घोषणा**





**टीम एक्शन इंडिया**

**चमन शर्मा**

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश का वित्त वर्ष 2025-26 का बजट 58514 करोड़ रुपए का होगा। बजट में किसी प्रकार के नए कर का प्रावधान नहीं है। मुख्यमंत्री ने गत दिवस को विधानसभा में राज्य का वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आम बजट पेश किया। बजट में जहां ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर फोकस किया गया है, वहीं कर्मचारियों सहित विभिन्न वर्गों को भी लुभाने का सरकार ने प्रयास किया है। मुख्यमंत्री ने बजट में लगभग एक दर्ज नई योजनाओं की घोषणा की। सीएम सुक्खू ने बजट पेश करते हुए कहा कि वर्ष 2025-26 में राज्य को कुल 42343 करोड़ रुपए आय का अनुमान है, जबकि इसकी तुलना में आगामी वित्त वर्ष में राज्य के कुल खर्चे 48733 करोड़ रुपए रहने का अनुमान है। इस प्रकार प्रदेश का अगले वित्त वर्ष में कुल राजस्व घाटा 6390 करोड़ रुपए अनुमानित है, जबकि राजकोषीय घाटा 10338 करोड़ रुपए रहने का अनुमान है। यह प्रदेश के सकल घरेलू उत्पाद का 4.04 फीसदी है। मुख्यमंत्री ने बजट में ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर फोकस करते हुए गाय के दूध का समर्थन मूल्य 45 रुपए से बढ़ाकर 51 रुपए और भैंस के दूध का समर्थन 55 रुपए से बढ़ाकर 61 रुपए करने की घोषणा की। उन्होंने प्राकृतिक रूप से उगाई गई मक्की का समर्थन मूल्य 30 रुपए से बढ़ाकर 40 रुपए प्रति किलो और गेहूं का समर्थन मूल्य 40 रुपए से बढ़ाकर 60 रुपए करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक रूप से उगाई गई हल्दी 90 रुपए प्रति किलो की दर से खरीदने का भी ऐलान किया। मुख्यमंत्री ने कृषि ऋणों के कारण जमीन की नीलामी के कगार पर पहुंच चुके किसानों की जमीन को बचाने के लिए एग्रीकल्चर लोन इंटरेस्ट सबवेंशन स्कीम शुरू करने की घोषणा की।

### बजट में 12 नई योजनाओं का ऐलान

- मुख्यमंत्री पर्यटन स्टार्टअप योजना
- एग्रीकल्चर लोन इंटरेस्ट सबवेंशन स्कीम
- इंदिरा गांधी सुख सुरक्षा योजना
- इंदिरा गांधी मातृ-शिशु संकल्प योजना
- मुख्यमंत्री लघु दुकानदार कल्याण योजना
- ग्रीन पंचायत योजना
- राजीव गांधी वन संवर्धन योजना
- रोगी मित्र योजना
- आचार्य चरक योजना
- मुख्यमंत्री वृद्धजन देखभाल योजना
- स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम
- मुख्यमंत्री स्वच्छ जल शोधन योजना
- 100 रुपए में से कितना किस पर होगा खर्च
- प्रदेश की सुक्खू सरकार अगले वित्त वर्ष 2025-26 में 100 में से 24 रुपए विकास पर खर्च करेगी। इसके अलावा वेतन पर 25 रुपए, पेंशन पर 20 रुपए, ब्याज की अदायगी पर 12 रुपए, ऋण अदायगी पर 10 रुपए और स्वायत संस्थानों के लिए ग्रांट पर 9 रुपए खर्च किए जाएंगे। बजट पेश करने अपनी निजी ऑल्टो में आए मुख्यमंत्री

### ड्रग माफिया के खिलाफ बनेगी एसटीएफ

**मुख्यमंत्री** ने अपने बजट भाषण में नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम के लिए ड्रग डिपेंडेंस प्रीवेंशन, डी-एडिक्शन एंड रिहैबिलिटेशन बोर्ड के गठन की घोषणा की। यह बोर्ड पीजीआई चंडीगढ़ और एम्स नई दिल्ली के परामर्श से नशीली दवाओं के दुरुपयोग और पुनर्वास के लिए एक एक्शन प्लान तैयार करेगा।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में ड्रग माफिया के सफाए के लिए स्पैशल टास्क फोर्स के गठन की घोषणा की।

पंचायतीराज और शहरी निकायों के जन प्रतिनिधियों का मानदेय बढ़ा मुख्यमंत्री ने पंचायती राज और शहरी निकायों के जनप्रतिनिधियों के मानदेय में भी बढ़ोतरी का ऐलान किया।

# आवारा कुत्तों के आतंक से परेशान सोसायटी के लोग

**हमले बढ़े**

नोएडा और ग्रेटर नोएडा में आवारा कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है




**टीम एक्शन इंडिया**
**नोएडा :** नोएडा और ग्रेटर नोएडा में आवारा कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। नोएडा की गार्डेनिया गेटवे सोसायटी में कुत्ते के हमलों के बढ़ने के बाद लोगों ने स्थानीय पुलिस से शिकायत कर मदद मांगी है। सोसायटी के परिसर, पार्क, पार्किंग या फिर बेसमेंट में अचानक कुत्ते हमला कर देते हैं। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं। इन घटनाओं की वजह से सोसायटी में रहने वाले लोगों में दहशत का माहौल है। नोएडा सेक्टर 75 स्थित गार्डेनिया गेटवे सोसायटी के लोगों ने पुलिस से शिकायत करते हुए कहा कि हम अपनी सोसायटी में जमा हुए आवारा कुत्तों से परेशान और आतंकित हैं। ये आवारा कुत्ते सोसायटी के छोटे बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों पर अचानक हमला कर देते हैं। इनमें से कई लोग हाल ही में गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। ये आवारा कुत्ते अब रोजाना स्थानीय लोगों को काटते हैं और बच्चों का पार्क में खेलना और महिलाओं और पुरुषों का अपनी सोसायटी के परिसर में टहलना मुश्किल हो रहा है। हममें से कोई भी इन आवारा कुत्तों का दुश्मन नहीं है, लेकिन जब बात छोटे बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों या अपने परिवार के किसी सदस्य की जान जोखिम में डालने की आती है, तो कृपया हमें इन आवारा कुत्तों के आतंक से निपटने के लिए अपनाए जाने वाले तरीकों का निर्देश दें। हमने कई बार विरोध किया और इन कुत्तों को यहां से भगाने का प्रबंध भी किया लेकिन नोएडा के तथाकथित कुत्ता प्रेमी सोसायटी में आकर हमें धमकाने लगे कि अगर हमने इन आवारा कुत्तों के साथ बुरा व्यवहार किया या इन्हें यहां से भगाया तो हमसे बुरा कोई नहीं होगा। सोसायटी के सभी निवासी बहुत ही भ्रमित और भयभीत हैं कि इस गंभीर और खतरनाक समस्या से कैसे निजात पाया जाए रिपोर्ट के मुताबित, हाल ही में रेडिकॉन वेदांतम सोसायटी में भी आवारा कुत्तों से लोग परेशान हैं।

यहां सोसायटी के परिसर में कुत्तों ने तीन दिनों में पांच लोगों पर हमला किया। बीते शनिवार को दो महिलाओं को काट लिया था। वहीं इससे एक दिन पहले ही शुक्रवार को एक पुरुष की कमर पर कुत्ते ने हमला कर दिया था। परिसर के बेसमेंट में कुत्तों ने अपना अड्डा बना रखा है। ग्रेटर नोएडा में शिकायत के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी कोई सुनवाई नहीं कर रहे हैं।

## आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक के खिलाफ फ्लैट ओनर्स

**गाजियाबाद :** गाजियाबाद में हस्ताक्षर अभियान चलाकर कुत्तों को सोसाइटी से बाहर निकालने के लिए केंद्र सरकार को फेडरेशन पत्र भेजेगा। एक हफ्ते में अलग-अलग सोसाइटियों में आवारा कुत्तों ने दो लोगों को काट कर घायल कर दिया। फेडरेशन के अध्यक्ष राजकुमार त्यागी पर होली के दिन केडीपी ग्रैंड सवाना के बेसमेंट एक में कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया और कमर के नीचे चार जगह पर काट लिया। दो दिन पहले गुलमोहर गार्डन सोसाइटी में भी कुत्ते के हमले की घटना सामने आई थी। फेडरेशन के अध्यक्ष राजकुमार त्यागी का कहना है कि जब तक स्थाई समाधान नहीं होता कुत्तों के खिलाफ मुहिम चलती रहेगी। सोमवार को फेडरेशन के पदाधिकारियों ने आवारा कुत्तों को बाहर निकालने का संकल्प लिया।

## स्कूल से बच्चे को लेकर लौट रही सिपाही की पत्नी से लूटी चेन

**गाजियाबाद :** दिल्ली-मेरठ मार्ग पर गोविंदपुरी पुलिस चौकी के सामने सोमवार दोपहर पल्सर सवार दो लुटेरों ने बच्चे को स्कूल से लेकर लौट रही सिपाही लक्की पाल की पत्नी सविता से चेन लूट ली। सविता ने शोर मचाया, लेकिन बदमाश भाग निकले। सूचना के बाद पुलिस ने कांबिंग की, लेकिन सफल नहीं हुई। लक्की पाल उत्तर प्रदेश पुलिस ने सिपाही हैं। वह अपनी पत्नी सविता और बच्चे सहित गोविंदपुरी पुलिस चौकी परिसर में रहते हैं। लक्की पाल की तैनानी एसीपी कार्यालय में चल रही है।


**आभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा**

**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सोनू उर्फ बीडी पुत्र बबलू निवासी मकान नं. आई-432, नई दिल्ली** ने ई-एफआईआर सं. **7086/2020, अंतर्गत धारा 379/411/34 आईपीसी, थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सोनू उर्फ बीडी** मिल नहीं रहा/रही है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सोनू उर्फ बीडी** फरार हो गया/गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि ई-एफआईआर सं. **7086/2020, अंतर्गत धारा 379/411/34 आईपीसी, थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सोनू उर्फ बीडी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.04.2025** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**सुश्री रीतिका जैन**
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी (उ.-प.)
कमरा नं. 105, रोहिणी न्यायालय, दिल्ली
DP/3294/OD/2025
(Court Matter)


## थूक लगाकर रोटी बना रहा था, आरोपी को हिरासत में लिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद :** दिल्ली-मेरठ मार्ग पर बंबा मार्ग के पास स्थित नाज चिकन कॉर्नर होटल पर थूककर रोटी बनाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकताओं ने वीडियो सामने आने पर हंगामा कर होटल को बंद कराने की मांग की। पुलिस ने तहरीर पर केस दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। बंबा मार्ग के पास नाज चिकन कॉर्नर के नाम से होटल है। रविवार रात कुछ युवक होटल पर खाना खाने गये थे।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा **82 Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **अहसान अली पुत्रः मो. अली, पताः** झुग्गी सबा पुर, गाँव सोनिया विहार, दिल्ली, **FIR No. 67/2019, U/s 27 NDPS Act,** थानाः दरिया गंज, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अहसान अली** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अहसान अली** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 67/2019, U/s 27 NDPS Act,** थानाः दरिया गंज, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **अहसान अली** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
डॉ0 राजकुमार सिंह
महानगर दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी—05 (सै0)
कमरा नं. 241, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/3253/CD/2025
(Court Matter)



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अंकित सैनी, पुत्र लक्ष्मण, पताः एफ–6 / 645, एचजीआई लेबर कॉलोनी, सुल्तानपुरी, दिल्ली** ने **FIR No. 192/21, U/s 12/9/55 G. Act, पुलिस थाना राज पार्क, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अंकित सैनी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अंकित सैनी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना राज पार्क, दिल्ली** के अभियुक्त **अंकित सैनी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.04.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री इब्बानी अग्रवाल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी
कमरा नं. 107
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली
DP/3164/OD/2025



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सूरज पुत्र अमनाव पता ए–59 / 362, कलंदर कॉलोनी, दिलशाद गार्डन, दिल्ली** ने **एफआईआर नं 40 / 2020 धारा 12 जुआ अधिनियम के तहत** थानाः **मंगोलपुरी**, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सूरज** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सूरज** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर 40 / 2020 धारा 12 जुआ अधिनियम के तहत थानाः मंगोलपुरी, दिल्ली के उक्त सूरज** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
रितिका जैन
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी – 05
नार्थ वेस्ट कोर्ट नं.105
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/3313/OD/2025


## रजबहे में उतराता हुआ मिला शख्स का शव



**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद :** मसूरी थाना क्षेत्र के गांव निगरावठी में चार दिन लापता शख्स का रविवार शाम को पिलखुवा क्षेत्र के सिकेडा के पास रजबहे में उतराता हुआ शव मिला है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाला। व्यक्ति की पहचान निगरावठी निवासी नईम के रूप में हुई। मसूरी क्षेत्र के गांव निगरावठी निवासी राशिद पुत्र रहमत अली ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका भाई नईम (42) रहमत अली 14 मार्च को घर से सुबह 11 बजे खेत पर कहकर गया था। शाम तक वापस नहीं लौटा तो आसपास और रिश्तेदारी में तलाश किया। जब नहीं मिला तो रविवार दोपहर पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई। नईम काफी समय से सीधे हाथ व पैर से अपाहिज था और शादी भी नहीं हुई थी। पुलिस ने बताया कि रविवार शाम पिलखुवा क्षेत्र के गांव सिकेडा के पास रजबहे में एक व्यक्ति का शव मिलने की सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पानी से बाहर निकाला। व्यक्ति की पहचान नईम निवासी ग्राम निगरावठी मसूरी के रूप में हुई। सहायक पुलिस आयुक्त लिपी नगायच ने बताया कि मृतक के शव पर कोई चोट के निशान नहीं हैं। बाकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मृत्यु का कारण स्पष्ट होगा।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आयुष गुप्ता**, **पुत्र** : श्री वी.एन. गुप्ता, **पताः** 8ए, उत्कर्ष अपार्टमेन्ट्स, 2 राज नारायण मार्ग, सिविल लाइन्स, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 467/2024 U/S 420 / 406 / 34 IPC, थानाः सिविल लाइन्स, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आयुष गुप्ता** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आयुष गुप्ता** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 467/2024 U/S 420 / 406 / 34 IPC, थानाः सिविल लाइन्स, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **आयुष गुप्ता** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री गौरव गोयल
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी–06 (केन्द्रीय)
कमरा नं. 247, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/3104/N/2025
(Court Matter)



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **मुकेश,** पुत्र नरेश पासवान, निवासी- डब्ल्यूजेड-3/1, बसई दारापुर, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट नंबर 107/2019 धारा 3/4/9/55 गैंबलिंग अधिनियम थाना मोती नगर, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मुकेश** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मुकेश** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **मुकेश, प्रथम सूचना रिपोर्ट नंबर 107/2019 धारा 3/4/9/55 गैंबलिंग अधिनियम थाना मोती नगर, नई दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 19.04.2025 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री सुकृति सिंह**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/3021/WD/2025



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **श्री सुमिंदर सिंह प्रॉप ऑफ मेसर्स कॉस्मो फैब्रिक्स पताः जे–3 / 130, राजौरी गार्डन, दिल्ली ने सीटी संख्या 4364 / 17 धारा 138 एनआई एक्ट के तहत** थानाः राजौरी गार्डन, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **श्री सुमिंदर सिंह** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **श्री सुमिंदर सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **सीटी संख्या 4364 / 17 धारा 138 एनआई एक्ट के तहत थानाः राजौरी गार्डन, दिल्ली के उक्त श्री सुमिंदर सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुभम गुप्ता
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी
(पश्चिम) एनआई एक्ट कमरा नं.04, उपभवन–I
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/3210/WD/2025


## किशोर के साथ कुकर्म.. फिर कर दी हत्या

**गाजियाबाद।** कोर्ट ने वर्ष 2004 में 13 वर्षीय किशोर की कुकर्म के बाद हत्या करने के चार आरोपितों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने चारों दोषियों पर 25–25 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता प्रमोद कुमार शर्मा सीकरी के मुताबिक सहिबाबाद थानाक्षेत्र की तुलसी निकेतन कालोनी निवासी दीपक डोगरा (13 वर्ष) को 19 नवंबर 2004 को उसके दोस्त आकिल, फईम मनोज और डिंपल घर से खेलने के लिए बुलाकर ले गए थे। देर रात तक जब दीपक घर वापस नहीं लौटा तो स्वजन ने उसकी तलाश शुरू की।

उसका कुछ पता नहीं चलने पर उन्होंने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने अगले दिन दीपक का शव मूली के खेत से बरामद किया। इसके बाद पुलिस ने आकिल, फईम, मनोज और डिंपल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपितों ने बताया कि उन्होंने दीपक के साथ कुकर्म किया। भेद खुलने के डर से दीपक की हत्या कर दी और मुंह में मिट्टी भर के शव को मूली के खेत में फेंक दिया था। पुलिस ने मामले में जांच पूरी कर कोर्ट में आरोपितों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी।

**चारों आरोपितों को आजीवन कारावास की सजा**

सोमवार को मामले की अंतिम सुनवाई एडीजे–16 कोर्ट के न्यायाधीश जुनैद मुजफ्फर की कोर्ट में हुई। दोनों पक्षों की ओर से 11 गवाह पेश किए गए। कोर्ट ने पेश सबूत और गवाहों के बयान के आधार पर चारों आरोपितों को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सनाई है।


**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-प्रापण निविदा सूचना संख्याः 25/12 दिनांकः 13.03.2025

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज (आई.एस. ओ. 9001:2015 प्रमाणित इकाई)** निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 64255038 | स्मार्ट एएलसी फॉर डीयूओ | 07 सेट | 07.04.2025 |
| 2 | 64255049 | क्युमिन्स डीजल इंजन | 03 नग | 11.04.2025 |
| 3 | 64255054 | हाइड्रॉलिक प्रोपोर्सनल वाल्व | 42 नग | 16.04.2025 |
| 4 | 64255053 | सर्वो वाल्व | 84 नग | 21.04.2025 |
| 5 | 6324RC23 | दिस इज टेंडर टू इंटर इनटू रेट कान्ट्रैक्ट फॉर प्रोक्योरमेंट ऑफ एनसीआर 6 एमएम जीआरएसपी फॉर सीएमएस जिंग पॉर्शन फॉर टी/ओ, 1:8.5, स्लीपर नं0 41 टू 54 एंड एनसीआर 6 एमएम जीआरएसपी फॉर सीएमएस जिंग पॉर्शन फॉर टी/ओ, 1:12, स्लीपर न0. 64 टू 78. | 4245.00 Set. | 09.04.2025 |
| 6 | 63245697 | 53 - एस ग्रेड ऑर्डिनरी पोर्टलैंड सीमेंट टू बी आईएस स्पेसिफिकेशन आईएस-269, 2015. | 1500 MT. | 07.04.2025 |
| 7 | 6324RC21A | दिस इज टेंडर टू इंटर इनटू रेट कान्ट्रैक्ट फॉर मैन्युफैक्चरिंग एंड सप्लाई ऑफ हाई विस्कोस नायलॉन 66 इंसुलेटिंग लाइनर (एचवीएन लाइनर), 60 केजी. टू आरडीएसओ ड्रग संख्या टी - 3706. | 6997494.00 Num. | 07.04.2025 |
| 8 | 63255104 | मैन्युफैक्चर एंड सप्लाई ऑफ 1 इन 8.5 डायमंड कॉसिंग फॉर 60 केजी. आरडीएसओ ड्रग संख्या टी- 6493. | 10 Set. | 16.04.2025 |
| 9 | 64255051 | हाइड्रॉलिक एक्यूमुलेटर | 75 नग | 10.04.2025 |
| 10 | 40243176A | इलेक्ट्रिक रेक्टिफायर कम रेगुलर यूनिट | 24 नग | 01.04.2025 |
| 11 | 30251666 | वियरिंग पीस फॉर साईड बियरर | 1593 नग | 04.04.2025 |
| 12 | 38251989 | बॉलस्टर फॉर कास्ट स्टील बोगी | 48 नग | 26.03.2025 |
| 13 | 70242680D | डेकोरेटिव थर्मोसेटिंग सिथेटिक | 4475 नग | 04.04.2025 |

**नोटः** उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण **IREPS** वेबसाईट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाओं में किसी भी बदलाव/शुद्धि-पत्र के लिए कृपया इस वेबसाईट को नियमित रूप से देखें। समाचार-पत्र मे कोई अलग से शुद्धि-पत्र/परिवर्तन प्रकाशित नही किया जाएगा। **483/25(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# एमसीडी सदन की बैठक में सत्ता और विपक्ष के पार्षदों ने किया हंगामा



**शोर मचाया**

**आरोप-प्रत्यारोप लगाए और हंगामा किया। पार्षदों ने मेयर के सामने शोर मचाना शुरू कर दिया**





मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता लोगों से मुलाकात करती हुई।

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की सोमवार को सदन की बैठक में सत्तारूढ़ दल और विपक्ष के पार्षदों ने एक दूसरे के खिलाफ आरोप-प्रत्यारोप लगाए और हंगामा किया। बैठक शुरू होने के बाद पार्षदों ने मेयर के सामने शोर मचाना शुरू कर दिया। उन्होंने मेयर का माइक तक तोड़ दिया। हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। बैठक के एजेंडा में आज चार गोशालाओं में रखे गए मवेशियों के चारे के लिए बकाया भुगतान को मंजूरी देना, बागवानी विभाग में अतिरिक्त कर्मचारियों की भर्ती करना और दक्षिणी दिल्ली में सड़क विकास परियोजनाओं में तेजी लाना शामिल था। एमसीडी ने आज सदन की बैठक में दक्षिणी दिल्ली के आया नगर इलाके में सड़कों और नालियों के विकास के एजेंडे को पेश करने की योजना बनाई थी। मुख्य एजेंडा में शामिल योजनाओं के लिए फंड जारी करने पर चर्चा होनी थी। इसी दौरान सदन में हंगामे की स्थिति बन गई। आआपा के पार्षदों ने भाजपा पर संविधान की हत्या करने का आरोप लगाया। आआपा के वार्ड पार्षदों ने सदन में नारेबाजी करते हुए कार्यवाही में बाधा उत्पन्न की और फटे हुए दस्तावेज लहराए। इस दौरान भाजपा सदस्य खड़े होकर वोट की मांग करने लगे और दावा किया कि आआपा को अब सदन में बहुमत प्राप्त नहीं है। पार्षदों ने एजेंडा के कागजात फाड़ दिए, टेबल पर चढ़ गए और नारे लगाए। भाजपा सदस्यों ने मतदान की मांग की। आआपा पार्षदों ने भाजपा पर संविधान की "हत्या" करने का आरोप लगाया। हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

## विधानसभा में दो दिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे ओम

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा 18 मार्च से अपने नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए दो दिवसीय अभिविन्यास (ओरिएंटेशन) कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य विधायकों को संसदीय प्रक्रिया, आचार संहिता और सुशासन की सर्वोत्तम प्रथाओं की जानकारी प्रदान करना है। कार्यक्रम दिल्ली विधानसभा सदन के सभागार में होगा' दिल्ली विधानसभा विजेंद्र गुप्ता ने सोमवार को 18 मार्च से शुरू होने वाले दो दिवसीय अभिविन्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर



अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा और अन्य व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा हुई, जिससे यह प्रशिक्षण अधिक प्रभावी और ज्ञानवर्धक बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि विधानसभा की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं ज्ञानवर्धक बनाने के उद्देश्य से यह प्रशिक्षण कार्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।
उद्घाटन सत्र में विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और नेता प्रतिपक्ष आतिशी शामिल होंगी। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान, दीप प्रज्वलन और स्वागत भाषण से होगी। विधानसभा अध्यक्ष स्वागत भाषण देंगे' इसके बाद मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष सभा को संबोधित करेंगे और विधायी दक्षता के महत्व को रेखांकित करेंगे। दो दिवसीय कार्यक्रम विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा संचालित व्याख्यानों, पैनल चर्चाओं और संवादात्मक सत्रों से भरपूर होगा, जिसमें सुशासन, नीति निर्माण और विधायी ढांचे पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इन सत्रों का आयोजन मुख्यमंत्री कार्यालय के निकट स्थित सम्मेलन कक्ष में किया जाएगा।

## राष्ट्रपति ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के पिता के निधन पर दुख जताया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के पिता और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. देबेंद्र प्रधान के निधन पर दुख जताया। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में मंत्री रहे देबेंद्र प्रधान का आज दिल्ली में निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे। राष्ट्रपति मुर्मु ने एक्स पर अपने शोक संदेश में लिखा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ राजनेता देबेंद्र प्रधान के निधन से दुखी हूं। मैं उन्हें कई वर्षों से जानती थी, इसलिए मुझे जनसेवा के प्रति उनके समर्पण और लोगों की सेवा में उनके लंबे कार्यकाल के दौरान ओडिशा और राष्ट्र के विकास में उनके योगदान को देखने का अवसर मिला।

## एनआईए ने रशीद की जमानत याचिका का विरोध किया

**विरोध**

**सांसद होने की वजह से उन्हें जेल से बाहर आने की अनुमति नहीं दी जा सकती है : एनआईए**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** एनआईए ने टेरर फंडिंग मामले में तिहाड़ जेल में बंद सांसद इंजीनियर रशीद की संसद सत्र में हिस्सा लेने के लिए दायर अंतरिम जमानत याचिका का विरोध किया है। एनआईए ने दिल्ली हाई कोर्ट में अपने जवाबी हलफनामे में कहा है कि सांसद होने की वजह से उन्हें जेल से बाहर आने की अनुमति नहीं दी जा सकती है।
दिल्ली हाई कोर्ट ने 12 मार्च को इंजीनियर रशीद की याचिका पर एनआईए को नोटिस जारी किया था। इंजीनियर रशीद की ओ? से पेश वरिष्ठ वकील एन हरिहरन ने कहा था कि इंजीनियर रशीद ने इसके पहले भी संसद सत्र में हिस्सा लेने की अनुमति मांगी थी, लेकिन कोर्ट ने केवल दो दिन संसद के सत्र में हिस्सा लेने की अनुमति दी थी। हरिहरन ने कहा था कि संसद का सत्र 4 अप्रैल तक चलेगा। उन्होंने कहा कि इंजीनियर रशीद बारामूला से सांसद हैं और बारामूला की आबादी जम्मू-कश्मीर की कुल आबादी का 45 फीसदी है।

## जल बोर्ड तोड़फोड़ मामले में राघव चड्ढा को चार्जशीट की प्रति देने का आदेश

**निर्देश**

**मजिस्ट्रेट पारस दलाल ने मामले की अगली सुनवाई 7 अप्रैल को करने का आदेश दिया**





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को निर्देश दिया है कि 2020 में कोरोना प्रतिबंधों का उल्लंघन करने और जल बोर्ड के दफ्तर पर तोड़फोड़ के मामले में शिकायतकर्ता और आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा को चार्जशीट की प्रति उपलब्ध कराई जाए। एडिशनल चीफ जुडिशियल मजिस्ट्रेट पारस दलाल ने मामले की अगली सुनवाई 7 अप्रैल को करने का आदेश दिया। राघव चड्ढा ने कोर्ट में याचिका दायर कर इस मामले की मानिटरिंग करने की मांग की है। राघव चड्ढा ने दिल्ली पुलिस से 2020 में इस मामले की शिकायत की थी। राघव चड्ढा की शिकायत पर देशबंधु गुप्ता थाने में दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी। इस मामले में भाजपा सांसद योगेंद्र चंदोलिया, भाजपा नेता आदेश गुप्ता, रवि तंवर और विकास तंवर को आरोपित बनाया गया है।
दिल्ली पुलिस ने इस मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 188, 269, 147, 148, 149, 427 और प्रिवेंश ऑफ डैमेज टू पब्लिक प्रोपर्टी एक्ट और पंडेमिक एक्ट की धारा 3 के तहत चार्जशीट दाखिल की थी। तीस हजारी कोर्ट ने 29 अप्रैल को चार्जशीट पर संज्ञान लिया था।

## तड़पा-तड़पाकर खूब पीटा, फिर ट्रैक पर फेंक ट्रेन से कटते देखा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** मां-बहन को लेकर अश्लील बात करने से परेशान नाबालिग समेत पांच लड़कों ने एक युवक को पहले शराब पिलाई। जब उसे नशा चढ़ गया तो उसकी लकड़ी के फट्टों से पिटाई की। वहीं, युवक जान बचाने को लेकर पार्क की दीवार कूदकर भागने लगा तो भागते-भागते उसकी कमर पर चाकू से वार किया। खून में लथपथ होकर जब युवक गिर गया और तड़पने लगा, तब भी आरोपियों का मन नहीं भरा और उसे रेलवे फाटक पर फेंक दिया और अपनी आंखों के सामने ट्रेन से कटता देखा। इस मामले में दिल्ली कैंट रेलवे थाना पुलिस ने शुक्रवार को प्राथमिकी दर्ज कर कुछ आरोपियों को हिरासत में लिया है।

## चोरी के मामले में चार आरोपितों को किया गिरफ्तार



**काबू**

**एक सोने की चेन, एक सोने की अंगूठी, एक चांदी की अंगूठी, चार चांदी की चूड़ियां और एक महिला घड़ी बरामद की**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दक्षिण जिले के ग्रेटर कैलाश थाना पुलिस ने 60 लाख रुपये के आभूषणों की चोरी के मामले में रिसीवर समेत चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक महिला भी शामिल है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान प्रधान, भंवर सिंह उर्फ भूरा सिंह, रिसीवर रामावतार सोनी और एक महिला के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से चोरी हुए आभूषण सोने और हीरे के हार, एक जोड़ी सोने की बाली, एक सोने की चेन, एक सोने की अंगूठी, एक चांदी की अंगूठी, चार चांदी की चूड़ियां और एक महिला घड़ी बरामद की है। दक्षिण जिले के डीसीपी अंकित चौहान ने सोमवार को बताया कि 21 फरवरी को ग्रेटर कैलाशथाना पुलिस को चोरी की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को शिकायतकर्ता ने बताया कि वह अपने परिवार के सदस्यों के साथ सूरजकुंड गए थे। दोपहर 3:15 बजे वापस आए तो उन्होंने पाया कि उनके फ्लैट का मुख्य दरवाजा टूटा हुआ था। घर की जांच करने पर पता चला कि 6 लाख रुपये और 50 लाख रुपये के आभूषण चोरी है। पुलिस ने शिकायतकर्ता के बयान पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की। डीसीपी के अनुसार पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला तो पता चला कि दोपहर के समय चार लोग आए और घर केदरवाजे का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। करीब 20 मिनट बाद सभी आरोपित बाहर जाते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने फुटेज की मदद से आरोपितों की पहचानकी। इस बीच पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपित प्रधान, भंवर सिंह, महिला और रामावतार को दबोचा। उन्होंने अपना अपराध कबूल किया। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर चोरी किए गए सोने और हीरे का हार, एक जोड़ी सोने की बाली, एक सोने की चेन, एक सोने की अंगूठी, एक चांदी की अंगूठी, चार चांदी की चूड़ियां और एक महिला घड़ी बरामद की। पूछताछ के दौरान आरोपित प्रधान ने खुलासा किया कि घटना वाले दिन वह अपने साथी रणजीत, बाबूलाल और प्रकाश के साथ कैलाश कॉलोनी नई दिल्ली आया और घर की रेकी की।

## पुलिस ने मुठभेड़ के बाद बदमाश को दबोचा



**वाहनों की जांच**

**एमबी रोड के पास पुलिस टीम पर गोली चलाई। बुलेट प्रूफ जैकेट पहनने की वजह से सिपाही आशीष की जान बच गई**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्व जिले के एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वॉयड (एएटीएस) स्टाफ ने मुठभेड़ के दौरान शिब्बू और नीरज बवाना गिरोह के शातिर बदमाश शुभम को गिरफ्तार किया है। आरोपित ने एमबी रोड के पास पुलिस टीम पर गोली चलाई। बुलेट प्रूफ जैकेट पहनने की वजह से सिपाही आशीष की जान बच गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया है।
दक्षिण-पूर्व जिले के डीसीपी रवि कुमार सिंह ने सोमवार को बताया कि आरोपित की पहचान जंगपुरा निवासी शुभम के रूप में हुई है। पुलिस ने उससे चोरी की बाइक सहित एक पिस्तौल और दो कारतूस बरामद किये हैं। एएटीएस को 16 मार्च को सूचना मिली थी कि शिब्बू और नीरज बवाना गिरोह का बदमाश शुभम अपने साथियों से मिलने महरौली जाएगा। सूचना को पुख्ता कर एक टीम का गठन किया गया। पुलिस ने पुल प्रह्लादपुर के एमबी रोड पर वाहनों की जांच शुरू की। रविवार रात करीब साढ़े 10 बजे एक संदिग्ध बाइक पर बदरपुर की तरफ से जा रहा था। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया तो उसने तेज गति से यू टर्न लेकर मौके से फरार होने की कोशिश की। पुलिस ने उसे सरेंडर करने के लिए कहा तो उसने गोली चला दी। एक गोली कांस्टेबल आशीष को लगी। गनीमत रही कि आशीष ने बुलेट प्रुफ जैकेट पहन रखी थी। इस वजह से उनकी जान बच गई। आरोपित द्वारा दूसरी गोली चलाते ही पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए दो राउंड गोली चलाई।

## करोड़ों में चालान; फिर वसूली लाखों में क्यों?

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। राजधानी में ट्रैफिक** नियम तोड़ने पर यातायात पुलिस वाहनों का चालान करती है, लेकिन लोग चालान भरने के बजाय जुगाड़ की तलाश में जुट जाते हैं। यही वजह है कि चालान का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है और इसे भरने वालों की संख्या घटती जा रही है। पिछले एक साल में 1,597 करोड़ रुपये से अधिक के चालान हैंड हेल्ड डिवाइस (मौके पर) पर काटे गए, लेकिन वसूली मात्र 69 लाख 71 हजार की हो सकी। इसका मुख्य कारण लोक अदालतें हैं, जहां लोग अपने चालान का सेटलमेंट करा लेते हैं।

## दिल्ली-एनसीआर में अवैध रूप से रह रहे सात बांग्लादेशी धरे गए



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली जिले की स्पेशल स्टाफ व एंटी नारकोटिक्स स्क्वॉड की संयुक्त टीम ने दिल्ली-एनसीआर में रह रहे सात अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान दिलावर खान, ब्यूटी बेगम, रफीकुल, तौहीद, मोहम्मद अजहर, जाकिर मलिक और एक नाबालिग के रूप में हुई है। पुलिस ने इन सभी को लक्ष्मी नगर, लाजपत नगर, कृष्णा नगर, सीमापुरी (दिल्ली) और गाजियाबाद (उप्र) के शालीमार गार्डन में छापेमारी करके पकड़ा है। पुलिस ने फिलहाल विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) दिल्ली की मदद से सभी को डिपोर्ट करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पूछताछ में दिलावर खान ने पहले झूठा दावा किया कि वह पश्चिम बंगाल का निवासी है। हालांकि, लगातार पूछताछ और सत्यापन के बाद उसकी असली पहचान गांव मोरेलगंज बांग्लादेश के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपित की

## मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड का वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ जंतर-मंतर पर धरना





**विरोध**

**धरने में विपक्षी दलों के नेताओं और सांसदों ने भाग लेकर समर्थन देने का भरोसा दिलाया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी ने सोमवार को जंतर-मंतर पर कहा कि केन्द्र की मौजूदा सरकार संसद में गैर कानूनी वक्फ संशोधन विधेयक को संख्या बल के सहारे पास कराने के लिए अड़ी हुई है। हमारी यह लड़ाई बहुसंख्यक हिंदुओं से नहीं, बल्कि सरकार से है जो हठधर्मी करके इस विधेयक को जबर्दस्ती थोपना चाहतीं है। संसद में पेश वक्फ संशोधन विधेयक 2024 के विरोध में आयोजित धरने को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह वक्फ की लड़ाई नहीं, बल्कि संविधान को बचाने की लड़ाई है। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के इस धरने में सभी विपक्षी दलों के नेताओं, सांसदों ने भाग लेकर अपने समर्थन का भरोसा दिलाया है। धरने को एआईएमआईएम नेता व सांसद असदुद्दीन ओवैसी, सांसद पप्पू यादव, मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी, इमरान मसूद, जावेद खान, अवधेश यादव, नासिर हुसैन, डॉ फौज़िया, केटी बशीर, सपा सांसद ज़ियाउर रहमान बर्क, सीपीआईएम सांसद राजा राम सिंह, मौलाना महमूद मदनी अध्यक्ष जमीअत उलमा ए हिंद, सय्यद सआदतउल्लाह हुसैनी अध्यक्ष जमाआत ए इस्लामी हिंद, मौलाना असगर अली इमाम सल्फी मेहदी अध्यक्ष ऑल इंडिया जमीअत अहले हदीस, सिख नेता प्रोफेसर जगमोहन सिंह, दलित नेता बेलाराम, पूर्व विदेश मंत्री व कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद आदि ने संबोधित किया। इस मौके पर असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि उन्होंने संसद और जेपीसी में वक्फ की लड़ाई लड़ी है और आगे भी लड़ते रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह विधेयक गैर कानूनी है और इसे किसी भी सूरत में पास नहीं होना चाहिए। उन्होंने इस विधेयक का विरोध करने वाले सभी विपक्षी दलों के सांसदों का धन्यवाद करते हुए कहा कि हम सभी को साथ लेकर इस विधेयक का संसद में विरोध करेंगे। जमीअत उलमा ए हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने भी इस विधेयक का विरोध करते हुए कहा है कि खुशी की बात यह है कि इस बिल का विरोध करने के लिए बड़ी तादाद में दूसरे अल्पसंख्यक समुदाय के लोग भी हमारे साथ आ रहे हैं और वह हमें भरोसा दिला रहे हैं की आखिरी दम तक मिलकर विरोध करेंगे। जमाअत ए इस्लामी हिंद के अध्यक्ष सआदतउल्लाह हुसैनी ने भी वक्फ संशोधन विधेयक पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह विधेयक हमें किसी भी सूरत में कबूल नहीं है। सरकार को इसे वापस लेना चाहिए। जब तक यह विधेयक वापस नहीं लिया जाता तब तक इसका इसी तरह से विरोध जारी रहेगा। कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने कहा कि वह और उनकी पार्टी इस विधेयक के विरोध में है और पार्टी संसद में इसका विरोध करती रहेगी। समाजवादी पार्टी के सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी ने भी विश्वास दिलाया कि उनकी पार्टी पहले दिन से इस विधेयक के विरोध में है और जब तक इसको रद्द नहीं किया जाता तब तक वह इसका विरोध करती रहेगी। उड़ीसा के बीजू जनता दल के सांसद मोहिबुल्लाह खान,राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी सांसद डॉ. फौजिया ने भी इस विधेयक का विरोध करते हुए मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की मांगों का समर्थन किया।

## देश की सबसे बड़ी जेल में जगह की किल्लत होगी खत्म

**परियोजना**

**डीआइजी की अध्यक्षता में परियोजना के लिए बनाई गई कमेटी सात चरणों में पांच वर्ष में पूरी होगी तिहाड़ जेल**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** डीआइजी की अध्यक्षता में परियोजना के लिए बनाई गई कमेटी सात चरणों में पांच वर्ष में पूरी होगी तिहाड़ जेल परियोजना क्षमता से दो गुना अधिक कैदियों वाली देश की सबसे बड़ी जेल तिहाड़ में इस समस्या का समाधान ढूंढ लिया गया है। समाधान के लिए अब तिहाड़ में केवल भूतल वाले वार्ड नहीं रहेंगे, इनकी जगह अब यहां बहुमंजिला इमारत खड़ी की जाएंगी। इस परियोजना के लिए जेल के डीआइजी राजीव कुमार सिंह की अध्यक्षता में कमेटी बनाई गई है। यह कमेटी अपनी रिपोर्ट सरकार को देगी, जिसके बाद इस योजना पर जमीनी कार्य शुरू कर दिया जाएगा। जेल प्रशासन का कहना है कि बहुमंजिला तिहाड़ जेलों में कैदियों की अत्यधिक संख्या से जुड़ी समस्या का पूरी तरह समाधान कर देगा। कमेटी ने अभी तक जो विचार किया है, उसके अनुसार तिहाड़ की सभी जेलों का पुनर्निर्माण सात चरणों में पूरा किया जाएगा।

# हरियाणा का बजट दो लाख करोड़ के पार

**पेश किया बजट**

- एक ट्रिलियन अमेरिकन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य के लिए मिशन हरियाणा 2047 की शुरूआत,
- 2 लाख 5 करोड़ रुपये से अधिक का बजट किया पेश, पिछले वर्ष के 1,80,313.57 करोड़ रुपये के मुकाबले 13.7 प्रतिशत अधिक, बजट में कोई नया कर नहीं लगाया





**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा में सालाना बजट 2 लाख करोड़ को पार कर गया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को विधानसभा में दो लाख पांच हजार सत्तरह करोड़ का वर्ष 2025-26 का बजट पेश किया। पिछले बजट से 13.7 फीसदी यानी 16 हजार करोड़ की बढ़ोतरी की गई है। पिछले साल पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 1.89 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश किया था। इस बजट में चुनावी वायदों के अनुसार महिलाओं को 2100 रूपए प्रति माह देने के लिए पांच हजार करोड़ रूपए का प्रारंभिक प्रावधान किया गया। मुख्यमंत्री ने लाडो लक्ष्मी योजना पर कहा कि महिलाओं के लिए धन की कोई कमी नहीं है। अभी योजना के लिए प्रारंभिक प्रावधान किया गया है।अब योजना के नियम बनाए जाएंगे।बजट में प्रदेश के आर्थिक विकास और युवाओ के रोजगार के लिए कई पहल की गई है। मिशन हरियाणा 2047 की पहल से हरियाणा की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के स्तर तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया गया है।हरियाणा को भविष्य सक्षम बनाने के लिए डिपार्टमेंट ऑफ फ्यूचर नाम से नए विभाग के गठन का प्रस्ताव किया गया। हरियाणा ए आई मिशन की स्थापना की पहल करते हुए गुरुग्राम और पंचकूला में एक एक ए आई हब की स्थापना की पहल की गई है। युवा पीढी को नशे से बचाने के लिए संकल्प प्राधिकरण के गठन की पहल की गई है। युवाओं को रोजगार दिलाने में मदद के लिए हरियाणा ओवरसीज सेल और हरियाणा कौशल रोजगार निगम मिलकर अंतरराष्ट्रीय रोजगार दिलाने में मदद करेंगे।स्टार्ट अप्स में निवेश बढ़ाने के लिए निजी निवेशकों को दो हजार करोड़ के फंड ऑफ फंड्स को बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बजट प्रस्ताव पढ़ने के दौरान युवाओं को नशे से बचाने को लेकर मैथिलीशरण गुप्त की कविता 'हम क्या थे, क्या हो गए, हम क्या थे क्या हो गए और क्या होंगे अभी, आओ विचारो मिलकर ये समस्याएं सभी।" भी पढ़ी।करीब तीन घंटे में मुख्यमंत्री ने अपना बजट भाषण पूरा किया।बजट मे हरित परिवहन,खेल और खिलाड़ी,छात्राओं को छात्रवृत्ति,फसल विविधता को बढ़ावा देने के लिए अनुदान राशि प्रति एकड़ सात हजार से बढ़ाकर आठ हजार करने की महत्वपूर्ण पहल भी की गई हैं सरकार 500 नॉन एसी, 150 एच वी ए सी और 375 इलेक्ट्रिक बसें खरीदेगी। गुरुग्राम में बनाए जाने वाली मिलेनियम सिटी सेंटर से साइबर सिटी तक 28.5 किलोमीटर लंबी मेट्रो लाइन का निर्माण किया जाएगा।??????? रोहतक और गुरुग्राम में बनाई गई मल्टीलेवल पार्किंग की तर्ज पर सभी प्रमुख शहरों में मल्टीलेवल पार्किंग बनेगी।??????? आगामी1 अप्रैल 2025 से खिलाड़ियों की डाइट मनी 400 रुपए से बढ़ाकर 500 रुपए प्रति दिन की जाएगी। ओलिंपिक विजेता अपने जिले में खेल एकेडमी खोलना चाहे तो सरकार 5 करोड़ तक का लोन दिलाएगी और 2 फीसदी सब्सिडी देगी।सरकार हर साल 3 सर्वश्रेष्ठ अखाड़ों को 50 लाख, 30 लाख और 20 लाख का इनाम देगी। खिलाड़ी बीमा योजना के तहत नेशनल और इंटरनेशनल खिलाड़ियों का 20 लाख रूपए तक का बीमा किया जाएगा। इसका प्रीमियम सरकार भरेगी। विज्ञान और इंजीनियरिंग में ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुशन की पढ़ाई करने वाली छात्राओं को 1 लाख रूपए वार्षिक छात्रवृतियां दी जाएंगी।
हरियाणा के ओलिंपिक पदक विजेताओं को अपने कारोबार के लिए 10 लाख रूपए तक की सहायता दी जाएगी। अगर वे बिजनेस न करना चाहें तो उन्हें कौशल प्रशिक्षक के तौर पर रोजगार दिया जाएगा। हर 10 किलोमीटर के दायरे में नया मॉडल संस्कृति स्कूल खोला जाएगा। सहकारिता क्षेत्र को आवंटित राशि 58.80फीसदी बढ़ाकर 1254 करोड़ रुपए की गई। मत्सय पालन विभाग की आवंटित राशि को 144.40फीसदी बढ़ाकर 218.76 करोड़ रुपए किया गया। पशुपालन विभाग की राशि को 5.9फीसदी बढ़ाकर 2083.43 करोड़ किया गया है।बागवानी विभाग को आवंटित राशि 95.50फीसदी बढ़ाकर 1068.79 करोड़ किया गया है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग को आवंटित राशि को 19.2 फीसदी बढ़ाकर 4 हजार 229.29 करोड़ किया गया है। हिसार में अमरूद प्रसंस्करण और प्रोसेसिंग प्लांट शुरू किया जाएगा। किन्नू के लिए जूस प्रसंस्करण केंद्र बनेगा।प्रदेश में 750 हरित स्टोर और 350 नए वीटा बूथ खोले जाएंगे। हर ब्लॉक में एक दूध संग्रह केंद्र और जिले में शीतलन केंद्र विकसित किया जाएगा।
बागवानी नीति के तहत हरियाणा सरकार महिला बागवानों के एक लाख रुपए के कर्ज पर कोई ब्याज नहीं लेगी। बजट में इस नीति के तहत इसका प्रावधान किया जाएगा।
इसी वर्ष शुरू किए मिशन हरियाणा 2047 के जरिए हरियाणा में 50 लाख युवाओं को रोजगार देने का काम सरकार करेगी। इस मिशन के लिए सरकार ने 5 करोड़ रुपए का प्रस्ताव किया है। हरियाणा ए आई मिशन के लिए वर्ल्ड बैंक ने 474 करोड़ रुपए से अधिक की मदद का आश्वासन दिया है।
इससे गुरुग्राम और पंचकुला में एक- एक हब बनाया जाएगा। 50 हजार युवाओं को मॉडर्न तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा।ड ंकी रूट के जरिए युवाओं की जिंदगी से हो रहे खिलवाड़ को लेकर हरियाणा सरकार कठोर कानून लेकर आ रही है।

## राज्य की जीडीपी औसतन 10.8 प्रतिशत व प्रति व्यक्ति आय औसतन 9.1 प्रतिशत की दर से बढ़ी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बतौर वित्त मंत्री आज वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 2,05,017.29 करोड़ रुपये का बजट पेश किया, जो गत वर्ष के 1,80,313.57 करोड़ रुपए से 13.7 प्रतिशत अधिक है। इस वर्ष के बजट में भी नागरिकों को राहत प्रदान करते हुए कोई नया कर नहीं लगाया गया है। यह बजट हरियाणा के हर वर्ग के लोगों की प्राथमिकताओं और आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। बजट पेश करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014-15 में हरियाणा का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 4,37,145 करोड़ रुपये था, जबकि वर्ष 2024-25 में हरियाणा की अनुमानित जीडीपी 12,13,951 करोड़ रुपये है। इसी प्रकार, वर्ष 2014-15 में हरियाणा की प्रति व्यक्ति आय 1,47,382 रुपये थी, जबकि वर्ष 2024-25 में अनुमानित प्रति व्यक्ति आय 3,53,182 रुपये है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में राज्य की जीडीपी औसतन 10.8 प्रतिशत और प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय औसतन 9.1 प्रतिशत की दर से बढ़ी है।

## राजस्व घाटे में पिछले 10 वर्षों में आई कमी

**नायब** सिंह सैनी ने कहा कि वर्ष 2014-15 में हरियाणा के बजट में राजस्व घाटा तत्कालीन जीडीपी का 1.90 प्रतिशत था। वर्ष 2024-25 में राजस्व घाटा जीडीपी का 1.47 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इसी प्रकार यदि राजस्व घाटे को कुल बजट के प्रतिशत के रूप में देखें तो यह 2014-15 के 13.4 प्रतिशत से कम होकर 2024-25 में 9.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। राजस्व घाटे में पिछले 10 वर्षों में काफी कमी आई है।

**वर्ष 2025-26 बजट अनुमान में राजकोषीय घाटा जीडीपी के 2.67 प्रतिशत तक रखने का लक्ष्य**

वित्त मंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वर्ष 2014-15 में हरियाणा के बजट में राजकोषीय घाटा तत्कालीन जीडीपी का 2.88 प्रतिशत था। वर्ष 2024-25 में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 2.68 प्रतिशत रहने का अनुमान है। राजकोषीय उत्तरदायित्व तथा बजट प्रबन्धन अधिनियम (एफआरबीएम) एक्ट के अनुसार किसी भी वर्ष किसी भी राज्य सरकार का राजकोषीय घाटा उस राज्य की उस वर्ष की जीडीपी के 3 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए। अतः इसमें 2014-15 के 2.88 प्रतिशत के मुकाबले अब 2.68 प्रतिशत तक की गिरावट हमारे कुशल वित्तीय प्रबंधन का परिचायक है।
वर्ष 2025-26 के बजट अनुमान में इसे और कम करते हुए जीडीपी के 2.67 प्रतिशत तक सीमित रखने का लक्ष्य है।उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में पूंजीगत परिसंपत्तियों के सृजन पर बहुत बल दिया है। उन्होंने तुलनात्मक आंकड़े प्रस्तुत करते हुए बताया कि वर्ष 2014-15 में प्रभावी राजस्व घाटा जीडीपी का 1.89 प्रतिशत था, जो वर्ष 2024-25 में कम होकर केवल 1.01 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

## बकाया ऋण निर्धारित सीमा के अंदरः मुख्यमंत्री नायब सिंह

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि किसी भी वर्ष किसी भी राज्य का बकाया ऋण उस राज्य की जीडीपी के प्रतिशत की एक निर्धारित सीमा से अधिक नहीं होना चाहिए। वर्ष 2014-15 में हरियाणा सरकार के बकाया ऋण की जीडीपी की प्रतिशतता उस समय के वित्त आयोग द्वारा निर्धारित सीमा से 6.67 प्रतिशत बिंदु कम थी। वर्ष 2024-25 में भी सरकार के बकाया ऋण की जीडीपी की प्रतिशतता वित्त आयोग द्वारा निर्धारित सीमा से 6.67 प्रतिशत बिंदु ही कम रहेगी। स्पष्टतः आज के बकाया ऋण की प्रतिशतता निर्धारित सीमा से उतने ही प्रतिशत कम है जितनी यह वर्ष 2014-15 में था।

**पिछले 10 वर्षों में सरकारी उपक्रमों द्वारा लिए गए ऋण में नहीं हुई बढ़ोत्तरी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के उपक्रमों द्वारा लिए गए ऋण, जिन्हें सरकार के ऋण के आंकड़ों में शामिल नहीं किया जाता, में इन 10 वर्षों में एक भी रुपये की बढ़ोत्तरी नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार के कुल 43 उपक्रम हैं। इनमें से 24 उपक्रम कम्पनी एक्ट में व 19 उपक्रम कॉपरेटिव सोसाईटीज एक्ट में पंजीकृत हैं। इन 43 उपक्रमों का वर्ष 2014-15 में कुल बकाया ऋण 69,922 करोड़ रुपये था जो वर्ष 2023-24 में घटकर 68,295 करोड़ रुपये रह गया है। गौरतलब है कि वर्ष 2008-09 में इन सरकारी उपक्रमों का बकाया ऋण 30,233 करोड़ रुपये था।

## सरकारी उपक्रमों का बकाया ऋण 1627 करोड़ रुपये कम हुआ

**नायब** सिंह सैनी ने बताया कि जहाँ एक ओर 2008-09 से लेकर 2014-15 के बीच 6 वर्षों में सरकारी उपक्रमों का बकाया ऋण 30,233 करोड़ रुपये से बढ़कर 69,922 करोड़ रुपये हो गया था, वहीं 2014-15 से लेकर 2023-24 के बीच की 9 वर्षों की अवधि में सरकारी उपक्रमों का बकाया ऋण बढ़ने की बजाए 1627 करोड़ रुपये कम हुआ है। हमारी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में सरकारी उपक्रमों के ऋणों पर जबरदस्त नकेल कसी है। उन्होंने कहा कि उदय स्कीम के अंतर्गत बिजली निगमों के 25,950 करोड़ रुपये के ऋण वर्ष 2015-16 व 2016-17 में हरियाणा सरकार द्वारा अपने खाते में ले लिए गए। एचएसआईआईडीसी और एचएसवीपी की कार्य प्रणाली में आमूल-चूल परिवर्तन किए गए। वर्ष 2023-24 के वास्तविक अनुमानों के हिसाब से 43 उपक्रमों में से 28 उपक्रम लाभ में हैं, जिन्होंने 1746 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है। वर्ष 2014-15 में केवल 20 ही उपक्रम लाभ में थे, जिनका लाभ मात्र 450 करोड़ रुपये था। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रत्येक हरियाणवी परिवार को खुशहाल बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगी।

## हर हरियाणवी की आकांक्षाओं को पूरा करेगा नायब का नायाब बजट : धनखड़

**सराहा**

- संकल्प पत्र के आधे से ज्यादा वादे पहले ही साल में होंगे पूरेः औम प्रकाश धनखड़



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़। प्रदेश** के मुख्यमंत्री और वित्तमंत्री का दायित्व संभाल रहे नायब सिंह सैनी अपने पहले बजट में हर हरियाणवी की आकांक्षाओं पर खरे उतरे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव एवं विधान सभा चुनाव में पार्टी संकल्प पत्र प्रमुख रहे औम प्रकाश धनखड़ ने बजट की प्रशंसा करते हुए कहा कि संकल्प पत्र में किए गए वादों को बजटीय प्रावधान के साथ पूरा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अपने बजटीय भाषण की शुरूआत में ही कहा कि हमने कुल 217 वादे किए थे । इनमें में से 19 वादे पूरे कर दिए हैं, 14 पर कार्य चल रहा है और 90 वादों के लिए इस बजट में प्रावधान कर दिया। महिलाओं को 2100 रुपए प्रति माह देने के लिए पांच हजार करोड़ का प्रावधान बजट किया है। धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस चुनाव के समय बिना बजट का हिसाब किताब लगाए खटाखट वाली घोषणा करती है। भाजपा की यही विशेषता है कि हम जो कहते हैं, वह पूरा करते हैं। पीएम मोदी जी के कुशल और सशक्त नेतृत्व की यही पहचान है जो बोला वो पूरा किया। धनखड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री ने बजट में नवाचार, तकनीक, रोजगार और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के माध्यम से भविष्य की जरूरतों को आधार मानकर बजटीय प्रावधान किए हैं । खेती- किसानी, खेल- खिलाड़ी, पशुपालन, बागवानी, शिक्षा, मेडिकल और तकनीकी उच्च शिक्षा आदि पर फोकस किया गया है। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव धनखड़ ने कहा कि प्राकृतिक और बागवानी की खेती को और ज्यादा प्रोत्साहित करना सराहनीय है। यह बजट सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की नीति को प्रतिबिंब करता है। यह बजट हरियाणा को प्रगति के आयाम पर लेकर जाएगा। वर्ष 2047 विकसित भारत के सपने को साकार करने में हरियाणा अहम भागीदारी करेगा।

## हितधारकों के सुझावों को शामिल कर बनाया गया संतुलित बजट- मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बतौर वित्त मंत्री वर्ष 2025-26 का राज्य बजट प्रस्तुत करते हुए कहा कि सरकार द्वारा चुनावों से पहले जनता से किए गए वादों के अनुरूप संकल्प पत्र के संकल्पों को निरंतर पूरा किया जा रहा है। 217 संकल्पों में से अब तक 19 वायदों को पूरा किया जा चुका है और 14 वायदों पर कार्य प्रगति पर है। राज्य बजट 2025-26 के प्रावधानों को सदन की स्वीकृति मिलने से लगभग 90 और संकल्पों को आगामी वित्त वर्ष में पूरा किया जा सकेगा।



मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र पर चलते हुए पूर्व मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री मनोहर लाल द्वारा वर्ष 2020 से हरियाणा में बजट पूर्व परामर्श की एक अनोखी प्रक्रिया शुरू की गई थी। इसी कड़ी में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े हितधारकों से सुझाव आमंत्रित करने के लिए हरियाणा की अर्थव्यवस्था के विभिन्न हितधारकों के साथ कुल 11 बैठकें की गई, जिनमें 1592 सुझाव प्राप्त हुए। उन्होंने कहा कि इस परिपाटी को एक कदम आगे बढ़ाते हुए 10 दिसम्बर, 2024 से एक ऑनलाईन पोर्टल भी शुरू किया गया था। इसके माध्यम से हरियाणा के कोने-कोने से घर बैठे लोगों ने बजट के लिए 8963 सुझाव भेजे। कुछ सुझाव ई-मेल और पत्रों के माध्यम से भी मिले। इसके अलावा कुछ आमजन ने अपने लिखित सुझाव भी प्रस्तुत किए। कुल मिलाकर लगभग 11,000 सुझावों पर चिंतन-मनन किया गया और अच्छे सुझावों को बजट में समायोजित किया गया। सभी हितधारकों के सुझावों को शामिल करके हर वर्ग के कल्याण के लिए संतुलित बजट बनाया गया है।

**संकल्पबद्ध**

- जनता से किए गए वादों के अनुरूप संकल्प पत्र के संकल्पों को निरंतर पूरा किया जा रहा है

## रेवाड़ी में बनेगा सौ बेड का अस्पताल और सैनिक संग्रहालय

**टीम एक्शन इंडिया**
**रेवाड़ी।** हरियाणा सरकार द्वारा सोमवार को पेश किए गए बजट में रेवाड़ी के लिए काफी घोषणाएं हुई। रेवाड़ी के लिए ऐसी अनेक घोषणाएं हुई हैं जो आम आदमी को सीधे तौर पर प्रभावित करती हैं। बावल में सौ बेड वाले ईएसआई अस्पताल का निर्माण होगा वहीं रेवाड़ी में एक सैनिक संग्रहालय बनाया जाएगा। बजट में दी गई स्वीकृति के अनुसार बावल में सौ बिस्तरों वाला ईएसआई अस्पताल बनाया जाएगा। अस्पताल में 50 बिस्तर का क्रिटिकल केयर ब्लॉक के साथ-साथ अस्पताल को एडवांस लाईफ स्पोर्ट एंबूलेंस भी मिलेगी। बजट में किसानों के लिए मनेठी में मार्केट कमेटी का यार्ड बनाने की स्वीकृति दी गई है। बजट में श्रमिकों के लिए की गई घोषणाओं के तहत बावल में श्रमिकों को लिए पांच सौ कमरे व 50 डोरमैट्री कक्ष बनेंगे। वहीं खेल व खिलाड़ियों की बात करें तो आईजीयू मीरपुर में नए खेल उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना होगी। बजट को लेकर नवनिर्वाचित भाजपा जिला अध्यक्ष वंदना पोपली ने कहा कि बजट पूरे प्रदेश की जनता के लिए उपयोगी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने क्षेत्रवाद को बढ़ावा ना देकर सभी के लिए बजट में प्रावधान किया है। इससे प्रदेश में आयुष चिकित्सा को बढ़ावा मिलेगा।

## बजट से किसानों की आर्थिक स्थिति होगी सुदृढ़ः प्रो. कम्बोज

**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने सोमवार को राज्य सरकार द्वारा पारित किए गए बजट को किसान हितैषी बजट बताया है। उन्होंने कहा कि बजट में प्रदेश के सभी जिलों में बीज परीक्षण लैब स्थापित करने की घोषणा की गई है। किसानों को नकली बीज व कीटनाशक के चुंगल से बचाने के लिए इसी सत्र में बिल लेकर आने का प्रस्ताव है। बीज परीक्षण लैब स्थापित होने से किसानों को अपने बीज की गुणवत्ता की जांच करवाने में मदद मिलेगी जिससे नकली बीज की समस्या से निजात मिलेगी। कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने सोमवार को कहा कि बजट में गन्ना उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए गन्ने की मशीन से कटाई कराए जाने के लिए हारवेस्टर मशीन पर सब्सिडी दिये जाने का प्रावधान किया गया है इससे गन्ने की कटाई में होने वाले लेबर के खर्चे में कमी आएगी। उन्होंने बताया कि अंबाला, यमुनानगर व हिसार में क्रमशः लीची, स्ट्रॉबेरी और खजूर के लिए तीन नए उत्कृष्ट केंद्र स्थापित करने का प्रावधान है जिससे किसानों की आय में बढोतरी होगी। महिला किसानों को डेयरी, कृषि बागवानी, पशुपालन एवं मत्स्य पालन के लिए ब्याज मुक्त एक लाख रुपए का ऋण देने का बजट में प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 के 25000 एकड़ भूमि में प्राकृतिक खेती के लक्ष्य के मुकाबले इस वर्ष एक लाख एकड़ भूमि का लक्ष्य रखा गया है। इससे लोगों को शुद्ध भोजन मिलेगा। मेरा पानी- मेरी विरासत योजना के तहत धान की खेती छोड़? वाले किसानों को मिल रही अनुदान राशि 7000 रुपए प्रति एकड़ से बढ़ाकर 8000 रुपए प्रति एकड़ मिलेगी। धान की सीधी बुवाई की अनुदान राशि 4000 रुपए प्रति एकड़ से बढ़ाकर 4500 रुपए प्रति एकड़ किया गया है। इसी प्रकार धान की पराली का प्रबंध करने वाले किसानों का अनुदान 1000 रुपए प्रति एकड़ से बढ़ाकर 1200 रुपए प्रति एकड़ किया गया है।
अमरूद के लिए अत्याधुनिक प्रसंस्करण व पैकेजिंग प्लांट स्थापित किया जाएगा जिससे इसके उत्पादन को बढावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि निर्यात को बढ़ावा देने के लिए हिसार एयरपोर्ट में एयर कार्गो के लिए एक गोदाम बनाया जाएगा जिससे कृषि क्षेत्र का निर्यात करने में मदद मिलेगी। बजट में किसानों की समृद्धि एवं खुशहाली के लिए की गई घोषणाओं का स्वागत करते हुए उन्होंने बताया कि बजट से प्रदेश के कृषि उत्पादन में बढ़ोतरी होने के साथ-साथ किसानों की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी।

## कर्मचारियों को यूनिफाइड पेंशन स्कीम का दिया जाएगा लाभ

### परियोजनाओं को मिलेगी गति, पीएम गति शक्ति की तर्ज पर बनेगा एक नया पोर्टलः मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भारत सरकार द्वारा 24 जनवरी 2025 को अधिसूचित की गई यूनिफाइड पेंशन स्कीम की तर्ज पर हरियाणा सरकार के कर्मचारियों को भी यूपीएस का लाभ दिया जाएगा। मुख्यमंत्री, जिनके पास वित्त मंत्रालय का प्रभार भी है, ने आज हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बजट प्रस्तुत करते हुए सदन में यह जानकारी दी।
उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के हित में लागू की जा रही इस योजना के तहत कम से कम 10 हजार रुपये प्रतिमाह पेआउट तथा 30 प्रतिशत फैमिली पेआउट के रूप में दिया जायेगा। ये दोनों लाभ 10 वर्ष की न्यूनतम सेवा के उपरांत दिये जायेगें। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेआउट का पूरा लाभ 25 वर्ष की सेवा के उपरान्त मिलेगा। इस स्कीम का लाभ आज हरियाणा सरकार में सेवारत लगभग 2 लाख कर्मचारियों को उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि कुछ शहरों में सरकारी आवास की कमी को देखते हुए आने वाले वर्षों में हर शहर में कर्मचारियों के लिए पर्याप्त संख्या में आवास उपलब्ध करवाने के लिए ठोस प्रयास किए जाएंगे।

**परियोजनाओं को मिलेगी गति, पीएम गति शक्ति की तर्ज पर बनेगा एक नया पोर्टल**

मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में सभी विभागों के रुके हुए और अधूरे कामों को युद्ध स्तर पर शुरू करके पूरा करवाया जाना सरकार की पहली प्राथमिकता रहेगी। इसके लिए पीएम गति शक्ति की तर्ज पर शीघ्र ही एक नया पोर्टल बनाया जायेगा। इसके माध्यम से इन कार्यों की प्रगति की लगातार समीक्षा सुनिश्चित होगी। नायब सिंह सैनी ने घोषणा करते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में हर शहर में एक 4-5 किलोमीटर लम्बी सड़क को तथा हर जिले में एक 10-15 किलोमीटर लम्बी सड़क को स्मार्ट मार्ग बनाया जाएगा। इसी तरह हर शहर में एक पुराने बाजार का स्मार्ट बाजार के रूप में और हर गांव में एक गली का स्मार्ट गली के रूप में कायाकल्प किया जायेगा।
मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में विधानसभा के कार्यकाल के दौरान हर विधायक को अपने-अपने क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए 5 करोड़ रुपये की राशि का विशेष प्रावधान किया गया है। यह राशि तीन किश्तों में दी जायेगी। इसके लिए हर विधायक को अपने विधानसभा क्षेत्र के लिए 5 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की एकमुश्त सूची अपनी प्राथमिकताओं के आधार पर देनी होगी। इस सूची में से पहली किश्त में 1.5 करोड़ रुपये की राशि विधायक द्वारा दी गई वरीयता अनुसार तुरंत जारी की जायेगी। इसी प्रकार, दूसरी किश्त 1.5 करोड़ रुपये की तथा अंतिम किश्त 2 करोड़ रुपये की जारी की जाएगी। अगली किश्त की राशि पिछली दी गई राशि के 70 प्रतिशत उपयोग के उपरांत जारी की जायेगी।

**प्रावधान**

- हर विधायक को अपने-अपने क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए 5 करोड़ रुपये की राशि का विशेष प्रावधान किया

## बधाना के लोगों को 40 साल बाद मिलेगा नहरी पानी

**टीम एक्शन इंडिया**
**जींद। बधाना गांव के लोगों को आखिर**कार 40 साल बाद पीने के पानी के नाम पर नहरी पानी मिलेगा। विभाग ने इसके लिए जलघर में नई मोटर लगाने के अलावा अन्य उपकरण स्थापित करने शुरू कर दिए हैं। गांव के लोगों कहना है कि नहरी पानी नही मिलने के कारण गांव के लोग भूमिगत खारा पानी पीने को मजबूर हो रहे थे। गांव बधाना निवासी रामकरण, विकास, संदीप, हवा सिंह तथा महिला कमलेश, रीना, सुदेश, बिमला आदि ने सोमवार को बताया कि सरकार द्वारा गांव में पीने के पानी की किल्लत को देखते हुए वर्ष 1985 में जलघर का निर्माण करवाया था।

# कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना और रोजगार के क्षेत्र में मिल का पत्थर साबित होगा नया : राजीव जैन

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत। हरियाणा विधानसभा** में प्रस्तुत बजट 2025-26 की सोनीपत के मेयर राजीव जैन ने प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास के लिए यह बजट अत्यंत लाभकारी एवं दूरदर्शी बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना और रोजगार के क्षेत्र में नए अवसर प्रदान करेगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को इस बजट के लिए बधाई दी। मेयर राजीव जैन ने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने, स्कूलों में बुनियादी सुविधाएं बेहतर करने और युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण देने की योजनाओं की भी तारीफ की। स्वास्थ्य क्षेत्र में बजट में किए गए निवेश को विधायक ने महत्वपूर्ण कदम बताया, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाएं बेहतर होंगी। उन्होंने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग की आवंटित राशि को 8.10 प्रतिशत से बढ़ाकर 17,848.70 करोड़ रुपए, उच्चतर शिक्षा विभाग की आवंटित राशि को 9.90 प्रतिशत से बढ़ाकर 3874.09 करोड़ रुपए, आईटीआई विभाग की आवंटित राशि को 16.68 प्रतिशत से बढ़ाकर 574.03 करोड़ रुपए का प्रस्ताव रखा गया है। 2013-14 के मुकाबले हमारा संस्थागत प्रसव 85.7 प्रतिशत से बढकर 97.9 प्रतिशत एवं पूर्ण टीकाकरण दर 85.7 प्रतिशत से बढकर 92 प्रतिशत हुई। बेटी बचाओ-बेटी



पढ़ाओ की भावना पर सत्त प्रयास से जन्म के समय लिंग अनुपात 868 से बढकर 910 हुआ। प्रदेश में 15 मैडिकल कॉलेज, 10 दन्त चिकिस्ता कॉलेज, 19 फिजियोथैरेपी कॉलेज, 111 नर्सिंग कॉलेजतथा 182 नर्सिंग स्कूल कार्यरत हैं। पिछले 10 वर्षों में एमबीबीएस की 1485 सीटें, पोस्टग्रेजुएट डिग्री एवं डिप्लोमा की 754 सीटें, डीएम एवं एमसीएच की 30 सीटें बढाई गई। आज प्रदेश में एमबीबीएस की 2185 सीटें, पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री एवं डिप्लोमा की 1043 सीटें तथा डीएम एवं एमसीएच की 37 सीटें हुई हैं। पंचकूला में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान स्थापित किया, जिसमें आज 100 विद्यार्थी पढ़ रहे हैं। पंचकूला, पानीपत, फरीदाबाद, सोनीपत, पलवल, सिरसा, कैथल, महेन्द्रगढ़ के जिला अस्पतालों व मैडीकल कॉलेज नूंह में कुल 9 अति आधुनिक मातृ एंव शिशु स्वास्थ्य केंद्र स्थापित का प्रस्ताव रखा गया। पलवल, रोहतक एवं चरखी दादरी जिला अस्पतालों तथा अल

**अवसर**

**यह बजट कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना और रोजगार के क्षेत्र में नए अवसर प्रदान करेगा**

आफिया जिला अस्पताल मांडी खेड़ा (नूंह) को 100 से 200 बिस्तरीय अस्पताल में अपग्रेड करने की स्वीकृति दी गई। हिसार और पानीपत के जिला अस्पतालों को 200 से 300 बिस्तरीय तथा झज्जर के जिला अस्पताल को 100 से 200 बिस्तरीय अस्पताल में अपग्रेड करने का प्रस्ताव, सभी जिला अस्पतालों में आधुनिक सेवाओं तथा आधिनुक उपकरण जैसे सीटी स्कैन, एमआरआई, अल्ट्रासाउन्ड, ब्लड एनालाइजर और डिजीटल एक्सरे उपलब्ध करवाए जाने का प्रस्ताव रखा गया। सभी जिला अस्पतालों में मरीजों के लिए निजी कमरों,उनके सहयोगियों के लिए भी आश्रय गृह की सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। हर जिला अस्पताल में व हर सरकारी मेडिकल कॉलेज में 50 बैड का एक क्रिटिकल केयर ब्लॉक बनाने और ब्लड बैंक की सुविधा का आधुनिकीकरण करने का प्रस्ताव रखा गया।
उन्होंने कहा कि पत्रकारों को सरकारी कर्मचारियों की तरह कैशलेस मेडिकल सुविधा देने का काम भी बजट में किया गया है जो सराहनीय है।

## संक्षिप्त खबरें

### जनता के सपनों को साकार करने की दिशा में बड़ा और सशक्त कदम साबित होगा बजट : पार्षद सुरेंद्र मदान



**सोनीपत: भारतीय जनता पार्टी के पूर्व** मंडल अध्यक्ष और सोनीपत निगम पार्षद सुरेंद्र मदान ने हरियाणा के बजट को ऐतिहासिक और जनकल्याणकारी बजट करार दिया है। पार्षद सुरेंद्र मदान ने कहा कि नायब सरकार ने इस बजट से हरियाणा की जनता के सपनों को साकार करने की दिशा में एक बड़ा और सशक्त कदम उठाया है। यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को मजबूत करते हुए हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। बजट पर प्रतिक्रिया देत हुए पार्षद सुरेंद्र मदान ने कहा कि अगले 5 वर्षों में 2 लाख सरकारी नौकरियां देने का लक्ष्य नायब सैनी सरकार ने रखा है। इससे प्रदेश के युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। भाजपा में बिना पर्ची बिना खर्ची नौकरी देने का वादा निभाया है और आगे भी निभाएंगे। इसके अलावा हर जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के साथ-साथ शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ा निवेश किया गया है, जिससे प्रदेश की सामाजिक संरचना मजबूत होगी। पार्षद सुरेंद्र मदान ने कहा कि बजट हर वर्ग के लिए कल्याणकारी होगा और प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगा।

### सर्वहारा वर्ग के विकास का है बजट, विधायक प्रमोद विज ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) पानीपत** शहरी विधानसभा के भाजपा विधायक प्रमोद विज ने बजट की प्रसंशा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा पेश किया गया नायाब बजट प्रदेश के विकास को नई दिशा देगा। यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित बनाने के संकल्प में सहायक बजट है।

## सुन्दर भविष्य की रुपरेखा तय करने वाला बजट: मोहन लाल बड़ौली

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़। नायब सरकार** द्वारा प्रस्तुत बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने बजट की जमकर सराहना की है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री के रूप में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रस्तुत किए गया बजट एक नये विजन के साथ विकास की अवधारणा को धरातल पर उतारने को सम्बल प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि यह बजट सभी वर्गो के उत्थान के साथ गरीबों, किसानों, महिलाओं, वंचितों व युवाओं के सुन्दर भविष्य की रुपरेखा भी तय करेगा। बडौली ने बजट में महिलाओं की आर्थिक सहायता के लिए 5 हजार करोड़ के प्रावधान करने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया। वित्त मंत्री के रूप में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 2 लाख 5 हजार 17 करोड़ रुपये का बजट सदन में पेश किया। बजट में मुख्यमंत्री ने चुनावी वादो को पूरा करने का संकल्प दोहराया है। बजट में सरकार ने लाडो लक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को 2100 रुपये देने के लिए 5,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है इससे महिलाएं सशक्त होंगी।

# नायब बजट में हरियाणा के उज्जवल भविष्य की झलकः रमेश सैन अहरिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी** सदस्य पर्यावरण संरक्षण विभाग रमेश सैन अहरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बतौर वित्त मंत्री विधानसभा में सोमवार को जो नायब बजट पेश किया है, उसमें हरियाणा के उज्जवल भविष्य की झलक साफ तौर पर देखी जा रही है। बजट में ऐसे बड़े-बड़े प्रावधान किये गये हैं, जिससे न केवल प्रदेश में शिक्षा, चिकित्सा, बिजली,पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं मिलना आसान होंगी, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार, बेघरों के लिए आवास,स्थानीय निकायों को विशेष अधिकार और खासकर सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट लाडो लक्ष्मी योजना को भी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बजट में अमलीजामा पहनाने का काम किया है। इसके लिए विशेष रूप से बजट में 5000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया। अब जल्द ही प्रदेश में महिलाओं को 2100 रुपये प्रति माह की आर्थिक मदद



मिलना शुरू हो जाएगी। पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश सैन ने कहा कि जींद और रेवाड़ी जैसे शहरों में आयुष हर्बल पार्क का निर्माण, प्रदेश की सभी नगर पालिकाओं में एक खेल परिसर का निर्माण करना वास्तव में मुख्यमंत्री की दूरगामी सोच का परिणाम है। क्योंकि मानव जीवन के लिए जहां शुद्ध पर्यावरण का होना जरूरी है,वहीं युवाओं के लिए खेल के नये अवसर पैदा करना भी आवश्यक है। इसके लिए सरकार ने खेल स्टेडियमों के लिए हजारों करोड़ रुपये का प्रावधान बजट में रखा है, जो मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा युवाओं के हित में बड़ा उठाया गया बड़ा कदम है। रमेश सैन ने कहा कि मुख्यमंत्री ने देश का भविष्य छात्रों को लेकर बजट में अनेक कल्याणकारी निर्णय लिए हैं। जिनमें मेडिकल सीटों का बढाना, छात्रों के लिए हरियाणा ओलंपियाड आयोजित करना,विजयी छात्रों को एक लाख रुपये तक की धनराशि देना, मेधावी छात्रों को इसरो,डीआरडीओ,भामा जैसे वैज्ञानिक केंद्रों का भ्रमण करवाना,ई-लाइब्रेरी,कल्पना चावला छात्रवृत्ति, सरकारी स्कूलों में फ्रेंच भाषा का ज्ञान इत्यादि ऐसे निर्णय हैं।

# राज्य के विकास के लिए अत्यंत लाभकारी एवं दूरदर्शी है बजटः कृष्णा गहलावत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई। हरियाणा विधानसभा में प्रस्तुत बजट** 2025-26 की राई की विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने प्रशंसा की है। विधायक कृष्णा गहलावत ने बजट को राज्य के विकास के लिए अत्यंत लाभकारी एवं दूरदर्शी बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना और रोजगार के क्षेत्र में नए अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को इस संतुलित और समावेशी बजट के लिए बधाई दी। विधायक कृष्णा गहलावत ने विशेष रूप से किसानों के लिए की गई घोषणाओं की सराहना की, जिसमें आधुनिक कृषि उपकरणों पर सब्सिडी, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार और जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रावधान शामिल हैं।


## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

## होली उपरान्त विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

होली पर्व के उपरांत रेल यात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों को संचालित करने का निर्णय लिया गया है। इन त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का दिल्ली क्षेत्र के स्टेशनों से तिथिवार संचालन निम्नानुसार हैः–

**दिनांक 18.03.2025 (मंगलवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन |
| 04146 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदार गंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, गोविंदपुरी एवं फ़तेहपुर स्टेशन |
| 04012 | दिल्ली जं. | 19:30 | दरभंगा | 16:30 | गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., नरकटियागंज, रक्सौल, बैरगनिया, सीतामढ़ी एवं जनकपुर रोड स्टेशन |
| 02436 | नई दिल्ली | 08:30 | पटना जं. | 20:10 | गाजियाबाद, अलीगढ़, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. स्टेशन |
| 04070 | आनन्द विहार (ट.) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., बख्तियारपुर जं. एवं बिहार शरीफ जं. स्टेशन |
| 04030 | आनन्द विहार (ट.) | 09:00 | मुज़फ्फरपुर जं. | 06:00 | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., नरकटियागंज जं., सगौली जं. एवं बापूधाम मोतिहारी स्टेशन |
| 04016 | आनन्द विहार (ट.) | 00:30 | सीतामढ़ी | 02:00 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ जं., रायबरेली, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., वाराणसी जं., औंड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं. एवं मुजफ्फरपुर जं. स्टेशन |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल एवं गढ़ बरुआरी स्टेशन |
| 03010 | आनन्द विहार (ट.) | 00:30 | हावड़ा जं. | 03:00 | टूण्डला जं., इटावा जं., गोविन्दपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., कोडरमा, धनबाद जं., आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बैण्डेल जं. स्टेशन |
| 03436 | आनन्द विहार (ट.) | 15:45 | मालदा टाउन | 23:30 | गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., बख्तियारपुर जं., मोकामा, किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुलतानगंज, भागलपुर, कहलगांव, पीरपैंती, साहिबगंज जं., बड़हरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. स्टेशन |
| 05204 | आनन्द विहार (ट.) | 09:20 | मुज़फ्फरपुर जं. | 05:00 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. स्टेशन |
| 07708 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 03:15 | चर्लपल्ली | 09:30 | आगरा कैंट, वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी), बीना जं., रानी कमलापति (भोपाल), नागपुर, चंद्रपुर, बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, मंचिर्याल, रामागुंडम एवं काजीपेट जं. स्टेशन |

**दिनांक 19.03.2025 (बुधवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन |
| 03414 | दिल्ली जं. | 13:35 | मालदा टाउन | 17:30 | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., पटना साहेब, फतुहा, खुसरोपुर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा, हाथीदा जं., बड़हिया, लक्खीसराय जं., किउल जं., कजरा, अभयपुर, धरहरा, जमालपुर जं., बरियारपुर, सुल्तानगंज, भागलपुर, कहलगांव, साहिबगंज जं., बड़हरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. स्टेशन |
| 09004 | दिल्ली जं. | 13:05 | मुंबई सेन्ट्रल | 13:30 | दिल्ली कैंट, गुड़गांव, रेवाड़ी जं., अलवर, बांदीकुई जं., गांधीनगर जयपुर, जयपुर जं., किशनगढ़, अजमेर जं., ब्यावर, मारवाड़ जं., फालना, पिंडवाड़ा, आबू रोड, पालनपुर जं., महेसाना जं., साबरमती बीजी, वडोदरा जं., उधना जं., वलसाड, वापी एवं बोरीवली स्टेशन |
| 02436 | नई दिल्ली | 08:30 | पटना जं. | 20:10 | गाजियाबाद, अलीगढ़, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. स्टेशन |
| 04068 | नई दिल्ली | 14:00 | भागलपुर | 13:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., बख्तियारपुर जं., मोकामा, हाथीदा जं., लक्खीसराय जं., किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं. एवं सुलतानगंज स्टेशन |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल एवं गढ़ बरुआरी स्टेशन |
| 05306 | आनन्द विहार (ट.) | 00:20 | छपरा | 22:50 | इटावा, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोण्डा जं., मनकापुर जं., बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, कप्तानगंज जं., पडरौना, तमकुही रोड, थावे जं. एवं सीवान जं. स्टेशन |

**दिनांक 20.03.2025 (गुरुवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04026 | दिल्ली जं. | 23:05 | रक्सौल जं. | 19:00 | गाजियाबाद, हापुड, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोण्डा जं., गोरखपुर एवं नरकटियागंज जं. स्टेशन |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन |
| 02436 | नई दिल्ली | 08:30 | पटना जं. | 20:10 | गाजियाबाद, अलीगढ़, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. स्टेशन |
| 04028 | आनन्द विहार (ट.) | 23:55 | जोगबनी | 03:00 | गाजियाबाद, मुरादाबाद जं., बरेली जं., शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., नौगछिया, कटिहार जं., पूर्णियाँ जं., अररिया एवं फारबिसगंज जं. स्टेशन |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल एवं गढ़ बरुआरी स्टेशन |
| 05114 | आनन्द विहार (ट.) | 16:00 | छपरा | 14:00 | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, बुढ़वल, गोण्डा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., पडरौना, तमकुही रोड, थावे जं., दिघवा दुबौली, मशरख एवं छपरा कचहरी स्टेशन |
| 04018 | आनन्द विहार (ट.) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:00 | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., नरकटियागंज जं., सगौली जं. एवं बापूधाम मोतिहारी स्टेशन |

**दिनांक 21.03.2025 (शुक्रवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 05058 | दिल्ली जं. | 14:00 | गोरखपुर जं. | 06:25 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर जं., बुढ़वल जं., गोण्डा जं., बस्ती एवं खलीलाबाद स्टेशन |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन |
| 04146 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदार गंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, गोविंदपुरी एवं फ़तेहपुर स्टेशन |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर जं. | 05:00 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ, गोण्डा जं. एवं बस्ती स्टेशन |
| 03256 | आनन्द विहार (ट.) | 23:30 | पटना जं. | 18:35 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर स्टेशन |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढ़ी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल एवं गढ़ बरुआरी स्टेशन |
| 05204 | आनन्द विहार (ट.) | 09:20 | मुज़फ्फरपुर जं. | 05:00 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. स्टेशन |
| 03012 | आनन्द विहार (ट.) | 00:30 | हावड़ा | 03:00 | टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, धनबाद, आसनसोल, दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बैण्डेल जं. स्टेशन |

**दिनांक 22.03.2025 (शनिवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन |
| 09004 | दिल्ली जं. | 13:05 | मुंबई सेन्ट्रल | 13:30 | दिल्ली कैंट, गुड़गांव, रेवाड़ी जं., अलवर, बांदीकुई जं., गांधीनगर जयपुर, जयपुर जं., किशनगढ़, अजमेर जं., ब्यावर, मारवाड़ जं., फालना, पिंडवाड़ा, आबू रोड, पालनपुर जं., महेसाना जं., साबरमती बीजी, वडोदरा जं., उधना जं., वलसाड, वापी एवं बोरीवली स्टेशन |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. स्टेशन |
| 03010 | आनन्द विहार (ट.) | 00:30 | हावड़ा जं. | 03:00 | टूण्डला जं., इटावा जं., गोविन्दपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., कोडरमा, धनबाद जं., आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बैण्डेल जं. स्टेशन |
| 05284 | आनन्द विहार (ट.) | 07:00 | मुज़फ्फरपुर जं. | 04:50 | मुरादाबाद, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जं., बेतिया, सगौली जं., बापूधाम मोतिहारी, पिपरा, चकिया, मेहसी एवं मोतीपुर स्टेशन |
| 05306 | आनन्द विहार (ट.) | 00:20 | छपरा | 22:50 | इटावा, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोण्डा जं., मनकापुर जं., बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, कप्तानगंज जं., पडरौना, तमकुही रोड, थावे जं. एवं सीवान जं. स्टेशन |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें

## संपादकीय

# मां पूर्णागिरि का मेला

**उत्तर भारत के** सबसे बड़े और प्रसिद्ध मां पूर्णागिरि मेले का उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुभारंभ कर दिया। यह मेला 93 दिन चलता है। मेले में भारत के साथ ही नेपाल के आस्थावान भी देवी के श्री चरणों में श्रद्धा के पुष्प चढ़ाने आते हैं। मान्यता है कि यहां देवी सती का नाभि मंडल स्थापित होने से मां पूर्णागिरी सभी कष्टों को दूर कर हर भक्त की मनोकामना पूर्ण करती है। यही वजह भी है कि मेले में प्रत्येक दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। चंपावत जिले में स्थित पूर्णागिरी मंदिर, समुद्र तल से 3000 मीटर की ऊंचाई पर टनकपुर से लगभग 17 किलोमीटर दूर है। मंदिर को शक्तिपीठ का दर्जा प्राप्त है और यह 108 सिद्ध पीठों में से एक है। ऐसा माना जाता है कि इसी स्थान पर माता सती की नाभि गिरी थी। पूर्णागिरी को पुण्यगिरि के नाम से भी जाना जाता है। यहीं से काली नदी को शारदा नदी के नाम से पुकारा जाता है। पूर्णागिरी मंदिर अपने चमत्कारों के लिए भी प्रसिद्ध है। इतिहासकारों के अनुसार, 1632 में गुजरात के एक व्यापारी चंद्र तिवारी ने चंपावत के राजा ज्ञानचंद के साथ शरण ली थी। उनके सपनों में मां पुण्यगिरि ने दर्शन दिए और मंदिर निर्माण का आदेश दिया। चंद्र तिवारी ने मंदिर का निर्माण कराया और तब से यहां सात्विक व तांत्रिक दोनों प्रकार की देवी पूजाएं होती हैं। चैत्र नवरात्रि पर यहां देवी को पूजने नेपाल से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। यह भारत-नेपाल सीमा पर स्थित है। इस मंदिर का एक और नाम है, जिसे बहुत कम लोग जानते हैं। मंदिर को झूठे का मंदिर भी कहते हैं। किवदंती है कि एक व्यापारी ने मां पूर्णागिरी से वादा किया था कि अगर उसकी पुत्र की इच्छा पूरी हुई तो वह एक सोने की वेदी का निर्माण करेगा। उनकी इच्छा देवी ने पूरी की। पुत्र की प्राप्ति तो हुई पर व्यापारी ने सोने की परत चढाने के साथ तांबे की एक वेदी बना दी। पूर्णागिरी मंदिर ऊंची चोटी पर स्थित है और यह मंदिर मल्लिकागिरी, कालिकागिरी और हमला चोटियों से घिरा हुआ है। भक्त पूर्णागिरी मंदिर के लिए निकलते समय भैरों बाबा के दर्शन जरूर करते हैं। माना जाता है कि भैरों बाबा की अनुमति से ही भक्त पूर्णागिरी तक पहुंचते हैं। अवलाखान या हनुमान चट्टी इस मंदिर के पास स्थित है। यहां से बस के जरिए मंदिर तक आसानी से पहुंचा जा सकता है। यहां से टनकपुर शहर और कुछ नेपाली गांवों को भी देखा जा सकता है। इस मंदिर के पास ही बुराम देव मंडी स्थित है। यह स्थान पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय है।

**सरकार की योजना**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्णागिरी मेले को साल भर आयोजित करने की बात कही है। उन्होंने कहा है कि पूर्णागिरी मेला ऐतिहासिक मेला है और पूर्णागिरी के आसपास के मंदिरों को जोड़कर एक सर्किट तैयार किया जाएगा और इससे सालभर यात्रा चलती रहेगी। हवाई सेवा : पूर्णागिरि से निकटतम हवाई अड्डा पंतनगर है। पंतनगर हवाई अड्डे से पूर्णागिरि तक टैक्सी उपलब्ध है। पंतनगर में एक सप्ताह में चार उड़ानें दिल्ली के लिए उपलब्ध हैं। रेल सेवा : पूर्णागिरि चंपावत से 60 किलोमीटर दूर है। टनकपुर रेलवे स्टेशन से पूर्णागिरि तक टैक्सी और बस आसानी से उपलब्ध है। टनकपुर लखनऊ, दिल्ली, आगरा और कोलकाता जैसे भारत के प्रमुख स्थलों से अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। ट्रेन टनकपुर रेलवे स्टेशन के लिए उपलब्ध होती है और पूर्णागिरि टनकपुर के साथ मोटर वाहनों से अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है।

# यूट्यूब चैनल के नाम पर फर्जी पत्रकारों का अवैध वसूली



अशोक कुमार निर्भय

"इस समस्या के समाधान के लिए सरकार के साथ-साथ आम जनता को भी जागरूक होने की जरूरत है। यदि कोई व्यक्ति खुद को पत्रकार बताकर अवैध वसूली करने की कोशिश करता है या भ्रामक खबरें फैलाता है, तो उसकी शिकायत तुरंत पुलिस और साइबर क्राइम विभाग में दर्ज करानी चाहिए। यह एक गंभीर मुद्दा है, जिससे पत्रकारिता की विश्वसनीयता प्रभावित हो रही है। फर्जी पत्रकारों की बढ़ती संख्या से न केवल असली पत्रकारों की साख पर असर पड़ रहा है, बल्कि प्रशासनिक और कानूनी व्यवस्थाओं पर भी दबाव बन रहा है। देशभर में ऐसे कई लोग सक्रिय हैं, जिनका किसी मान्यता प्राप्त समाचार पत्र, चैनल या मीडिया संस्थान से कोई संबंध नहीं है, फिर भी वे खुद को पत्रकार बताते हैं और इस पेशे की गरिमा को ठेस पहुंचाते हैं।"

राजधानी दिल्ली समेत देश के अनेक राज्यों में गली-गली यूट्यूब पर फर्जी चैनल बनाकर उसके नाम पर फर्जी पत्रकारों की बाढ़ आ गई है। कई कथित स्वयंभू यूट्यूब पत्रकार ऐसे हैं जिन्होंने कभी प्राइमरी स्कूल भी नहीं पास किया और आज वे फर्जी यूट्यूब चैनल के पत्रकार बनकर जनता और सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों को गुमराह कर रहे हैं, बल्कि समाज और देश को तोड़ने तक का प्रयास कर रहे हैं। आप फर्जी पत्रकारों को ऐसे समझ सकते हैं कि बैंक खाता खोलने के लिए आधार कार्ड अनिवार्य है, लेकिन एक जीमेल अकाउंट तो निराधार व्यक्ति भी खोल सकता है। जो कोई भी जीमेल बनाकर फर्जी अकाउंट से यूट्यूब चैनल बना लेता है, फिर उसके नाम की आईडी और माइक लेकर बिना किसी योग्यता अथवा पत्रकारिता की पढ़ाई के ही कथित रूप से पत्रकार बनकर समाज और सरकारी विभागों को ब्लैकमेल करना शुरू कर देता है। सरकारी नियम के अनुसार किसी भी यु टीयूब के चैनल को मीडिया अथवा प्रेस तक लिखने का अधिकार नहीं है बावजूद इसके सारे नियम मकई धज्जियाँ उड़ाकर ऐसा रोजाना देखने को मिल रहा है। हाल ही में कुछ ऐसे मामलों का खुलासा हुआ है, जहां यूट्यूब चैनलों के नाम पर फर्जी पत्रकारों ने सरकारी अधिकारियों, व्यापारियों और आम जनता को ब्लैकमेल किया। उत्तर प्रदेश के मेरठ में एक ऐसे गिरोह का पदार्फाश हुआ जिसने यूट्यूब चैनल के नाम पर अवैध वसूली का धंधा चला रखा था। जांच में पाया गया कि ये लोग बिना किसी प्रमाणित पत्रकारिता डिग्री या अनुभव के विभिन्न सरकारी कार्यालयों में जाकर अधिकारियों को धमकाते थे और अनुचित लाभ उठाने का प्रयास करते थे। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले दो वर्षों में देशभर में डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फर्जी पत्रकारिता के मामलों में वृद्धि हुई है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने ऐसे फर्जी यूट्यूब चैनलों को चिह्नित कर उनके खिलाफ कार्रवाई भी की है। 2023 में सरकार ने 100 से अधिक फर्जी यूट्यूब चैनलों को बंद करने का आदेश दिया था, जो झूठी और भ्रामक खबरें फैला रहे थे। फर्जी पत्रकारिता के बढ़ते मामलों को देखते हुए भारत सरकार ने डिजिटल मीडिया के लिए कुछ नीतियां बनाई हैं। डिजिटल न्यूज प्लेटफॉर्म को पंजीकरण के दायरे में लाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। सरकार ने




**"इस समस्या के समाधान के लिए सरकार के साथ-साथ आम जनता को भी जागरूक होने की जरूरत है। यदि कोई व्यक्ति खुद को पत्रकार बताकर अवैध वसूली करने की कोशिश करता है या भ्रामक खबरें फैलाता है, तो उसकी शिकायत तुरंत पुलिस और साइबर क्राइम विभाग में दर्ज करानी चाहिए। यह एक गंभीर मुद्दा है, जिससे पत्रकारिता की विश्वसनीयता प्रभावित हो रही है"**

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम 2021 के तहत नए नियम लागू किए हैं, जिसके तहत सभी डिजिटल न्यूज प्लेटफॉर्म को स्वयं को पंजीकृत कराना होगा और प्रामाणिक जानकारी साझा करनी होगी। इस कदम से फर्जी पत्रकारों और यूट्यूब चैनलों की मनमानी पर रोक लगाने में मदद मिलेगी। मीडिया विशेषज्ञों का कहना है कि पत्रकारिता एक जिम्मेदारी भरा पेशा है, जिसमें सत्यता और निष्पक्षता आवश्यक होती है। वरिष्ठ पत्रकार एवं दैनिक भास्कर के राजनीतिक संपादक के पी मलिक के अनुसार, "फर्जी पत्रकारों की वजह से असली पत्रकारों की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठने लगते हैं। यह न केवल मीडिया जगत के लिए बल्कि पूरे समाज के लिए चिंता का विषय है। सरकार और मीडिया संगठनों को मिलकर इस पर कड़ा नियंत्रण करना चाहिए।" यूट्यूब और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को भी इस दिशा में कठोर कदम उठाने चाहिए। बड़े तकनीकी प्लेटफॉर्म्स को अपने नियमों को सख्त करना होगा, ताकि कोई भी व्यक्ति बिना प्रमाणित जानकारी के पत्रकारिता करने का दावा न कर सके। इसके लिए यूट्यूब और फेसबुक जैसे प्लेटफॉर्म को उन चैनलों की सत्यता की जांच करने के लिए एक सख्त वेरिफिकेशन प्रणाली लागू करनी चाहिए।

इस समस्या के समाधान के लिए सरकार के साथ-साथ आम जनता को भी जागरूक होने की जरूरत है। यदि कोई व्यक्ति खुद को पत्रकार बताकर अवैध वसूली करने की कोशिश करता है या भ्रामक खबरें फैलाता है, तो उसकी शिकायत तुरंत पुलिस और साइबर क्राइम विभाग में दर्ज करानी चाहिए। यह एक गंभीर मुद्दा है, जिससे पत्रकारिता की विश्वसनीयता प्रभावित हो रही है। फर्जी पत्रकारों की बढ़ती संख्या से न केवल असली पत्रकारों की साख पर असर पड़ रहा है, बल्कि प्रशासनिक और कानूनी व्यवस्थाओं पर भी दबाव बन रहा है। देशभर में ऐसे कई लोग सक्रिय हैं, जिनका किसी मान्यता प्राप्त समाचार पत्र, चैनल या मीडिया संस्थान से कोई संबंध नहीं है, फिर भी वे खुद को पत्रकार बताते हैं और इस पेशे की गरिमा को ठेस पहुंचाते हैं। फर्जी "प्रेस" पहचान पत्र और वाहनों पर "प्रेस" लिखवाकर कई लोग न केवल नियमों की अनदेखी कर रहे हैं, बल्कि प्रशासनिक अधिकारियों पर भी अनुचित दबाव बना रहे हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि यूट्यूब न्यूज चैनल के प्रतिनिधियों को पत्रकारिता के लिए अधिकृत नहीं माना जा सकता। इसके बावजूद, कई लोग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल कर अपनी पहचान पत्रकार के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं। चांपा समेत कई शहरों में तथाकथित पत्रकार अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाए गए हैं, जो न केवल प्रशासन के लिए चुनौती है, बल्कि समाज के लिए भी एक गंभीर विषय है।

वास्तविक पत्रकारिता सटीक तथ्यों, निष्पक्षता और प्रामाणिकता पर आधारित होती है। एक सच्चे पत्रकार के लिए जिज्ञासा, भाषायी कौशल और गहरी समझ आवश्यक होती है। फर्जी पत्रकारों की बढ़ती संख्या से वास्तविक पत्रकारों की पहचान धुंधली हो रही है, जिससे उनकी मेहनत और सच्चाई की खोज प्रभावित हो रही है। इसके साथ ही, सोशल मीडिया और यूट्यूब पर आपत्तिजनक और भ्रामक सामग्री पर भी निगरानी आवश्यक है। ऐसे प्लेटफॉर्म्स पर नफरत फैलाने वाली, शोषणकारी या भ्रामक खबरें दिखाने की अनुमति नहीं है, इसलिए इस पर सख्त नियंत्रण आवश्यक है। सरकार और प्रशासन को चाहिए कि वे इस विषय पर कठोर कदम उठाएं और पत्रकारिता की गरिमा को बनाए रखने के लिए उचित दिशा-निर्देश लागू करें। फर्जी पत्रकारों और यूट्यूब चैनलों के नाम पर हो रहे इस धोखाधड़ी को रोकने के लिए सरकार, मीडिया संगठनों और आम जनता को मिलकर प्रयास करने होंगे। उचित नीतियों, सख्त कानूनों और तकनीकी उपायों के माध्यम से इस समस्या को नियंत्रित किया जा सकता है, ताकि देश में सच्ची और जिम्मेदार पत्रकारिता को बढ़ावा दिया जा सके।

## कविता

तुमने जो जब कहा मान लिया।

तेरी हर आहट को हमने जान लिया
गम तेरी चाहत मुझसे पहचान लिया।

पास काफी मेहनत से किया हमने
जब भी तुमनें जो इम्तिहान लिया।

अब तक मर्जी कब चलाई हमने
तुमने जो जब कहा मान लिया।

वे रोज इस तरफ होकर गुजरते हैं
इसलिए इस राह में मकान लिया।

उसको हमने हमेशा पूरा ही किया
हमने जैसा भी दिल में ठान लिया।

आप चाहे जो माने दोस्ती को संजीव
हमने तो इस पर हमेशा गुमान किया।

संजीव

## कुंभ से उपजते युवा पीढ़ी के लिए शोध के विषय

**डा मनमोहन प्रकाश**

**कुंभ** सनातनियों के लिए आस्था और विश्वास का सबसे बड़ा मेला सिद्ध हुआ। इसमें युवा पीढ़ी को भी विविध अखाड़ों के साधु-संतों, ऋषि-मुनियों , कथावाचकों आदि को निकट से देखने, विविध पूजा पद्धतियों, तप, साधना आदि को करीब से जानने तथा वेद, पुराण , उपनिषद, भागवत, गीता, रामायण आदि सनातन ग्रंथों के गुंढ रहस्यों से साक्षात्कार करने के साथ साथ शासन, प्रशासन, समाजिक संस्थाओं तथा मठ, मंदिर, अखाड़ों, आश्रमों की व्यवस्था तथा क्रिया कलापों को समझने का अवसर भी प्राप्त हुआ। महाकुंभ 2025 ने युवाओं के मन से इस विचार को मुक्ति दिलाने में सफलता प्राप्त की जिसमें यह कहा जाता रहा है कि स्नान , ध्यान, पूजा, पाठ, धर्म,दान,पुण्य, तीर्थाटन आदि जैसे धार्मिक आयोजनों में सहभागिता के लिए जीवन का उत्तरार्ध समय सबसे उपयुक्त है। सनातन धर्म के तीज त्योहार,वृत अवैज्ञानिक है। कुंभ 2025 में युवाओं की बढ़ती सहभागिता से ऐसा लगा कि आज की युवा पीढ़ी में न सिर्फ अपने सनातन धर्म और उससे जुड़े संस्कार, संस्कृति, रीति, रिवाज के प्रति आस्था और विश्वास बढ़ा है अपितु वह उससे जुड़े सभी पक्षों को करीब से जानना चाहती है।वह उस विचार से भी बाहर निकलना चाहती हैं जिसमें कहां जाता रहा है कि सनातन विज्ञान को न मानने वालों का धर्म है, ढोंग और पाखंडियों का धर्म है, पंडित । कुंभ ने यह बता दिया कि देश की सनातन युवा पीढ़ी का झुकाव देश के तीर्थ स्थलों, मेलों, तीज-त्यौहारों की ओर बढ़ रहा है,वह भी इस विश्वास के साथ कि उनकी अधिक से अधिक धार्मिक आयोजनों में सहभागिता धर्म के नाम पर किए जानें वाले पाखंड और अवैज्ञानिक कृत्यों से छुटकारा दिला सकती है। सनातन को सर्व ग्राह्य बना सकती है। प्रयाग महाकुंभ ने युवाओं के मन में कई प्रश्नों को जन्म दिया है, शायद यह वर्ग शोध के माध्यम से उन प्रश्नों के उत्तर खोजने का प्रयास भी करें जैसे (1) क्या कुंभ जैसे बड़े धार्मिक आयोजन देश में चली आ रही विभिन्न समस्याओं जैसे भुखमरी, बेरोजगारी , मंदिरों के प्रबंधन, जलस्त्रोतों के प्रदूषण , शहरों की साफ, सफाई, स्वच्छता, विकास के साथ स्थानीय लघु और कुटीर उद्योगों आदि की समस्याओं को और जटिल बनाते हैं या समाधान कारक बनते हैं ?(2) क्या इस तरह के आयोजनों में विभिन्न साधु-संतों, महात्माओं, महापुरुषों आदि से मिलना, उनके विचारों को सुनना और योग, प्रणायाम,ध्यान-साधना आदि में में भाग लेने से जीवन में स्थिरता आती है, आत्मिक शांति मिलती है?(3) क्या इस तरह के आयोजन उन्हें अपनी सनातन संस्कृति और परंपराओं को करीब से जानने, जुड़ने और सहजने के लिए प्रेरित करते हैं?(4) क्या युवाओं को अपने इतिहास और सांस्कृतिक धरोहर के प्रति गर्व होता है?

## विचार

# चुलबुली गौरैया के लिए घर में बनाएं बयां

**प्रभुनाथ शुक्ल**

हमारी सोच अब आहिस्ता-आहिस्ता बदलने लगी है। हम हम प्रकृति और जीव जंतुओं के प्रति थोड़ा मित्रवत भाव रखने लगे हैं। घर की टैरिश पर पक्षियों के लिए दाना-पानी डालने लगे हैं। गौरैया से हम फ्रेंडली हो चले हैं। किचन गार्डन और घर की बालकनी में कृतिम घोंसला लगाने लगे। गौरैया धीरे हमारे आसपास आने लगी है। उसकी चीं-चीं की आवाज हमारे घर आंगन में सुनाई पड़ने लगी है। गौरैया संरक्षण को लेकर ग्लोबल स्तर पर बदलाव आया है यह सुखद है। फिर भी अभी यह नाकाफी है। हमें प्रकृति से संतुलन बनाना चाहिए। हम प्रकृति और पशु -पक्षियों के साथ मिलकर एक सुंदर प्राकृतिक वातावरण तैयार कर सकते हैं। जिन पशु पक्षियों को हम अनुपयोगी समझते हैं वह हमारे लिए प्राकृतिक पर्यावरण को संरक्षित करने में अच्छी खासी भूमिका निभाते हैं, लेकिन हमें इसका ज्ञान नहीं होता। गौरैया हमारी प्राकृतिक मित्र है और पर्यावरण में सहायक है। गौरैया प्राकृतिक सहचरी है। कभी वह नीम के पेड़ के नीचे फुदकती और चावल या अनाज के दाने को चुगती है। कभी घर की दीवार पर लगे आईने पर अपनी हमशक्ल पर चोंच मारती दिख जाती। एक वक्त था जब बबूल के पेड़ पर सैकड़ों की संख्या में घोंसले लटके होते थे,लेकिन वक्त के साथ गौरैया एक कहानी बन गई। हालांकि पर्यावरण के प्रति जागरूकता के चलते हाल के सालों में यह दिखाई देने लगी है। गौरैया इंसान की सच्ची दोस्त भी है और पर्यावरण संरक्षण में उसकी खासी भूमिका भी है। दुनिया भर में 20 मार्च गौरैया संरक्षण दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी गौरैया संरक्षण के लिए लोगों से पहल कर चुके हैं। उन्होंने राज्यसभा सदस्य बृजलाल के प्रयासों को ट्वीटर पर खूब सराहा था और कहा कि गौरैया संरक्षण को लेकर आपका प्रयास बेहतरीन और काबिले तारीफ है। राज्यसभा सदस्य बृजलाल ने अपने घर में गौरैया संरक्षण को लेकर काफी अच्छे उपाय किए हैं। उन्होंने गौरैया के लिए दाना पानी और घोंसले की व्यवस्था की है। जंगल में आजकल पंच सितारा संस्कृति विस्तार ले रही है। प्रकृति के सुंदर स्थान को भी इंसान कमाने का जरिया बना लिया है। जिसकी वजह पशु- पक्षियों के लिए खतरा बन गया है। प्रसिद्ध पर्यावरणविद् मोहम्मद ई. दिलावर के प्रयासों से 20 मार्च को चुलबुली गौरैया के लिए रखा गया। 2010 में पहली बार यह दुनिया में मनाया गया। गौरैया का संरक्षण हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती है। इनसान की भोगवादी संस्कृति ने हमें प्रकृति और उसके साहचर्य से दूर कर दिया है। गौरैया एक घरेलू और पालतू पक्षी है। यह इंसान और उसकी बस्ती के पास अधिक रहना पसंद करती है। पूर्वी एशिया में यह बहुतायत पायी जाती है। यह अधिक वजनी नहीं होती। इसका जीवनकाल दो साल का होता है। यह पांच से छह अंडे देती है। भारत की आंध्र यूनिवर्सिटी के एक अध्ययन में गौरैया की आबादी में 60 फीसदी से अधिक की कमी बताई गई है। ब्रिटेन की रॉयल सोसाइटी आफ प्रोटेक्शन आफ बर्ड्स ने इस चुलबुले और चंचल पक्षी को रेड लिस्ट में डाल दिया है। दुनिया भर में ग्रामीण और शहरी इलाकों में गौरैया की आबादी घटी है। गौरैया की घटती आबादी के पीछे मानव विकास सबसे अधिक जिम्मेदार है। गौरैया पासेराडेई परिवार की सदस्य है लेकिन इसे वीवरपिंच परिवार का भी सदस्य माना जाता है। इसकी लंबाई 14 से 16 सेंटीमीटर होती है। इसका वजन 25 से 35 ग्राम तक होता है। यह अधिकांश झुंड में रहती है। यह अधिक दो मील की दूरी तय करती है। मानव जहां-जहां गया, गौरैया उसका हमसफर बनकर उसके साथ गयी। गांवों में अब पक्के मकान बनाए जा रहे हैं। जिसका कारण है कि मकानों में गौरैया को अपना घोंसला बनाने के लिए सुरक्षित जगह नहीं मिल रही है। पहले गांवों में कच्चे मकान बनाए जाते थे। उसमें लकड़ी और दूसरी वस्तुओं का इस्तेमाल किया जाता था। कच्चे मकान गौरैया के लिए प्राकृतिक वातावरण और तापमान के लिहाज से अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराते थे,लेकिन आधुनिक मकानों में यह सुविधा अब उपलब्ध नहीं होती। यह पक्षी अधिक तापमान में नहीं रह सकता।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# क्या महिला किसानों तक पहुँच रही है तकनीक?

**प्रियंका सौरभ**

**डिजिटल तकनी**क और छोटे-मोटे हस्तक्षेपों ने भारतीय कृषि में महिलाओं के लिए परिदृश्य को काफी हद तक बदल दिया है। इन नवाचारों ने महिला किसानों को भूमि स्वामित्व, बाजार तक पहुँच, वित्तीय समावेशन और ज्ञान के आदान-प्रदान से सम्बंधित पारंपरिक बाधाओं को तोड़ने में सक्षम बनाया है। डिजिटल उपकरण कृषि में महिलाओं को सशक्त बना रहे हैं। एप्लिकेशन और हेल्पलाइन वास्तविक समय के मौसम पूवार्नुमान, इष्टतम कृषि तकनीक और वर्तमान बाजार मूल्य प्रदान करते हैं। किसान सुविधा, पूसा कृषि और इफको किसान ऐप जैसे संसाधन महिला किसानों को अच्छी तरह से सूचित विकल्प बनाने में सहायता करते हैं। व्हाट्सएप ग्रुप और यूट्यूब ट्यूटोरियल सहकर्मी सीखने और ज्ञान के आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान करते हैं। यूपीआई, डिजिटल वॉलेट और ऑनलाइन बैंकिंग सहित डिजिटल भुगतान प्रणाली महिलाओं को सीधे ऋण और सब्सिडी सुरक्षित करने में सक्षम बनाती है। किसान क्रेडिट कार्ड और डिजिटल माइक्रोफाइनेंस प्लेटफॉर्म, जैसे कि पेटीएम और नाबार्ड के ई-शक्ति, महिलाओं के नेतृत्व वाले स्वयं सहायता समूहों को वित्तीय सहायता प्रदान करते हैं। ई-एनएएम (राष्ट्रीय कृषि बाजार) और एग्रीबाजार जैसे प्लेटफॉर्म महिला किसानों को अपने उत्पाद सीधे उपभोक्ताओं को बेचने की अनुमति देते हैं, जिससे बिचौलियों की जरूरत नहीं पड़ती। महिलाओं के नेतृत्व वाली सहकारी समितियाँ अपने जैविक कृषि उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए फेसबुक और इंस्टाग्राम का उपयोग कर रही हैं। एआई तकनीकें मिट्टी के स्वास्थ्य, कीटों का पता लगाने और सटीक खेती की तकनीकों के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्रदान करती हैं।

उन्नत सिंचाई प्रणाली और सौर ऊर्जा से चलने वाले पंप पानी के उपयोग को कम करने और महिला किसानों के शारीरिक कार्यभार को कम करने के लिए डिजाइन किए गए हैं। स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को समूह ऋण, प्रशिक्षण और कृषि संसाधनों तक पहुँच से लाभ होता है।

## भारतीय मेधा के प्रतिनिधि आईपीएस मनीशंकर

**(राकेश अचल)**

**भारतीय पु**लिस सेवा के 1992 बैच के बहुचर्चित अधिकारी मनीष शंकर शर्मा के निधन की खबर जब साथी प्रवीण खारीवाल ने दी तो यकायक भरोसा नहीं हुआ,लेकिन अन्यान्य सूत्रों से जब इस खबर की पुष्टि हो गयी तो दिल बैठ गया। मनीष को इतनी जल्दी जाना नहीं चाहिए था। वे पुलिस में रहते हुए भी भारतीय मनीषा के अघोषित प्रतिनिधि थे।

कोई तीन दशक पुरानी बात है । मनीष ग्वालियर में हमारे पड़ोस में रहने आये थे । उन्हें ग्वालियर के थाटीपुर में हमारे घर के पीछे ही एक एफ टाइप बँगला आवंटित हुआ था । मिश्र डबरा में एसडीओ रह चुके थे और पदोन्नत होकर एडिशनल एसपी के रूप में ग्वालियर आये थे। अविवाहित थे, दिलखुश थे और मुझे सदैव भाई साहब कहकर सम्बोधित किया करते थे। मैं अक्सर मनीष से कहा करता था कि- आप गलत नौकरी में आ गए हैं। आपका व्यक्तित्व पुलिस के चाल,चरित्र और चेहरे से मेल नहीं खाता। वे हंसकर टाल जाते और कभी-कभी कहते पुलिस के इसी चेहरे को तो बदलना है भाई साहब ! मनीष के पिता श्री केएस शर्मा मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव रहे, लेकिन उन्हें इसका कोई दम्भ न था। वे बेहद सहज और मितभाषी थे। मनीष के विवाह में मैं ग्वालियर से भोपाल गया था। तत्कालीन पुलिस महानिदेशक अयोध्या नाथ पाठक और मनीष के पिता जी की जोड़ी का जलवा था।

पाठक जी मेरे पुराने मित्र थे । उनके साथ ही हम पुलिस के मेहमान थे । लौटते में हमें मनीष की शादी के उपलक्ष्य में चांदी का एक सिक्का मिला था जो आज भी हमारे संग्रह में है और मनीष की हमेशा याद दिलाता रहता है।आज भी जब मनीष के जाने की दुखद खबर पढ़ी तो वो सिक्का हमारे हाथ में था। मनीष में असाधारण प्रतिभा थी।मनीष शंकर शर्मा को एक उम्दा रणनीतिकार माना जाता था । अपनी तीन दशक की नौकरी में वे प्रदेश में कम विदेश में ज्यादा सक्रिय रहे। मनीष ने दुनिया के चार महाद्वीपों में सेवाएं दीं। वैश्विक आतंकवाद के विरुद्ध सक्रिय बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी मनीष शंकर शर्मा को अनेक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया ।

## न्यूज फ्लैश

### जगदीशपुर-झुंडपुर यमुना नदी घाट से पकड़ी गई मोटरसाइकिल-ट्राली -उपायुक्त डॉ. मनोज

**जीव। गैरकानूनी ने** बताया कि अवैध खनन को रात-रात भर चौकिंग के लिए बंद किया जा रहा है। रविवार देर रात थाना राय पुलिस व खनन विभाग की टीम द्वारा देर रात एक ट्रेक्टर-ट्राली को गांव जगदीशपुर-झुण्डपुर यमुना घाट पर पकड़ लिया गया। मौका टीम द्वारा रात को ही दावा-ट्राली को पुलिस थाना राय में खनिज अधिनियम 1957, हरियाणा राज्य खनन नियम 2012 के अन्तर्गत व राष्ट्रीय हरित अधिकरण के विनाश की सजा में सीज कर दिया गया है। अंतिम भुगतान भरने के ऊपरअन्त ही बर्खास्त हो जाएगा। जिले में अवैध खनन पर रोक के लिए प्रशानन द्वारा बिक्री जारी है जो भविष्य में जारी रहेगी।



### हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में करनाल के दो किसानों का किया गया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। चौधरी चरणसिंह हरियाणा** कृषि विश्वविद्यालय हिसार में सोमवार को किसान मेले का आयोजन किया गया, जिसमें पूरे प्रदेश के सभी किसानों को उनके कृषि और सम्बंधित क्षेत्रों में अग्रणीय कार्यों हेतु सम्मानित किया गया। मेले में 40 में से 20 महिला किसानों को सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में करनाल जिले से महिला किसान हीना देवी पत्नी प्रवीन कुमार, निवासी कुचपुरा तथा कैमला निवासी सतपाल सिंह को सर्टिफिकेट, मोमेंटो तथा चद्दर और शाल देकर सम्मानित किया गया। सतपाल सिंह को फसल अवशेष प्रबंधन तथा हीना को किचन गार्डनिंग में सराहनीय कार्यों के लिए यह सम्मान प्राप्त हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बलदेव राज काम्बोज ने सभी किसानों को सम्मानित करते हुए उनके कार्यों के प्रति रूचि के भूरी-भूरी प्रशंसा की और भविष्य में बाकी किसानों को भी अपने साथ मिलाकर आगे बढ? के लिए प्रेरित किया। कृषि विज्ञान केंद्र उचानी के कोऑर्डिनेटर डॉ.महा सिंह ने बताया कि किसानों को उनके द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों के लिए सम्मानित करके विश्वविद्यालय का बाकी के किसानों को भी आगे बढ? की प्रेरणा प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि जो किसान या महिला किसान कृषि और उससे संबंधित क्षेत्रों में आगे बढकर कुछ विशेष कार्य करना चाहता है, उनको कृषि विज्ञान केंद्र, टेक्नोलॉजी और जानकारी में पूरा सहयोग देने की कोशिश करते हैं। एक वर्ष में दो बार किसान मेले को आयोजन होता है तथा किसान दिवस पर भी किसानों को सम्मानित किया जाता है।

### प्रदेश सरकार द्वारा पेश किया गया बजट निराशाजनक : ललित बुटाना

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। प्रदेश कांग्रेस कमेटी** के सदस्य एवं किसान सैल के राष्ट्रीय संयोजक व हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन के पूर्व सदस्य ललित बुटाना ने कहा कि हरियाणा सरकार के बजट 2025-26 में करनाल के लोगों को कुछ खास नहीं मिला। पूरे प्रदेश के अधिकतर जिलो को बजट में कई उपहार दिए गए, लेकिन करनाल ठगा सा रह गया। उन्होंने प्रदेश के बजट को दिशाहीन बताते हुए कहा कि इसमें न तो किसानों के लिए कोई नई घोषणा की गई और न ही युवाओं और महिलाओं के लिए। उन्होंने कहा कि पिछले 2014 से अब तक बजट में घाटा लगातार बढ़ रहा है, इसको कम करने के उपायों की कोई घोषणा नहीं की गई। हरियाणा पर लगातार कर्ज बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस बजट को लेकर प्रदेश के लोगों ने जो आशाएं लगाई थी वह पूरी तरह से विफल रही। ललित बुटाना ने कहा कि बजट में करनाल में सामान्य अस्पताल के नवीनीकरण की कोई घोषणा नहीं की गई और न ही मेडिकल कॉलेज के विस्तार की कोई बात की गई।

# सेवा ही संगठन के सिद्धांत से पार्टी को आगे ले जाने का करेंगे काम : प्रवीण

## प्रवी लाठर बने करनाल भाजपा जिलाध्यक्ष जताया शीर्ष नेतृत्व का आभार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। भाजपा ने हरियाणा** में जिलाध्यक्षों की घोषणा कर दी है। आज भाजपा जिला कार्यालय कर्ण कमल में करनाल जिलाध्यक्ष के लिए प्रवीण लाठर के नाम की घोषणा की गई। इस मौके पर मुख्य रूप से हरियाणा के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता,असंध विधायक योगेन्द्र राणा, करनाल विधायक जगमोहन आनंद, जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल, मेयर रेणु बाला गुप्ता मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष के लिए प्रवीण लाठर के नाम की घोषणा होते ही मौके पर मौजूद सभी कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ गई और सभी ने भारत माता की जय के



उद्घोष के साथ नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का फूलों की मालाओं से एवं पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने प्रदेश संगठन, प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली, मुख्यमंत्री नायब सैनी, करनाल के सांसद एवं केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष एवं असंध विधायक योगेन्द्र राणा, जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल, कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता, विधायक जगमोहन आनंद, मेयर रेणु बाला गुप्ता का आभार जताते हुए धन्यवाद किया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने अपने सम्बोधन में कहा कि जिस प्रकार प्रदेश नेतृत्व और आप सभी ने मुझ जैसे छोटे से कार्यकर्ता को यह बहुत बड़ी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, मैं इस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा और सभी को साथ लेकर चलते हुए संगठन की मजबूती के लिए काम करूंगा।अपने राजनीतिक सफर के बारे जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने संगठन में बूथ स्तर, मंडल स्तर और जिला में उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सहित अन्य कई जिम्मेदारियां का निर्वहन किया है। उन्होंने बताया कि कोरोना काल में भी भाजपा के सेवा ही संगठन के सिद्धांत के मध्य नजर लोगों की सेवा करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा कि वह संगठन की रीति-नीति के तहत सभी ज्येष्ठ व श्रेष्ठ कार्यकताओं को साथ लेकर शीर्ष नेतृत्व के दिशा-निदेशों का पालन व संगठन के वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन से पार्टी को आगे बढ़ाने का काम करेंगे।

## नशे के विरुद्ध अभियान में बकेट चौलेंज से जोड़ रहा है एनसीबी हरियाणा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा राज्य** नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह, भापुसे, के दिशानिदेर्शों से आज हरियाणा में बकेट



चैलेंज के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए निरंतर प्रेरित किया जा रहा है। ब्यूरो के पुलिस अधीक्षक श्री मोहित हांडा, भापुसे और पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुड़ी कुमार के नेतृत्व में यह कार्यक्रम सोशल मीडिया के माध्यम से भी जन जन तक पहुँच रहा है। युवा, खिलाड़ी, समाज के प्रतिष्ठित लोग और सामान्य जन इस आंदोलन में सहभागिता कर अपने को गौरवान्वित अनुभव कर रहे है। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो द्वारा गाँव गाँव और शहर शहर में नशे के विरुद्ध एक बड़ा आंदोलन छेड़ा गया है। इस कड़ी में आज हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो द्वारा बकेट चैलेंज के साथ डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल मधुबन को जोड़ा गया। ब्यूरो के जागरूकता कार्य्रकम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा ने विद्यालय के प्राचार्य मंतोषपाल सिंह से स पर्क साधा और उन्हें बकेट चैलेंज से जोड़ा गया। प्राचार्य मंतोषपाल सिंह ने इस अभियान से जुड़ते हुए विद्यालय के अन्य शिक्षकों को जोड़ते हुए कहा कि वे इस अभियान को जन जन तक पहुंचाने में ब्यूरो का सहयोग करेंगे और साथ ही विद्यालय को पूर्ण रूप से नशा मुक्त बनायेगे।

### अवैध खनन में लिप्त एक वाहन को किया जब्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला के** खनन अधिकारी निरंजन लाल के अनुसार अवैध खनन-परिवहन में लिप्त एक वाहन को जब्त किया गया है। जिला के खनन अधिकारी के अनुसार खनन व भू विज्ञान के महानिदेशक केएम पांडुरंग तथा उपायुक्त उत्तम सिंह के निदेर्शानुसार जिला में अवैध खनन करने वालों के खिलाफ मुहिम जारी है। उन्होंने बताया कि एचएसईएनबी के स्टाफ एसआई जितेंद्र, ईएसआई देवेंद्र, एचसी प्रमिन्दर सिंह व खनन रक्षक रोहताश, ईएएसआई सुरेंद्र सिंह की टीम ने एक रेत से भरा हुआ एक ट्रक पकड़ा, जिसको चेक करने पर चालक के पास ई-रवाना बिल प्राप्त नहीं हुआ।

## जनकल्याणकारी गतिविधियां जरूरतमंदों को समर्पित:अंकुश

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत ( कमाल हुसैन )**

**अंकुश मिगलानी, उपाध्यक्ष,** भारतीय रैडक्रास सोसाईटी, हरियाणा ने रैडक्रास कार्यालय, पानीपत का औचक निरीक्षण किया और संस्था द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों का जाजया लिया। इस दौरान उन्होनें रैडक्रास भवन में रक्त सैंटर, कम्पयूटर सैंटर, टी.आई. प्रोजैक्ट वा दिव्यांगजनों को उपलब्ध करवाई जा सुविधाओं की जानकारी हासिल की और कर्मचारियों से भी उनकी समस्याओं बारे जानकारी हासिल की, इस दौरान रैडक्रास के पदाधिकारीगण व कर्मचारीगण मौजूद रहे। उन्होनें कहा कि रैडक्रास के अंतराष्ट्रीय स्तर की संस्था है, जोकि 193



देशों में 700 से अधिक शाखाऐं समाज सेवा के कार्य कर रही है। रैडक्रास के साथ जुड़े सभी कर्मचारियों को दायित्व बनता है कि वह रैडक्रास में आये प्रत्येक व्यक्ति को नियमानुसार उपलब्ध करवाई जाने वाली सुविधा उपलब्ध करवाने में हर संभव प्रयास करे। उन्होनें कहा कि दिव्यांगजनों की सहायता करना रैडक्रास को प्रथम दायित्व है, जिसके लिये हम सभी वचनबद्व है। इस दौरान कार्यालय में आये दो जरूरतमंद व्यक्तियों को तुरंत सहायता, जिसके एक व्यक्ति को बैसाखियां वा एक व्यक्ति को कानों की मषीन उपलब्ध करवाने बारे निर्देश दिये गये। सचिव गौरव राम करण ने बताया वित्त वर्ष के दौरान दिव्यांगजनों को उनकी जरूरत के सहायक उपकरण उपलब्ध करवाने हेतु चार नापतौल शिविरों को आयोजन किया गया और शिविरों में आये सभी पात्र व्यक्तियों को मास अप्रैल, 2025 तक जरूरत अनुसार सहायक उपकरण उपलब्ध करवा दिये जायेंगें। उन्होनें कहा कि नवनियुक्त उपाध्यक्ष अंकुश मिगलानी युवा, कर्मठ व ईमादार छवि के व्यक्ति है, जिन्होनें दिसम्बर, 2024 में कार्यभार संभाला है और तभी से रैडक्रास व सैंटजॉन द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों को बढ़ाने हेतु प्रयासरत है, ताकि हर जरूरमंद, दिव्यांग वा अन्तिम छोर के व्यक्ति को रैडक्रास द्वारा चलाई जा रही।

### सरकार की कथनी व करनी में है फर्क: पंवार

**सोनीपत। पूर्व विधायक** सुरेंद्र पंवार ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा विधानसभा में जो बजट पेश किया गया है, वह बेहद निराश करने वाला बजट है। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था, लेकिन इस बजट से युवाओं को निराशा मिली है, युवाओं को नौकरी देने की समय अवधि का कोई स्पष्ट उल्लेख नहीं किया गया, न हीं सरकार द्वारा कोई भर्ती कैलेंडर के बारे में सदन में बात रखी गई। बुजुर्गों दिव्यांगों सहीत अन्य की पेंशन बढ़ोतरी के बारे में भी कोई विशेष बजट का प्रावधान नहीं किया गया है। बेरोजगार युवकों को सम्मानपूर्वक बेरोजगारी भत्ता भी नहीं दिया जा रहा है। इतना ही नही निराशाजनक बजट होने के बावजूद भी भाजपा अपनी प्रशंसा स्वयं कर रही हैं। मात्र घोषणाओं तक बजट सीमित है। उन्होंने कहा कि सोनीपत के सिविल अस्पताल की हालत सभी क्षेत्र वासियों के समक्ष है लेकिन सरकार ने इस बजट में सिविल हॉस्पिटल सोनीपत में डॉक्टरों की भर्ती, अस्पताल में बेड की संख्या को बढ़ाना सहित अन्य सुविधाओं को बढ़ाने के लिए बजट का कोई प्रावधान नहीं किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने सभी के लिए आवास पर बात की। आज ईडब्ल्यूएस के तहत जो फ़्लैट पहले लोगों को मिले हुए है, उनकी हालत खस्ता हो चुकी है, न बिजली की सुविधा है न पानी की सुविधा है।

## विद्यार्थियों व ड्राइवरों को नशे के खिलाफ जानकारी देकर जागरूक किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

**पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र** सिंह के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाई गई मुहिम के तहत पुलिस टीम ने सोमवार को मनाना गांव में स्थित द ग्रीन हेरिटेज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों को व जीटी रोड पर करहंस गांव के स्थित कपूर इंडस्ट्रीज में ड्राइवरों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया। नशा मुक्त अभियान के जिला में नोडल



अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक समालखा नरेंद्र सिंह ने कहा की नशा मनुष्य के शरीर को अंदर से खोखला कर देता है। नशा करने वाले व्यक्ति को समाज व परिवार में कोई भी मान सम्मान नही करता है। उन्होंने कहा कि नशे से शरीर का नुकशान होने के अतिरिक्त पैसों की भी बबार्दी होती है। नशा करने वाले व्यक्ति का ध्यान अपराध की तरफ बढ़ता है। उन्होंने कहा कि नशा एक गंभीर समस्या है। युवाओं को नशे की गर्त से बचाने के लिए हरियाण पुलिस लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में पुलिस द्वारा स्कूल, कॉलेज, फैक्टरी, गांव व कॉलोनियों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आमजन व विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ जागरूक किया जा रहा है। उप पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह ने कहा कि विद्यार्थी नशे से दूर रहकर पढ़ाई के साथ साथ खेलों में हिस्सा लेकर जीवन को सवारें। खेल हमे नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करते है। समाज के अन्य लोगों को भी नशे से दूर रहने बारें प्ररित करें। जिला व गांव को नशा मुक्त करने में पुलिस का सहयोग करें। उप पुलिस अधीक्षक श्री नरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने इस दौरान विद्यार्थियों व ड्राइवरों को नशे के दुष्परिणामों की जानकरी देकर जीवन में नशा न करने की शपथ दिलाई।

## हरियाणा का बजट सभी वर्ग के लिए है लाभकारी: भाजपा नेता जगबीर आर्य

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**भारतीय जनता पार्टी के** वरिष्ठ नेता जगबीर आर्य ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रदेश की नायब सरकार द्वारा पेश किया गया बजट विकसित भारत विकसित हरियाणा के लिए वरदान साबित होगा। आर्य ने कहा हरियाणा का बजट मुख्यमंत्री ने सभी के हितों को देखते हुए बड़ी गहनता से बनाया। महिलाओं को प्रतिमा ?2100 की आर्थिक सहायता देने का संकल्प लिया था इसे पूरा करने के लिए लाडो



लक्ष्मी योजना को अंतिम रूप दिया जा रहा है ।जिसमें हर 10 किलोमीटर के दायरे में एक नया मॉडल संस्कृति स्कूल जो शिक्षा को बढ़ा देगा। वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों में विज्ञान ,आधुनिक, इंजीनियर व गणित लैब स्थापित की जाएगी। पीएम श्री विद्यालय में पुस्तकालय का निर्माण हरियाणा ओलंपिक पदक विजेताओं को कारोबार के लिए 10 लाख तक की सहायता दी जाएगी। मछली पालन, पशुपालन, बागवानी, कृषि एवं किसान कल्याण के लिए राशि बढ़ा दी। 50000 युवाओं को मॉडल तकनीक का प्रशिक्षण देंगे। 50 लाख युवाओं को रोजगार देने का काम करेंगे। उन्होंने बताया कि यह बजट हरियाणा के हित को देखते हुए बनाया गया।

## स्वच्छ सर्वेक्षण में टॉप रैंकिंग हासिल करने के लिए नगर निगम

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। स्वच्छ सर्वेक्षण** 2024 में टॉप रैंकिंग हासिल करने के लिए नगर निगम मजबूत इरादों के साथ जुटा हुआ है। सोमवार को जिला निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने सफाई शाखा के तमाम जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारियों के साथ जरूरी बैठक कर निर्देश दिए कि स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर तैयारियां मुकम्मल हो चुकी हैं, अब रिविजन पर ध्यान दिया जाए, तभी लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकेगी। स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर बेहतर कार्य करने पर उन्होंने अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार, कार्यकारी अभियंता प्रियंका सैनी के अतिरिक्त सफाई शाखा व



टीम के सदस्यों की सराहना भी की। नगर पालिका सचिव वीडियो कॉंफ्रैंस के माध्यम से बैठक से जुड़े। 12500 अंकों का होगा स्वच्छ सर्वेक्षण- जिला नगरायुक्त ने बताया कि इस बार स्वच्छ सर्वेक्षण 12 हजार 500 अंकों का रहेगा। इसमें दृश्यमान स्वच्छता, कूड़ा पृथक्करण, एकत्रीकरण व परिवहन, ठोस अपशिष्ट्द प्रबंधन, स्वच्छता तक पहुंच, प्रयुक्त जल प्रबंधन, डिस्लजिंग सेवाओं का मशीनीकरण, स्वच्छता की वकालत, पारिस्थितिक तंत्र को मजबूत बनाना और संस्थागत मानदंड, सफाई कर्मचारियों का समग्र कल्याण तथा नागरिक प्रतिक्रिया और शिकायत निवारण जैसे बिन्दूओं के 10 हजार अंक निर्धारित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त ओडीएफ (खुले में शौच मुक्त), ओडीएफ प्लस-प्लस और वाटर प्लस के 1200 अंक तथा कूड़ा मुक्त शहर (जी.एफ.सी.) के 1300 अंक निर्धारित किए गए हैं। वाटर प्लस व 7 स्टार रेटिंग पर दिया जोर- उन्होंने बताया कि नगर निगम ने पहले भी गारबेज फ्री सिटी व ओडीएफ प्लस जैसे विभिन्न पैरामीटर्स पर काम करते हुए 3 स्टार रेटिंग हासिल की थी। चालू सर्वेक्षण में नगर निगम ने गारबेज फ्री सिटी में 7 स्टार रेटिंग तथा वाटर प्लस के लिए आवेदन किया है। गारबेज फ्री सिटी में डोर टू डोर पृथक कूड़ा एकत्रीकरण, रिहायशी व वाणिज्यिक क्षेत्रों में गहन सफाई जैसे बिन्दू शामिल हैं। वाटर प्लस के तहत ट्रीटिड वाटर का कम से कम 20 प्रतिशत प्रयोग सुनिश्चित किया जा रहा है। ऐसे पानी से बागवानी, सिंचाई, औद्योगिक जरूरतें, निर्माण कार्य व सडकों की सफाई की जा रही है। सफाई मित्र सुरक्षा पर रहेगा जोर-उन्होंने बताया कि शहर की साफ-सफाई करने वालों को सुरक्षा उपकरण मुहैया हों, यह सुनिश्चित रहेगा। सफाई कताओं को स्किल डव्लपमेंट ट्रैनिंग और हैल्थ चैकअप कैम्प जैसी गतिविधियां निगम द्वारा की जा चुकी हैं। ऐसे कर्मचारियों को सरकारी स्कीमों का लाभ दिलावाया जा रहा है।

## कल्याणकारी साबित होगा नायब बजट: जगमोहन आनंद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। करनाल के** विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को बतौर वित्त मंत्री हरियाणा विधानसभा में पहला बजट प्रस्तुत किया। विधायक जगमोहन आनंद ने प्रदेश के बजट का स्वागत किया और भूरी-भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह बजट जनता के हित में लाभकारी और हर वर्ग के लिए हितैषी साबित होगा। इतना ही नहीं यह एक लोक कल्याणकारी और विकसित भारत-विकसित हरियाणा बनाने की दिशा में अग्रसर करने वाला बजट है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास और तरक्की के लिए प्रस्तुत किए गए बजट में करनाल जिला को भी बहुत



सौगात मिली है। इनमें करनाल में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत बस अड्डा बनाया जाएगा, जिससे यात्रियों को और सुविधा मिलेगी तथा परिवहन व यातायात और सुलभ होगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं का भी बजट में पूरा ध्यान रखा है, ताकि गरीब व्यक्ति को बेहतरीन तरीके से सरकारी अस्पतालों में इलाज की सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं दुर्घटनाओं के दौरान तथा ट्रॉमा में होने वाले इलाज की सुविधाओं में बढ़ोतरी के लिए जिला अस्पतालों में एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस एवं अन्य संरचनात्मक सुधारों के लिए भारत सरकार ने वर्ष 2025-26 में 201.59 करोड़ रुपये के निवेश को स्वीकृति दी है। अस्पताल एवं डिस्पेंसरी बनाने के लिए एचएसआईआईडीसी द्वारा करनाल में ईएसआईसी नई दिल्ली को रियायती दरों पर भूमि दी जाएगी। हर जिला अस्पताल व हर सरकारी मेडिकल कॉलेज में 50 बैड का एक क्रिटिकल केयर ब्लॉक बनाया जाएगा और ब्लड बैंक की सुविधा का आधुनिकीकरण भी किया जाएगा। जगमोहन आनंद ने कहा कि हरियाणा के भविष्य को सक्षम बनाने के लिए डिपार्टमेंट ऑफ फ्यूचर नाम से नया विभाग बनाया जाएगा तथा डंकी रूट की समस्या के निवारण के लिए इसी सत्र में एक बिल लाया जाएगा। हरियाणा प्रदेश में पिछले 10 सालों में प्रदेश सरकार ने ई-गवर्नेंस पर काफी बल दिया है जिसके तहत ई-गवर्नेंस के तहत जनता की सुविधा के लिए कई विभागीय पोर्टल लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। उन्होंने हरियाणा ओवरसीज एम्प्लॉयमेंट सेल और हरियाणा कौशल एवं रोजगार निगम के माध्यम से युवाओं को अंतर्राष्ट्रीय रोजगार दिलाने के लिए प्रयास करने की घोषणा का भी स्वागत किया है और कहा कि युवाओं के लिए यह प्रयास सौगात लेकर आएंगे। स्टार्टअप में निवेश को बढ़ाने के लिए सरकार निजी निवेशकों को 2000 करोड़ रुपये का एक फंड ऑफ फंड्स बनाने के लिए प्रोत्साहित करेगी तथा युवा पीढ़ी को नशे से बचाने के लिए संकल्प प्राधिकरण का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जीएसडीपी को एक ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के स्तर तक पहुंचाने और हरियाणा में 50 लाख नए रोजगार पैदा करने के लिए मिशन हरियाणा 2047 की शुरूआत की जाएगी। हरियाणा सरकार भारत सरकार की मेक इन इंडिया नीति की तर्ज पर मेक इन हरियाणा कार्यक्रम का प्रारूप बनाएगी। इसके तहत राज्य को निर्माणए डिजाइन और नवाचार का वैश्विक केंद्र बनाने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं लागू की जाएंगीं।

## चुनाव प्रक्रिया को और पारदर्शी व सुचारू बनाने को लेकर राजनीतिक दलों से हुई चर्चा: अनुभव मेहता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। करनाल विधानसभा** चुनाव क्षेत्र के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम करनाल अनुभव मेहता ने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी और सुचारू बनाने के लिए राजनीतिक दलों के साथ बैठक की तथा बैठक में चुनाव प्रक्रिया से संबंधित उनसे सुझाव लिए गए। बैठक में मतदाता सूची के पुनरीक्षण, मतदान केंद्रों की स्थिति, बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) की नियुक्ति, ईवीएम, पोलिंग पार्टी और अन्य चुनावी विषयों पर चर्चा की गई। करनाल विधानसभा चुनाव क्षेत्र के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम करनाल अनुभव मेहता ने कहा कि राजनीतिक दलों ने चुनाव प्रक्रिया से संबंधित बैठक में जो सुझाव दिए हैं, उसकी रिपोर्ट तैयार करके प्रदेश के चुनाव आयोग को भेजी जाएगी। बैठक के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी भी जल्द ही राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि ने सुझाव देते हुए कहा कि वोटर लिस्ट समय-समय पर अपडेट होनी चाहिए और अगर किसी व्यक्ति की मृत्यु हो गई हो तो उसकी वोट समय रहते वोटर लिस्ट से कटनी चाहिए। गांव और शहर में जब भी वोट बने या चुनाव प्रक्रिया से संबंधित कोई जानकारी देने आए तो उसकी सूचना होनी चाहिए, ताकि आमजन को इसका लाभ मिल सके। बैठक के दौरान मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से मतदाता सूची में नाम जोड? और संशोधन, मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान, मतदान केंद्रों की सुविधाएं, घर से मतदान की प्रक्रिया, आचार संहिता, सर्विस वोटर, ईवीएम और वीवीपैट जैसी महत्वपूर्ण विषयों पर भी सुझाव लिए गए।

## न्यूज फ्लैश

### संजीव बने पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के अध्यक्ष, 22 मार्च से संभालेंगे कार्यभार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र** : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के प्रो. संजीव शर्मा को 22 मार्च से आगामी तीन वर्षो के लिए पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग का अध्यक्ष बनाया गया है। यह जानकारी लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने दी। प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि इसके साथ ही प्रो. संजीव शर्मा एकेडमिक काउंसिल व फैकल्टी आफ आर्ट्स के सदस्य होंगे तथा बोर्ड ऑफ स्टडीज के चेयरपर्सन भी होंगे।

### पुलिस लाईन में हुआ परेड का आयोजन, पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मचारियों को किया प्रेरित



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** :सोमवार को पुलिस लाईन में परेड का आयोजन किया गया जिसमे दंगा नियंत्रण बल द्वारा मौक ड्रिल का अभ्यास किया गया। यह अभ्यास किसी भी आकस्मिक परिस्थितियों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लाईन कुरुक्षेत्र में किया गया। पुलिस की कंपनियों की ओर से दंगा नियंत्रण का अभ्यास पुलिस अधीक्षक वरूण सिंगला के निर्देश पर किया गया। परेड के दौरान पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मचारियों को अच्छी ड्यूटी करने के लिए प्रेरित किया। जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक वरूण सिंगला ने कहा कि अभ्यास निरंतर चलने वाली प्रकिया है। इस प्रकिया के तहत पुलिसकर्मियों को अभ्यास करवाया जाता है। उन्होंने बताया कि पुलिसकर्मियों को अभ्यास के दौरान आकस्मिक परिस्थितियों का सामना करने के लिए पूरी तरह से तैयार रहने बारें विस्तृत जानकारी दी जाती है। इस अभ्यास में पुलिसकर्मियों को विधि विरुद्ध भीड़ को नियंत्रित करने के लिए विभिन्न उपकरणों और तकनीकों बारे जानकारी दी गई। इसके साथ ही दंगा नियंत्रण का भी अभ्यास किया गया जिसमें वास्तविक समय की परिस्थितियों में दंगा नियंत्रण की तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। पुलिस अधीक्षक वरूण सिंगला ने निरीक्षण कर पुलिस कर्मियों के इक्विपमेंट चैक करने उपरांत जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने मौक ड्रिल के बाद चीता राइडर्स व डायल-112 पर तैनात कर्मचारियों को जरुरी उनकी ड्यूटी से सम्बंधित जरुरी दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि ड्यूटी के दौरान किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं होगी।

# तेजीन्द्र सिंह गोल्डी बने भाजपा जिला कुरुक्षेत्र के नए अध्यक्ष

### भारतीय जनता पार्टी (भा.ज.पा.) के कुरुक्षेत्र कार्यालय में आज एक महत्वपूर्ण समारोह का किया गया आयोजन

**जिम्मेवारी**

**कार्यकर्ताओं से जुड़ाव उन्हें पार्टी के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की क्षमता प्रदान करेगा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : भारतीय जनता पार्टी (भा.ज.पा.) के कुरुक्षेत्र कार्यालय में आज एक महत्वपूर्ण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री बनवारी लाल ने प्रदेश के पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा की उपस्थिति में जिले के नए भाजपा जिलाध्यक्ष के नाम की घोषणा की। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं और मीडिया प्रतिनिधियों की भी भारी संख्या मौजूद रही। जिला मीडिया प्रभारी शैलेश वत्स ने बताया कि पूर्व मंत्री बनवारी लाल ने घोषणा करते हुए बताया कि पार्टी की नीतियों और संगठनात्मक उद्देश्यों के मद्देनजर, तेजीन्द्र सिंह गोल्डी को कुरुक्षेत्र जिले का नया भाजपा जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है तेजीन्द्र गोल्डी पार्टी के एक प्रतिबद्ध और मेहनती नेता हैं, जिन्होंने वर्षों तक पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण का परिचय दिया है। उनका नेतृत्व जिले में भाजपा के संगठन को और मजबूत करने के लिए उपयोगी साबित होगा। इस मौके पर पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने भी तेजीन्द्र सिंह गोल्डी को अपनी शुभकामनाएं दीं और पार्टी कार्यकताओं से अपील की कि वे गोल्डी के नेतृत्व में काम करें और आगामी चुनावों में भाजपा को ऐतिहासिक सफलता दिलवाने के लिए एकजुट होकर काम करें। सुधा ने कहा कि गोल्डी की संगठनात्मक क्षमता और कार्यकर्ताों से जुड़ाव उन्हें पार्टी के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की क्षमता प्रदान करेगा। शैलेश वत्स ने आगे बताया कि इस मौके पर बनवारी लाल ने पार्टी के उद्देश्यों और आगामी चुनौतियों पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मुख्य उद्देश्य जनता के कल्याण के लिए कार्य करना है, और पार्टी का प्रत्येक सदस्य इसी उद्देश्य को लेकर काम करता है।बनवारी लाल ने बताया कि आने वाले समय में पार्टी को कई महत्वपूर्ण चुनावों का सामना करना है, जिसमें कुरुक्षेत्र जिले का नेतृत्व और संगठनात्मक मजबूती विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। उन्होंने कार्यकताओं से अपील की कि वे अपनी मेहनत और समर्पण से पार्टी की नीतियों और उद्देश्यों को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य करें। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा की सरकार ने हमेशा विकास, सुरक्षा, और जनता के कल्याण को प्राथमिकता दी है, और आने वाले समय में भी पार्टी इसी मार्ग पर चलकर जनता के विश्वास को और मजबूत करेगी। नए जिलाध्यक्ष तेजीन्द्र सिंह गोल्डी ने अपनी नियुक्ति पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया और साथ ही कुरुक्षेत्र जिले के सभी कार्यकताओं से पूर्ण सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि पार्टी का संगठन हर स्तर पर और मजबूत हो, और प्रत्येक कार्यकर्ता को सम्मान मिले। उन्होंने कार्यकताओं से यह भी कहा कि वे स्थानीय समस्याओं को समझें और जनता के बीच पार्टी की नीतियों और योजनाओं को लेकर जागरूकता फैलाएं। गोल्डी ने पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण को फिर से दोहराया।

## जब आप सुख-साधनों के स्वामी बनें, ना कि उनके गुलामः बीके शैली



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**सुखमय संसार**

**अच्छे विचार सुखमय संसार' विषय पर बहुत सुंदर कार्यक्रम का आयोजन किया गया**

**अम्बालाः** ब्रहमाकुमारीज शांतिधाम, 36-37, दयाल बाग द्वारा वशिष्ट नगर में अच्छे विचार सुखमय संसार' विषय पर बहुत सुंदर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शैली दीदी ने इस विषय पर बताते हुए कहां की हमारा हर संकल्प एक ऊर्जा है जो हमारे जीवन को गति, दशा और दिशा प्रदान करता है। सकारात्मक सोच सुखमय जीवन का आधार है। नकारात्मक विचार अपने आप में एक ऐसी ऊर्जा है, जो इंसान की वृत्ति, वाइब्रेशन और वातावरण को दुखदायी बनाती है। यह खुद या दूसरों के लिए समस्याएं उत्पन्न करता है। हमें अपने दैहिक स्वास्थ्य, स्वच्छता और सुंदरता पर ध्यान रखने के साथ-साथ अपने मन, बुद्धि, भावना और विचारों को स्वस्थ, शुद्ध, सुंदर और सकारात्मक बनाने की जरूरत है। उसके लिए हमें अपने अंदर निरंतर चल रहे संकल्प और भावनाओं का निरीक्षण कर उनमें परिवर्तन करने की जरूरत है।

## कला विचारों और संवेदनाओं की अभिव्यक्तिः प्रो. दिनेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**सामूहिक**

**अनहद का शुभारंभ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के डीन, एकेडमिक अफेयर्स प्रो. दिनेश कुमार ने किया**

**कुरुक्षेत्रः** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में ललित कला विभाग में तीन दिवसीय सामूहिक कला प्रदर्शनी अनहद का शुभारंभ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के डीन, एकेडमिक अफेयर्स प्रो. दिनेश कुमार ने किया। उन्होंने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि, कला केवल एक माध्यम नहीं, बल्कि विचारों और संवेदनाओं की अभिव्यक्ति है। अनहद प्रदर्शनी इस बात का सशक्त प्रमाण है कि छात्र कला के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परिचय दे रहे हैं और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में अग्रसर हैं। ललित कला विभाग के अध्यक्ष, डॉ गुरचरण सिंह ने बताया कि यह प्रदर्शनी ललित कला विभाग के तीन विद्यार्थियों विभू त्यागी, कुमुद और एशा चकमा द्वारा आयोजित की गई है। इन छात्रों ने अपनी कला के माध्यम से न केवल अपनी व्यक्तिगत सोच को व्यक्त किया है, बल्कि इस क्षेत्र में अपनी आगामी यात्रा की शुरूआत भी की है। उनकी पेंटिंग्स मेरे व्यक्तिगत दृष्टिकोण और चेतना पर आधारित हैं। कुमुद की पेंटिंग्स उनके बचपन की धुंधली यादों पर आधारित है जो उनकी कला को और भी गहरा और अनोखा बनाती हैं।

## दसवीं की सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई

**शांतिपूर्वक**

**हरियाणा सरकार ने भी कड़ा संज्ञान लेकर परीक्षा व्यवस्था को पुलिस को ठोस जिम्मेदार बनाया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह)**

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय किवाना परीक्षा केंद्र में दसवीं की सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हो गई । स्कूल प्रबंधन समिति और पुलिस प्रशासन के कड़े पहरे में कोई भी शरारती तत्व स्कूल के 500 मीटर के दायरे में कहीं भी दिखाई नहीं दिया। एस एम सी के अध्यक्ष रविंद्र छोक्कर की अध्यक्षता में सभी सदस्य दसवीं की परीक्षाओं को नकल रहित अभियान बनाने में सफल रहे । एसएमसी के सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता मदनपाल छौक्कर ने बताया की नकल करना और नकल करवाना एक अभिशाप है। यह उन बच्चों के भविष्य के लिए खिलवाड़ है जो बच्चे नकल करके पास होते हैं वह कोई भी प्रतियोगी परीक्षा पास नहीं कर पाते क्योंकि नकल दिमाग को कुंद करती है, सोचने तथा याद रखने की क्षमता को कमजोर बनाती है ।उक्त बातें विद्यार्थियों व अभिभावकों को भी समझाने के प्रयास किए गए । परीक्षा केंद्र के सुपरिंटेंडेंट अंग्रेजी प्राध्यापक पवन कुमार अरोड़ा ने बताया कि इस स्कूल में एसएमसी के सदस्यों की सक्रियता एवं पुलिस प्रशासन की निगरानी में नकल रोकने में हम सफल रहे । उन्होंने बताया कि एमसी के अध्यक्ष रविंद्र छोक्कर, वरिष्ठ सदस्य सेवा निवृत सुबे सिंह जी सामाजिक कार्यकर्ता मदनपाल छोक्कर , का सराहनीय योगदान रहा। ऐसे केंद्र पर सुपरिंटेंडेंट के तौर पर ड्यूटी देना मेरे लिए सौभाग्य की बात है । समिति सदस्यों और गांव वालों स्कूल स्टाफ , व पुलिस प्रशासन ने मिलकर परीक्षा केंद्र को नकल रहित बनाने में अग्रणी भूमिका निभाई यह तारीफ के काबिल हैं । उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने भी कड़ा संज्ञान लेकर परीक्षा व्यवस्था को पुलिस को ठोस जिम्मेदार बनाया।

## डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा लगाया गया स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**रक्तदान महादान**

**जीवन केवल अपने लिए नहीं अपितु समाज और राष्ट्र के लिए भी समर्पित होना चाहिए**

**कुरुक्षेत्रः** राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता डायमंड रक्तदाता शतकवीर पर्यावरण प्रहरी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा सेक्टर 3 कुरुक्षेत्र में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया। यह उन द्वारा आयोजित 538 वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर था। शिविर में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ साथ विभिन्न सामाजिक कार्यकताओं ने भाग लिया। मुख्य रूप से कार्यक्रम में एडीसी सोनू भट्ट पधारे हुए थे। शिविर की अध्यक्षता समाजसेवी नरेश सैनी ने की। 174 बार रक्तदान और वे 85 बार प्लेटलेट्स दे चुके शिविर संयोजक पुलिस उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने अतिथियों और रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि रक्त की एक एक बूँद बूँद अमूल्य है। आज का युवा नशे की और जाकर नशे की सुई लगाकर अपने जीवन से खिलवाड़ कर रहा है। यह चिंता का विषय है।

हमारा उद्देश्य युवाओं को उचित दिशा में लेकर जाना है। जीवन केवल अपने लिए नहीं अपितु समाज और राष्ट्र के लिए भी समर्पित होना चाहिए। उन्होंने युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि नशे की सुई से बचें और रक्तदान की सुई लगाकर लोगों के जीवन को बचाने का महत्वपूर्ण काम करें।

## डा. कौशिक बने परशुराम जनकल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष

**भाईचारा**

**ट्रस्ट सर्वसमाज के हित में काम करेगी। समाज में एकता व भाईचारे को बढ़ावा दिया जाएगा।**



**टीम एक्शन इंडिया**

**गोहानाः रविवार** को शहर में पुराना बस स्टैंड स्थित ब्रह्म भवन में भगवान परशुराम जनकल्याण ट्रस्ट ब्रह्म भवन की बैठक हुई। इस मौके पर कार्यकारिणी का नए सिरे से गठन किया गया। गोहाना के प्रमुख चिकित्सक एवं समाजसेवी डा. गजराज कौशिक सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट सर्वसमाज के हित में काम करेगी। समाज में एकता व भाईचारे को बढ़ावा दिया जाएगा। डा. कौशिक को कार्यकारिणी के विस्तार का अधिकार दिया गया। इस मौके पर श्यामलाल वशिष्ठ, सत्यनारायण, महेंद्र भारद्वाज, अधिवक्ता रविंद्र, राजवीर शर्मा, यश वशिष्ठ, आनंद शर्मा, लवल किशोर, अधिवक्ता वेद प्रकाश शर्मा, राजेश, डा. सूबे सिंह, भानू प्रकाश शर्मा, मनोज, सत्यनारायण शर्मा, जयकिशन छपरा, गोपाल कृष्ण शर्मा, जसवंत, विकास, रामदिया बुटाना मौजूद रहे।

## पति ने पहली पत्नी व भाई के साथ मिलकर दूसरी पत्नी को जलाकर मारा

**पानीपत।** पानीपत के चांदनीबाग थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपनी पहली पत्नी और भाई के साथ मिलकर दूसरी पत्नी के ऊपर तेल डालकर आग लगा दी। जिससे पत्नी बुरी तरह झुलस गई तुरंत उसको अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल वालों ने उसको पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पति ने इससे पहले पत्नी के जलने की सूचना अपनी ससुराल में दी कि चाय बनाते वक्त आपकी लड़की जल गई। उसके बाद रोहतक पीजीआई में उपचार के दौरान महिला ने अपनी बहन को आप बीती बताई।

## घोषणाओं को गंभीरता से नहीं लिया तो होगी कार्रवाईः नेहा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**विकास कार्य**

**सीएम अनाउंसमेंट के तहत हो रहे विकास कार्य क्षेत्र की प्रगति की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण होते हैं**

**कुरुक्षेत्र** : उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणाओं को अधिकारी गंभीरता से लेकर कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। अगर किसी स्तर पर सीएम विंडों की शिकायत को लेकर अधिकारी ने लापरवाही बरती तो सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इतना ही नहीं मुख्यमंत्री की घोषणाओं के तहत जो कार्य पूरे हो चुके हैं उन्हें पोर्टल पर अपडेट करवाएं ताकि सही वास्तविक स्थिति का पता चल सके। सभी अधिकारी समय प्रबंधन के साथ विकास कार्यो को गति प्रदान करेंगे ताकि आमजन को विकास परियोजनाओं का लाभ समय पर मिल सके।

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं पर जल्द से जल्द अमल करके उनको पूरा करवाया जाए। विकास कार्यो में गुणवता को लेकर किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीसी ने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणाओं के तहत चल रहे कार्यों में विभाग स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। किसी भी स्तर पर कोई बाधा आने पर तत्काल उनके कार्यालय को अवगत कराएं।

उन्होंने कहा कि सीएम अनाउंसमेंट के तहत हो रहे विकास कार्य क्षेत्र की प्रगति की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण होते हैं। ऐसे में इन प्रोजेक्ट्स को जल्द से जल्द पूरा किया जाए।

डीसी ने कहा कि जिन परियोजनाओं का निर्माण कार्य शेष है या शुरू होना है,उन विकास कार्यो को जल्द पूरा किया जाए। इससे पहले स्वीकृत परियोजनाओं से जुड़ी प्रशासनिक स्वीकृति,एस्टीमेट के साथ जरूरी प्रक्रिया पूरी की जाए,ताकि तेज गति से निर्माण कार्य शुरू हो सके। उन्होंने कहा कि अधिकतर अधिकारी मुख्यमंत्री की घोषणाओं को लेकर गंभीर नहीं है और ना ही निर्धारित समय अवधि के अंदर समस्याओं का समाधान कर रहे है।उन्होंने आदेश दिए है कि आगामी 2 दिनों के अंदर समस्याओं का समाधान करके एटीआर रिपोर्ट पोर्टल पर अपडेट किया जाए।

## शाखा ने मृतक उपभोक्ता को दिया एटीएम दुर्घटना बीमा का लाभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**मदद**

**जितेंद्र शर्मा और शाखा प्रबंधक अशोक कुमार ने मृतक के पिता स्वर्ण सिंह को दो लाख रुपये का बैंक ड्राफ्ट सौंपा**

**कुरुक्षेत्र** : यूनियन बैंक आफ इंडिया की गीता निकेतन स्कूल शाखा द्वारा बैंक के उपभोक्ता रहे मृतक रवि कांत के पिता स्वर्ण सिंह को 2 लाख रुपये का एटीएम दुर्घटना बीमा का लाभ दिया गया है।बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख जितेंद्र शर्मा और शाखा प्रबंधक अशोक कुमार ने मृतक के पिता स्वर्ण सिंह को दो लाख रुपये का बैंक ड्राफ्ट सौंपा। क्षेत्रीय प्रमुख ने बताया कि रविकांत बैंक के ग्राहक थे। उनका गीता निकेतन स्कूल शाखा कुरुक्षेत्र में खाता था। उन्होंने अपने खाते में एटीएम लिया था। 04 सितंबर 2024 को रविकांत की दुर्घटनावश बिजली के खंभे से गिरने से मौत हो गई थी। यूनियन बैंक गीता निकेतन स्कूल शाखा कुरुक्षेत्र ने मृतक रवि कांत के पिता स्वर्ण सिंह को 2 लाख रुपये का एटीएम दुर्घटना बीमा दावा दिया है। उन्होंने बताया कि मृतक रविकांत ने उपरोक्त एटीएम दुर्घटना दावे में कोई बीमा प्रीमियम नहीं दिया है।शाखा प्रबंधक अशोक कुमार ने बताया कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया अपने ग्राहकों को नाममात्र प्रीमियम शुल्क के साथ भारत सरकार की विभिन्न बीमा योजनाएं प्रदान करता है जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा योजना (पीएमएसबीवाई), प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) जिसमें प्रीमियम क्रमशः 20 रुपये और 436 रुपये वार्षिक है। इसके अतिरिक्त यूनियन बैंक ऑफ इंडिया राज्य सरकार के कर्मचारी, केंद्र सरकार के कर्मचारी और निजी कर्मचारी के साथ गठजोड़ के तहत यूनियन सुपर सैलरी अकाउंट में 1.00 करोड़ रुपये तक का दुर्घटना बीमा दावा भी प्रदान करता है। बैंक ने यूएचबीवीएनएल कर्मचारी कृष्ण चंद, निवासी गांव किरमच की प्राकृतिक मृत्यु के कारण 5 लाख रुपये का बीमा भी निपटाया है और मृतक की पत्नी बबली के नामिती को राशि का भुगतान किया है। उन्होंने बताया कि बैंक ने मृतक भगवत लाल निवासी गांव रायसन, करनाल के यूएचबीवीएनएल के साथ यूनियन सुपर सैलरी अकाउंट टाईअप के एक करोड़ रुपये के दुर्घटना बीमा दावे को भी प्रस्तुत किया है। इस मौके पर बैंक के उप शाखा प्रमुख ओम प्रकाश, रिलेशनशिप मैनेजर जगदीश, कृषि अधिकारी अंकित, बैंक के उपभोक्ता सुनील वधवा, शमशेर शर्मा, दया सिंह मौजूद रहे।

## भाजपा अंध भक्त बनाने की फैक्ट्री है : जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्रः** किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि भाजपा ने अपने कार्यकताओं को केवल केवल झूठ बोलना बोलना ही सिखाया है। देश भक्ति का नाटक करो, हिंदू मुस्लिम करो, दलित समाज को शिक्षित ना होने दो, जहां भाईचारा हो वहं पर दुर्वेश भावना पैदा करो, ज्यादा से ज्यादा भ्रष्टाचार फैलाओ और कांग्रेस पार्टी को बदनाम करो। हिंदुत्व के नाम पर औरतों को बहकाने का काम करो, अबोध बच्चों को कांग्रेस के प्रति उकसाओ और उनको सनातन धर्म विरोधी बताओ। इसके इलावा जितना हो सके कांग्रेस पार्टी को हिंदू विरोधी बताओ और देश को केवल हिन्दू पार्टी भाजपा ही बचा सकती है, जगह जगह भाजपा का झंडा लहरा कर भगवा पार्टी का नाम लेकर वोट लेना चाहिए। गरीबों को धमकाओ और उनको रोजगार का लालच दो, हो सके तो उनको बताओ की कांग्रेस पार्टी गरीबों की दुश्मन है। ये भाजपा की देश भक्ति है। बवेजा ने कहा कि राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला लगातार भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाते रहते है। रणदीप सिंह सुरजेवाला आमजन के सच्चे हितैषी है। बवेजा ने कहा कि भाजपा के शीर्ष नेता कांग्रेस नेताओं और सभी नेताओं को छापेमारी से डराती है लेकिन कांग्रेस पार्टी डरने वाली नहीं है। कांग्रेस पार्टी का एक एक कार्यकर्ता स्वयं बलवान है।

# समाज का कोई भी व्यक्ति बड़ी उपलब्धि करता है तो समाज के प्रत्येक व्यक्ति का सीना स्वयं ही गर्व से सीना चौड़ा हो जाता है : डॉ. पंवार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**पानीपत कृष्णपुरा** निवासी कबीरपंथी जुलाहा समाज से सम्बध रखने वाले प्रदीप तोमर पुत्र अजब सिंह ने दिल्ली में आयोजित प्रतियोगिता ओपन बॉडी बील्डिंग चैपियनशिप में जीत हासिल कर गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर राष्ट्रीय कबीरपंथी जुलाहा विकास महासभा ने 68 ग्रीन पार्क तहसील कैम्प स्थित कबीर आश्रम में समाज की ओर से एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित कर प्रदीप तोमर एव उनके गुरु अमित शर्मा व बिजेंद्र वर्मा का पगड़ी व पटका पहनाकर के साथ ही स्मृति चिन्ह देकर फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया ।



सम्मान समारोह में स्थानीय कबीरपंथी जुलाहा समाज के सैकड़ो की संख्या में बुजुर्ग व नोजवान युवा साथी प्रदीप तोमर को अपना आशीर्वाद व शुभकामनाएं देने के लिये उपस्थित हुये । समारोह की अध्यक्षता सद्गुरु कबीर जनसेवा समिति (रजि0) अध्यक्ष पदम सिंह, महासभा अध्यक्ष डॉ0 ओमवीर सिंह पंवार व भगत राजकुमार कटारिया के द्वारा की गई । महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ0 ओमवीर सिंह पंवार ने भारी संख्या उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुये कहा जिंदगी के कुछ पल ऐसे भी आते है जब अपनो के लिये कुछ करना ही सबसे बड़ी खुशी भरे पल होते है । उन्होंने बताया कि प्रदीप तोमर ने इससे पहले सिरसा में ओपन बॉडी बील्डिंग चैपियनशिप प्रतियोगिता में जीत हासिल कर सिल्वर मेडल प्राप्त किया था । डॉ0 पवार ने कहा कि आज प्रदीप तोमर के द्वारा गोल्ड मेडल जीतकर पदक लाने की खुशी व गर्व केवल कबीरपंथी जुलाहा समाज को ही नही अपितु समस्त पानीपत जिला वासियो को गर्व महसूस हो रहा है यह पल पानीपत वासियो के लिए बड़े ही गौरव का पल है।

महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 ओमवीर सिंह पंवार ने प्रदीप तोमर को स्थानीय समाज एवं राष्ट्रीय कबीरपंथी जुलाहा विकास महासभा के समस्त सदस्यो की ओर विश्वास दिलाते हुये कहा कि अगर समाज के होनहार बच्चों को आगे बढ़ने के लिये किसी प्रकार मदद व सहयोग की आवश्यकता होगी तो महासभा उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर हरसम्भव प्रयास करते हुये सभी तरह के पूर्ण सहयोग के लिये सदैव तैयार है ।

परिवार का भी पालन पोषण करते हुये 42 वर्ष की उम्र में भी कठिन परिश्रम व कड़ी मेहनत कर एक बहुत बड़ा मुकाम हासिल कर हमारे समाज व पानीपत का नाम रोशन करने कामयाब रहे है।

# शारीरिक शिक्षक संगठन जिला कुरुक्षेत्र इकाई का गठन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : शारीरिक शिक्षक** संगठन जिला कुरुक्षेत्र का गठन सर्वसम्मति से राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र के केशव सदन में किया गया। इस अवसर पर सर्वसम्मति से दलविंदर जीत सिंह को जिला प्रधान, सचिन चौधरी को जिला चेयरमैन, चंद्रभान को महासचिव व पवन शर्मा को कोषाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यकारिणी का गठन भी सर्वसम्मति से किया गया। जिला कुरुक्षेत्र की नवनियुक्त कार्यकारिणी ने सभी साथियों से वादा किया कि हम सब मिलकर जिला कुरुक्षेत्र के शारीरिक शिक्षक साथियों के लिए कार्य करेंगे। इस मौके पर राज्य




कार्यकारिणी से पर्यवेक्षक के तौर पर राममेहर मलिक व सुरेश खटकड़ जींद से मौजूद रहे। इस अवसर पर जिला शारीरिक शिक्षक संगठन कुरुक्षेत्र के पूर्व एईओ धर्मपाल, ओम प्रकाश, ईशम सिंह, सुखबीर, नरेश, कंवरपाल शर्मा, राधे श्याम शर्मा, सुभाष, सतवीर शर्मा, रोहतास, इंद्रजीत, प्रमोद, गुरमुख सिंह, हरपाल सिंह, सतपाल, सुशील, गोपाल, ब्लॉक प्रधान थानेसर रोहतास, ब्लॉक सचिव थानेसर राजीव, ब्लॉक प्रधान शाहबाद कंवरपाल, ब्लॉक सचिव शाहाबाद गुरदीप, ब्लॉक लाडवा प्रधान सरदार गुरमुख सिंह, ब्लॉक लाडवा सचिव सतीश, ब्लॉक पेहवा प्रधान हरपाल व ब्लॉक पेहवा सचिव जितेंद्र इत्यादि सहित जिला कुरुक्षेत्र के सम्मानित सभी शारीरिक शिक्षक मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### 19 मार्च को आर्य कॉलेज में होगा हास्य कवि सम्मेलन

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) हरियाणा** कला परिषद रोहतक मंडल तथा आर्य कॉलेज पानीपत के संयुक्त तत्वाधान में 19 मार्च को आर्य कॉलेज में हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रदेश के जाने-माने कवि भाग लेंगे । महेंद्र अजनबी , दीपक सैनी , राजेश चेतन , रजनी अवनी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने पधार रहे हैं! डॉ रामनिवास , डॉक्टर मीनाक्षी चौधरी ,डॉक्टर नीलू खालसा , प्राचार्य जगदीश गुप्ता की पूरी टीम मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कमेटी गठित करके प्रचार प्रचार कर रही है। गजेंद्र फोगाट की निदेशक,हरियाणा कला परिषद कार्यक्रम में मुख्य अतिथी शामिल होंगे !आप सभी लोग कला संस्कृति प्रमी कार्यक्रम में सादर आमंत्रित है !

### छात्र हत्याकांड का हुआ खुलासा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। सेक्टर-12 स्थित** सैनी कॉलोनी में फाग वाले दिन खेड़ी छपरा के हिमांशु की हत्या के मामले में पुलिस ने एक आरोपी अमित को गिरफ्तार किया है। आरोपी को करनाल के बसंत विहार से बीती रात पकड़ा गया। अमित बलड़ी गांव का रहने वाला है। पुलिस ने उसके पास से वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद कर लिया है। आज आरोपी को कोर्ट में पेशकर रिमांड पर लिया जाएगा, ताकि उससे और पूछताछ की जा सके। पुलिस की जांच में सामने आया है कि इस हत्याकांड की जड़ें सितंबर 2024 में हुए एक झगड़े से जुड़ी हैं। उस समय आरोपी पक्ष और अंकुर नामक युवक के बीच विवाद हुआ था, जिसमें पैसों का लेन-देन भी शामिल था। यह विवाद होली वाले दिन फिर से भडक गया। घटना के दिन यानी 14 मार्च को आरोपी अमित और अंकुर के बीच फोन पर बहस हो गई थी। इसके बाद अमित ने अंकुर को सेक्टर-12 के मैदान में बुला लिया। होली का माहौल था, इसलिए हिमांशु भी वहां पहुंचा हुआ था। अन्य युवक भी वहां मौजूद थे, जो अंकुर के पीछे-पीछे मैदान में आ गए। जैसे ही दोनों पक्ष आमने-सामने आए, झगड़ा शुरू हो गया। हिमांशु ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, तभी आरोपी अमित ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू लगते ही हिमांशु घायल होकर गिर पड़ा। हिमांशु को आरोपी पक्ष के प्रदीप और अनीश अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन वहां छोडकर चले गए। अस्पताल में इलाज के दौरान हिमांशु की मौत हो गई। इस घटना में एक और युवक घायल हुआ था, जिसका अभी इलाज चल रहा है। सिविल लाइन थाना प्रभारी श्री भगवान ने बताया कि इस मामले में कुल आठ आरोपियों के नाम एफआईआर में दर्ज हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों की पहचान कर ली है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि अन्य फरार आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है और जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### बाइकों की भिड़ंत में दो युवकों की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। नमस्ते चौक के** पास रविवार की रात दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई। मृतकों में एक की पहचान 35 वर्षीय राजेश के रूप में हुई, जो गांव पिंगली का रहने वाला था, जबकि दूसरा मृतक रविशंकर पानीपत के रमालपुर बापौली का रहने वाला था। हादसा उस समय हुआ जब राजेश अपने काम से घर लौट रहा था। मृतक राजेश के परिजनों ने बताया कि राजेश घरौंडा में प्रॉपर्टी डीलर का काम करता था। वहीं रविशंकर करनाल में एक निजी कपंनी में कर्मचारी था। राजेश के परिवार में उसकी पत्नी, एक बेटा और एक बेटी हैं। उसके दोस्त ने बताया कि वह रोज की तरह अपने काम से घर लौट रहा था। वहीं रविशंकर भी करनाल से पानीपत की तरफ अपने घर पर जा रहा था। लेकिन जैसे ही दोनों नमस्ते चौक पर पहुंचे तो आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक सवार सडक पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और शवों को कब्जे में लेकर

# कार्यकर्ताओं की आम सभा का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**भाजपा के जी.टी रोड** कार्यालय के सभागार में भाजपा के पदाधिकारियों और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की आम सभा का आयोजन किया गया। भाजपा जिला चुनाव अधिकारी मीना चौहान ने सभा की अध्यक्षता की। पूर्व सांसद संजय भाटिया, रोशन लाल माहला, अनिल पंवार सुनीता गोयल, सुमित जागलान, डॉ हेमा रमन, अवनीत कौर, संजय अग्रवाल, सुरेन्द्र जलमाना, महावीर दहिया, ,आर. डी कल्याण,रफाकत हसन,बलिंद्र आर्य, रविंद्र तुशामड, ओम दत्त आर्य, ईश कुमार राणा, भाजपा के सभी मंडल अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं सभी पार्षद मौजूद रहे। इस




अवसर पर भाजपा जिला चुनाव अधिकारी मीना चौहान ने कहा कि भाजपा में जिला अध्यक्ष का पद अति महत्वपूर्ण पद होता है और हम सभी के लिए यह गर्व और गौरव विषय है कि वर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष के कार्यकाल में पहले लोकसभा चुनाव फिर विधानसभा चुनाव और अब नगर निगम के चुनाव न केवल शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुए। बल्कि इन सभी चुनाव में पानीपत जिला ने जीत के मार्जिन के मामले में हरियाणा में एक नया इतिहास रच दिया है यही कारण है कि आज सर्व सम्मति से भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट को ही पुनः भाजपा जिलाध्यक्ष बनाया गया है उन्होंने कहा उन्हें और उनकी पार्टी को भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट से पार्टी को उच्चाइयों पर ले जाने कि बहुत अधिक अपेक्षाएं है इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने सभी पदाधिकारियों और सभी कार्यकर्ताओ को विश्वास दिलाया कि वह भाजपा और जनता के लिए चौबीसों घंटे और सातों दिन और अधिक परिश्रम करके उनकी आशाओं के अनुरूप जनता के हित में कार्य करेंगे। इस अवसर पूर्व सांसद संजय भाटिया, अवनीत कौर,रोशन लाल माहला, अनिल पंवार,डॉ हेमा रमन, सुनीता गोयल, संजय अग्रवाल,सुमित जागलान, चांद भाटिया।

# नशे के विरुद्ध अभियान में बकेट चौलेंज से जोड़ रहा है एनसीबी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। हरियाणा** राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह के दिशानिदेर्शों से आज हरियाणा में बकेट चैलेंज के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए निरंतर प्रेरित किया जा रहा है। ब्यूरो के पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा और पुलिस अधीक्षक पंखुड़ी कुमार के नेतृत्व में यह कार्यक्रम सोशल मीडिया के माध्यम से भी जन-जन तक पहुँच रहा है। इस कड़ी में आज हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो द्वारा बकेट चैलेंज के साथ डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल मधुबन को जोड़ा गया। ब्यूरो के जागरूकता कार्य्रकम एवं पुनर्वास प्रभारी/उप निरीक्षक डॉ.अशोक कुमार वर्मा ने विद्यालय के प्राचार्य मंतोषपाल सिंह से संपर्क साधा और उन्हें बकेट चैलेंज से जोड़ा गया। प्राचार्य मंतोषपाल सिंह ने इस अभियान से जुड़ते हुए विद्यालय के अन्य शिक्षकों को जोड़ते हुए कहा कि वे इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में ब्यूरो का सहयोग करेंगे और साथ ही विद्यालय को पूर्ण रूप से नशा मुक्त बनायेगे। कार्यक्रम में विभिन्न शिक्षकों ने इसमें भाग लिया। डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि आज न केवल युग अपितु बच्चा

# होंडा मोटरसाइकिल ने लॉन्च की शाइन 100

**टीम एक्शन इंडिया**
**करनाल।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने आज अपडेटेड OBD2B-कॉम्प्लाएंट शाइन 100 को जबर्दस्त स्टाइल के साथ पेश किया है। नई 2025 होंडा शाइन 100 की कीमत 68,767 रुपये (एक्स-शोरूम, दिल्ली) रखी गई है। यह अब पूरे भारत में एचएमएसआई की डीलरशिप्स पर उपलब्ध है। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रेसिडेंट और सीईओ श्री त्सुत्सुमु ओटानी ने अपडेटेड शाइन 100 पेश करते हुए कहा, "हमें भारत में अपने ग्राहकों के लिए नई डइऊ2इ झ कॉम्प्लाएंट शाइन 100 पेश करते हुए खुशी हो रही है। मार्च 2023 में लॉन्च होने के बाद से, शाइन 100 ने एचएमएसआई के मोटरसाइकिल पोर्टफोलियो में सबसे तेजी से बढ़ते ब्रांडों में से एक के रूप में अपनी जगह बनाई है। एंट्री-लेवल की यह मोटरसाइकिल बहुत भरोसेमंद है, कम पेट्रोल में ज्यादा चलती है, और पैसे के हिसाब से अच्छी है। इसलिए इसे ग्राहकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। नए अपग्रेड के साथ, हमने पर्यावरण को कम से कम नुकसान पहुंचाने और उच्च गुणवत्ता की गाड़ियां लाने की हमारी प्रतिबद्धता को जारी रखा है।"

# कुरुक्षेत्रा फायर सेफ्टी संस्थान में मनाया सर्टिफिकेट वितरण समारोह

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः कुरुक्षेत्रा फायर** एंड सेफ्टी संस्थान के निदेशक राजेन्द्र सैनी ने कहा कि पिपली रोड स्थित कुरुक्षेत्रा फायर एंव सेफ्टी संस्थान में सर्टिफिकेट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि आदरणीय श्री कैलाश चंद जी (कार्यालय प्रभारी) मुख्यमंत्री हरियाणा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । श्री कैलाश चंद ने युवाओं को संबोधन में फायरमैन को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि फायर सेफ्टी कोर्स जहां जान माल की हानि से बचाता है



वही देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में सहायक है। अगर समय रहते आग पर काबू पा ले तो बहुत बड़े नुकसान से बचा जा सकता है। कैप्टन गुरमेल सिंह एमडी ने संस्थान व फायर सेफ्टी कोर्स की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि देश की सेना से लेकर तकरीबन 20 विभागों में यह कोर्स काम आता है। कोई भी 12वी पास छात्र एक वर्षीय विभागों में सेवाएं देकर रोजगार प्राप्त कर सकता है।

# कर्मचारियों को पक्का करके नियुक्ति पत्र दिए

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। सहकारी चीनी** मिल में बुधवार को दि शुगर मिल कर्मचारी यूनियन (इंटक) की वर्षों पुरानी लंबित मांग को एमडी राजीव प्रसाद ने पूरी करते हुए 18 दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को पक्का करके नियुक्ति पत्र दिए। इंटक की मांग पूरी करने पर यूनियन के सभी पदाधिकारियों व कर्मचारियों ने एमडी राजीव प्रसाद का आभार जताया। इस मौके पर राकेश कुमार प्रधान, गुरमीत सिंह महासचिव, राजपाल लाठर कर्मचारी निदेशक, संजय कंबोज निदेशक, ओमपाल मढ निदेशक, भजनलाल मुख्य अभियंता रणधीर राणा मौजूद रहे।

# अवैध कॉलोनी में किए गए निर्माण को किया नष्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : जिला नगर** योजनाकार की टीम ने उपायुक्त के आदेशानुसार कुरुक्षेत्र में राजस्व संपदा कुरुक्षेत्र के गांव बाहरी में एक गांव 2.5 एकड़ में एक अवैध कॉलोनी में जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। जिला नगर योजनाकार अधिकारी विक्रम कुमार ने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि राजस्व संपदा कुरुक्षेत्र के गांव बाहरी में लगभग 2.5 एकड़ में पनप रही एक अवैध कालोनी में उपायुक्त के आदेशानुसार प्रशासन के सहयोग से तोडफोड़ की कार्रवाई अमल में



लाई गई है।

डीटीपी विक्रम कुमार ने कहा कि उपायुक्त के आदेशानुसार डयूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने राजस्व संपदा कुरुक्षेत्र के गांव बाहरी में लगभग 2.5 एकड़ में पनप रही एक अवैध कॉलोनी में कच्ची सडकों, डीपीसी व कंट्रोल एरिया में एक अवैध निर्माण को पीले पंजे से हटाया गया। उन्होंने कहा कि डीटीपी विभाग के पास राजस्व संपदा कुरुक्षेत्र के गांव बाहरी में लगभग 2.5 एकड़ में एक अवैध कॉलोनी के पनपने का मामला आया था, जिसके उपरांत विभाग द्वारा भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी कर जरूरी अनुमति लेने के आदेश दिए गए थे। परंतु भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों ना तो अवैध कालोनियों में किए जा रहें निर्माण को रोका और ना ही विभाग से अनुमति प्राप्त की। इस पर कार्रवाई करते हुए विभाग द्वारा इन अवैध कालोनियों में निर्माण को नष्टद करने का काम किया गया है। उन्होंने लोगों को सचेत करते हुए कहा कि सस्ते प्लाटों के चक्कर में प्रॉपर्टी डीलर के बहकावे में आकर प्लाट ना खरीदें और ना ही किसी प्रकार का निर्माण कार्य करे।

# नेशनल हाईवे पर बुजुर्ग किसान की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। नेशनल हाईवे पर** स्थित नीलकंठ ढाबे के अपॉजिट साइड एक सडक हादसे में 62 वर्षीय किसान की मौत हो गई। मृतक की पहचान अमरजीत सिंह के रूप में हुई है, जो हांसी रोड की गली नंबर-6 के रहने वाले थे। जानकारी के अनुसार अमरजीत सिंह रविवार देर शाम बाइक से घर लौट रहे थे। रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वे सडक पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके से गुजर रहे राहगीरों ने तुरंत उन्हें कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

मृतक की परिजन गुरनीत कौर ने बताया कि हादसा नीलकंठ ढाबे के सामने हुआ। परिवार को किसी राहगीर ने फोन कर सूचना दी कि अमरजीत सिंह का एक्सीडेंट हो गया है और वे अस्पताल ले जाए जा रहे हैं। जैसे ही परिवार के लोग अस्पताल पहुंचे, उन्हें अमरजीत सिंह की मौत की खबर मिली। गुरनीत कौर ने बताया कि उन्हें यह समझ नहीं आ रहा कि अमरजीत सिंह वहां तक पहुंचे कैसे, क्योंकि यह उनका रूट नहीं था। उनके खेत यूपी बॉर्डर के पास हैं और वे हर दिन समय पर घर लौटते थे।

# सात दिवसीय विशेष एनएसएस कैंप का हुआ शानदार समापन

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**एसडी पीजी कॉलेज** पानीपत में कुरुक्षेत्र विश्वविधालय के एनएसएस पाठ्यक्रम के अनुसार आयोजित सात दिवसीय विशेष एनएसएस कैंप का विधिवत समापन हो गया । कॉलेज प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा,प्रोग्राम ऑफिसर डॉ राकेश गर्ग और डॉ संतोष कुमारी ने समापन समारोह में सभी प्रतिभागी एनएसएस कार्यकताओं को कैंप में किये गये उत्कृष्ठ कार्य और सेवा भाव के लिए प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार वितरित किये गए । विदित रहे कि सात दिन चले इस कैंप में झुग्गी-बस्तियों एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वयंसेवकों ने अपनी कर्मस्थली बनाकर वहां सामाजिक और



सामुदायिक हित के कार्य किये जिनमे साफ-सफाई, कुपोषण के प्रति जागरूकता, कैशलेस अर्थव्यवस्था, महिलाओं की शिक्षा और सुरक्षा, बच्चों की बिमारियों से मुक्ति, डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम, घरेलू हिंसा से बचाव जैसे मुद्दों पर युवाओं ने बढ़-चढ़ कर काम किया । सांय कालीन सत्र में एसएसएस स्वयंसेवकों ने नृत्य और गीत पेश किये । आज स्वयंसेवकों ने रेलवे स्टेशन पर जाकर आमजन को कॉलेज में आयोजित होने वाली विकसित भारत युवा संसद 2025 की जानकारी दी । कैंप में अच्छे प्रदर्शन पर पुरुषों में सौरभ और महिलाओं में काजल एवं संध्या को सर्वश्रेष्ठ एनएसएस स्वयंसेवक चुना गया । डॉ अनुपम अरोड़ा ने कहा कि एनएसएस कार्यकर्ताओ को समाज के गरीब लोगों, भेदभाव की भावना, व्यसन की आदत, शारीरिक बीमारीयो, बेरोजगारी, शैक्षिक समस्याओं, अक्षमता तथा मानसिक बीमारीयो जैसी जीवन की कठिन चुनौतियों में दूसरों की मदद का जरिया बनना चाहिए । अच्छे एनएसएस कार्यकर्ता को संकट का निवारण करना आना चाहिए और दैनिक जीवन के तनावों को अधिक प्रभावी रूप से सामना करने में व्यक्तियों तथा परिवारों को परामर्श देने में समर्थ रहना चाहिए । एनएसएस एक ऐसा कार्य है जो जीवन की उन्नत गुणवत्ता के लिए निवारक तथा पुनर्स्थापन कार्य के इच्छुक व्यक्तियों, परिवारों तथा समुदायों को सेवाएं देता है । समुदायवाद और परस्पर मदद का भाव एनएसएस की आत्मा है । उन्हें कॉलेज के एनएनएस कार्यकताओं के जज्बे और लगन को देखकर बहुत सुखद अहसास हुआ है । ये छात्र अवश्य ही अपने जीवन में नई ऊँचाइयों को छुएंगे । समर्थ, संवेदी युवा ही विकसित भारत का आधार है । प्रोग्राम ऑफिसर डॉ राकेश गर्ग ने कहा कि एनएसएस एक कल्याणकारी सोच है और इसके माध्यम से उपचारात्मक संबंध स्थापित कर सामाजिक कार्य किये जा सकते है।

# प्रदेश का बजट प्रत्येक वर्ग के लिए लाभकारी सिद्ध होगा: सांसद नवीन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः सांसद नवीन** जिन्दल ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा पेश किया गया बजट प्रत्येक वर्ग के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। बजट प्रस्तुत करते समय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सभी वर्गों का खास ध्यान रखा है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए 2,05,017 करोड़ रुपये का बजट पेश किया गया है। जो पिछले वर्ष की तुलना में 13.70% अधिक है। सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि चुनाव के समय घोषणा पत्र में जो वायदे सरकार ने किए



थे। उन्हें बजट प्रस्तुत करते समय पूरा करने का काम सरकार ने किया है। 'लाडो लक्ष्मी योजना' के तहत 18 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को प्रतिमाह 2,100 रुपये प्रदान करने की योजना भी जल्दी शुरू कर दी जाएगी। फसल अवशेष को आग लगने से बचाने के लिए तथा प्रदूषण नियंत्रण पर रोक लगाने की दिशा में पराली प्रबंधन के लिए प्रति एकड़ 1,200 रुपये का प्रावधान किया गया है। सांसद जिन्दल ने कहा कि प्रदूषण रोकने के लिए वे खुद भी प्रयासरत थे, जिसके लिए उन्होंने किसानों से धान के सीजन के बाद खुद भी संवाद किया था। हर 10 किलोमीटर के दायरे में एक संस्कृत मॉडल स्कूल खोले जाने की घोषणा का स्वागत करते हुए सांसद जिन्दल ने कहा कि इसे संस्कृत भाषा का प्रचार-प्रसार होगा ।

# आदर्श नगर ट्रेडर्स एसो. ने होली मंगल मिलन समारोह का किया आयोजन












**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आदर्श नगर ट्रेडर्स एसोसिएशन ने होली मंगल मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में खास बात यह रही कि नवनिर्वाचित विधायक राजकुमार भाटिया की भी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में आदर्श नगर ट्रेडर्स एसोसिएशन के सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों के साथ-साथ दुकानदारों ने जमकर होली खेली और एक-दूसरे को होली की बधाई दी।

इस मौके पर आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजकुमार भाटिया का फूल-मालाओं से भव्य अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम को

**मिलन समारोह**

**▶▶ विधायक राजकुमार भाटिया ने कहा कि होली का पर्व रंगों का त्योहार है और यह त्योहार हमें भाईचारे को मजबूत बनाने का संदेश देता है।**

संबोधित करते हुए विधायक राजकुमार भाटिया ने कहा कि होली का पर्व रंगों का त्योहार है और यह त्योहार हमें भाईचारे को मजबूत बनाने का संदेश देता है। आज के दिन हम सभी को एक दूसरे की बुराइयों को भुलाकर आपस में गले मिलना चाहिए और समाज को एक नई दिशा देने का संकल्प लेना चाहिए। होली उमंगो व रंगों का त्योहार है, जो आपस में सौहार्द और प्रेम की भावना को बढ़ाता है।

उन्होंने कहा कि होली का त्योहार हमें सभी मतभेद भुलाकर मनाना चाहिए।

**ये लोग रहे मौजूद:** आदर्श नगर ट्रेडर्स एसोसिएशन के प्रेसिडेंट अमरजीत सिंह, जनरल सेक्रटरी संदीप कुमार, सतीश अरोड़ा, विनीत गोयल, राहुल ढल, छाबड़ा जी, प्रमोद खंडेलवाल, अनिल अग्रवाल सहित भारी संख्या में पदाधिकारियों की मौजूदगी रही।



## कनॉट प्लेस में सेलिब्रिटी अवार्ड इवेंट के साथ मनाई गई 10वीं वर्षगांठ

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** अंतर्राष्ट्रीय सार्वजनिक वक्ता एवं संचार कोच, संस्थापक एवं सीईओ, एमएस टॉक्स ऑथर शेरी के नेतृत्व व्यावसायिक उत्कृष्टता और व्यक्तिगत विकास के लिए समर्पित एक प्रमुख मंच है। इसने एक विशेष सेलिब्रिटी अवार्ड इवेंट के साथ अपनी 10वीं वर्षगांठ कनॉट प्लेस ले मेरिडियन बड़ी धूमधाम से मनाई। इस भव्य अवसर पर बॉलीवुड अभिनेत्री और बिग बॉस फेम मनारा चोपड़ा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। इस अवसर पर सेलिब्रिटी बिजनेस अवार्ड से मोहिंदर सिंह मलिक, कुणाल बजाज, संजय जैन, अजय कपूर, जे एस अहलूवालिया, डॉ. पवन



कंसल, डॉ. अरिंदम चौधरी, करनैल सिंह चीमा, नवरतन अग्रवाल, फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड्र्स एसोसिएशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा, डॉ. डी.के. अग्रवाल, इं. जय प्रकाश मल्होत्रा, डॉ. संचित शर्मा, अर्पित चड्ढा, ऋचा मेहता, डॉ.परमीत सिंह चड्ढा और जसलीन कौर चड्ढा, गौरव गुप्ता और शुभम गुप्ता, इंदु टीकू कोहली, अमरदीप क्रिस्टल, प्रभात सनोत्रा, रोजी आहूजा, सोनल गर्ग, जय सिंह कटारिया, पूजा मल्होत्रा, पूजा दहिया धनखेर, विक्की आहूजा, एडवोकेट सुभाष शर्मा, सुदेश, मानव सोनकर, अंशुमान सिंह, विश्व मोहन, विनय चौधरी, डॉ. अजय पांडे, अर्चना गौड़, नीतू सिंघल, प्रवीण शर्मा डी ज्वेलर्स, अनिल मित्तल- एमडी सतमोला, जगजीत सिंह एरी, रूबी बिंद्रा और स्विंदर बिंद्रा, सीए डॉ. राजीव गुप्ता, डॉ. चारू दत्त अरोड़ा, अरिहंत जैन, मनीष छाबड़ा, एचएस कोहली, इंद्रदीप सिंह ओबेरॉय, मिशेल डेविड दिनेश कुमार को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ऑथर शेरी ने बताया वह 10 वर्षों से इसी प्रकार विभिन्न उद्योगपति, बिजनेसमैन व इंडस्ट्रियल को सम्मानित करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि एमएस टॉक्स का मकसद विभिन्न क्षेत्रों में पब्लिक स्पीकर तैयार करना है जो अपने-अपने क्षेत्र में लोगों को जागरुक कर पाए।



समाजसेवी धीरेन पुंडीर के बेटे के जन्मदिन पर आयोजित श्री श्याम लाडला परिवार के मासिक कीर्तन में श्याम बाबा का आशीर्वाद लेते हुए केशवपुरम जोन के डिप्टी चेयरमैन सुशील जोंटी व अन्य।

## स्वामी दयानन्द अस्पताल में लिफ्ट खराब होने से मरीजों को हो रही परेशानी: भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** गोकुलपुर विधानसभा के मीतनगर में स्वामी दयानन्द अस्पताल के जच्चा बच्चा वार्ड में पिछले दो साल से ज्यादा समय से लिफ्ट खराब है। जिसके चलते मरीजों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इस मामले पर करावल नगर कांग्रेस जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज का कहना है कि तीन मंजिल बने इस अस्पताल में केवल एक ही लिफ्ट थी, दूसरी लिफ्ट और वेटिंग लाउंज की मांग भी एक लंबे समय से चली



आ रही थी लेकिन अब एकमात्र लिफ्ट भी डेढ़ साल से खराब है। इस सबके चलते जच्चा बच्चा वार्ड से संबंधित गर्भवती महिला मरीजों को कितनी परेशानी होती होगी यह बताने की बात नहीं है? स्वामी दयानन्द अस्पताल निगम के सबसे पुराने अस्पतालों में से एक है। जिसमें आस-पास के एक बड़े इलाके के लोग इलाज के लिए आते हैं लेकिन सबसे ज्यादा गर्भवती महिलाओं और प्रसूति रोगी ज्यादा होते हैं।

जिनको तीन तीन मंजिल पर आना-जाना पड़ता है। लेकिन लिफ्ट ना होने के कारण मरीजों को बहुत परेशानी होती है। जनवरी माह में भी यह अस्पताल सुर्खियों में रहा था। जब इसी अस्पताल में डिलीवरी के लिए पहुंची एक महिला को बेड नहीं मिल पाया तो उस महिला कि स्ट्रेचर पर ही डिलीवरी हो गई थी। मैने तब भी कुछ अखबारों के माध्यम से इस मुद्दे को उठाया था।

उन्होंने आगे बताया कि मूलभूत सुविधाओं के अभाव में इस तरह के कई वाक्ये इस अस्पताल में हो चुके हैं और प्रशासन है कि आंखे बंद करे किसी बड़े हादसे की बात जोह रहा लगता है।

जबकि पूर्व में रही आम आदमी पार्टी की सरकार हेल्थ सिस्टम को लेकर वोट बैंक की राजनीति करती रही है।

## यमुना में सीवेज पानी की वजह से 6400 गुणा दूषित पानी पाया जाना चिंताजनक: देवेन्द्र यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने यमुना में लगातार घुलते जहर पर चिंता जताते हुए कहा कि भाजपा सरकार को यमुना के प्रदूषित जहरीले जल की स्वच्छता और गुणवत्ता पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए क्योंकि एनजीटी के निदेर्शानुसार दिल्ली प्रदूषण कंट्रोल कमेटी यमुना के जल की क्वालिटी चेक की मासिक रिपोर्ट में उजागर हुआ है कि तय मानकों अनुसार 8 जगह के सैंपल की रिपोर्ट में यमुना के पानी में 6400 गुणा दूषित जल पाया गया है। यह



रिपोर्ट केजरीवाल शासन के दौरान भी आती थी। यमुना सफाई और भ्रष्टाचार को मुख्य मुद्दा बनाकर सत्ता में आई भाजपा पिछले 1 महीने से जनता से किए वायदों को दरकिनार करके दिल्ली वालों के साथ धोखा देने का काम कर रही है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि यमुना का पानी अभी पीने योग्य नहीं है जो दिल्ली के लिए चिंताजनक है। यमुना की यह स्थिति लगातार लम्बे समय से असंशोधित सीवेज और इंडस्ट्रियल वेस्ट घुलने के कारण हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की मुख्यमंत्री और मंत्री भी आम आदमी पार्टी की भांति यमुना में सर्वेक्षण के नाम पर फोटो खिंचवाने का काम कर रहे है, कार्य योजना को कार्यान्वित करने में संवेदनशीलता अभी तक कहीं दिखाई नहीं दी। यमुना सफाई, कूड़े के पहाड़ अथवा दिल्ली की सड़कों की खस्ताहाल, हर विषय पर भाषण और बयान सब केजरीवाल की कार्यशैली से मिलते-जुलते प्रदर्शित हो रहे है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि एक से दो महीनों में भीषण गर्मी होने पर दिल्ली में जल संकट हर वर्ष होता रहा है, भाजपा सरकार को दिल्ली जल बोर्ड को जल संशोधित क्षमता बढ़ाने के दिशा-निर्देश जारी करने चाहिए ताकि दिल्ली वालों को जल संकट झेलना न पड़े और भाजपा अपने वायदे अनुसार दिल्ली वालों को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के प्रति योजनाबद्ध तरीके से काम करें।

## 'रेल की वित्तीय स्थिति अच्छी, यात्रियों को दे रहे पहले से अधिक सब्सिडी'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: रेल मंत्री** अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को राज्यसभा में रेल मंत्रालय की अनुदान मांगों पर चर्चा के जवाब में भारतीय रेल की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि भारतीय रेल यात्रियों को किफायती किराए पर सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर अग्रणी स्थान हासिल कर रही है। जहां हमारे देश में रेलवे का किराया पड़ोसी देशों पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका के रेल किराए से भी कम है, वहीं पश्चिमी देशों में रेल किराया तो भारत की अपेक्षा 10-20 गुना अधिक है। रेल यात्रियों को दी जा रही सब्सिडी




पर रेल मंत्री ने कहा कि अभी ट्रेन से प्रति किलोमीटर यात्रा की लागत 1.38 है, लेकिन यात्रियों से केवल 73 पैसे लिए जाते हैं, यानी 47% सब्सिडी दी जाती है। वित्त वर्ष 2022-23 में यात्रियों को ?57,000 करोड़ की सब्सिडी दी गई, जो 2023-24 (प्रोविजनल फिगर) में बढ़कर करीब 60,000 करोड़ हो गई। हमारा लक्ष्य न्यूनतम किराए पर सुरक्षित और बेहतर सेवाएं देना है। रेल विद्युतीकरण के फायदों पर प्रकाश डालते हुए मंत्री ने कहा कि यात्रियों और कार्गो की बढ़ती संख्या के बावजूद ऊर्जा खर्च स्थिर है। भारतीय रेल 2025 में स्कोप 1 नेट जीरो और 2030 तक स्कोप 2 नेट जीरो हासिल करेगी। मंत्री ने बताया कि बिहार के मढौरा कारखाने में बने लोकोमोटिव का निर्यात जल्द शुरू होगा। भारतीय रेल के पैसेंजर कोच मोजाम्बिक, बांग्लादेश और श्रीलंका को निर्यात किए जा रहे हैं, साथ ही लोकोमोटिव भी मोजाम्बिक, सेनेगल, श्रीलंका, म्यांमार और बांग्लादेश को निर्यात हो रहे हैं। बोगी के अंडर-फ्रेम यूनाइटेड किंगडम, सऊदी अरब, फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया को और प्रपल्शन पाट्र्स फ्रांस, मैक्सिको, जर्मनी, स्पेन, रोमानिया और इटली को निर्यात किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस साल भारत में 1,400 लोकोमोटिव का उत्पादन हुआ, जो अमेरिका और यूरोप के संयुक्त उत्पादन से अधिक है। साथ ही, 2 लाख नए वैगन बेड़े में जोड़े गए हैं। 31 मार्च को समाप्त हो रहे वित्त वर्ष में भारतीय रेल 1.6 बिलियन टन कार्गो ढोकर दुनिया के टॉप 3 देशों में शामिल होगा, जिसमें चीन, अमेरिका और भारत होंगे। यह रेलवे की बढ़ती क्षमता और लॉजिस्टिक्स सेक्टर में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को दशार्ता है। उन्होंने ऐलान किया कि रेल सुरक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए 41,000 एलएचबी कोच तैयार किए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में सभी आईसीएफ कोच को एलएचबी में बदला जाएगा। लंबी रेल, इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग, फॉग सेफ्टी डिवाइस और 'कवच' सिस्टम तेजी से लागू किए जा रहे हैं।

## देश का नाम इंडिया से बदलकर भारत करने की मांग पर जल्द फैसला करें सरकार: कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। दिल्ली हाई कोर्ट** ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया है कि वो देश का नाम इंडिया से बदलकर भारत करने की मांग संबंधी प्रतिवेदन पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक जल्द फैसला करे। जस्टिस सचिन दत्ता ने याचिकाकर्ता को याचिका वापस लेने की भी अनुमति दी। कोर्ट ने केंद्र सरकार के वकील को निर्देश दिया कि वो संबंधित मंत्रालयों को इस मामले पर जल्द फैसला करने को कहें। हाई कोर्ट ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 3 जून 2020 को इस याचिका का निस्तारण करते हुए कहा था कि केंद्र सरकार इस पर जल्द फैसला करे।

सुप्रीम कोर्ट के 2020 के आदेश के बाद याचिकाकर्ता नमाह ने अब दिल्ली हाई कोर्ट में इस आदेश के पालन के लिए याचिका दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि याचिकाकर्ता के पास हाई कोर्ट आने के अलावा कोई विकल्प मौजूद नहीं था। याचिका में कहा गया था कि देश का नाम इंडिया हटाया जाना चाहिए। यह ग्रीक शब्द इंडिका से निकला है। याचिका में कहा गया था कि संविधान के अनुच्छेद एक में संशोधन करने की जरूरत है। इस संशोधन के जरिये इस देश का नागरिक अपने औपनिवेशिक इतिहास को अंग्रेजी नाम को हटाने के रूप में प्राप्त करेंगे, जो एक राष्ट्रीय भावना पैदा करेगा। याचिका में कहा गया था कि इंडिया नाम को हटाने में भारत संघ की ओर से विफलता हुई है, जो गुलामी की प्रतीक है। याचिका में कहा गया था कि अंग्रेजी नाम से जनता को चोट लगी है, जिसकी वजह से विदेशी शासन से कठिनाई से हासिल की गई स्वतंत्रता की हानि हुई है। याचिका में 15 नवंबर, 1948 को हुए संविधान के मसौदे का जिक्र किया गया है, जिसमें संविधान के प्रारूप 1 की धारा 1 पर बहस करते हुए एम अनंतशयनम अय्यंगर और सेठ गोविंद दास ने इंडिया की जगह भारत, भारतवर्ष या हिन्दुस्तान नामों को अपनाने की वकालत की थी।

# सरकार ने सहारनपुर को दी नई पहचान : सीएम

## सीएम योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान कार्यक्रम में हुए शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**सहारनपुरः मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सहारनपुर के वुड कार्विंग को वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडेक्ट के माध्यम से वैश्विक मान्यता मिल रही है। आज दुनिया में करीब एक हजार करोड़ की कीमत के वुड कार्विंग प्रोडेक्ट का एक्सपोर्ट हो रहा है। सहारनपुर का वुड कार्विंग दुनिया के मार्केट में पहुंच रहा है। सहारनपुर को दिल्ली और लखनऊ से जोड़ने के लिए कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। जल्द ही सहारनपुर से दिल्ली का रास्ता मात्र पौने दो घंटे में पूरा किया जा सकेगा। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सहारनपुर में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के तहत



365 उद्यमियों को ऋण वितरण में कही। उन्होंने कहा कि यहां पर मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय का निर्माण अंतिम दौर में है जबकि 10 साल पहले यहां विश्वविद्यालय का निर्माण एक कल्पना थी। वहीं मां शाकुम्भरी धाम का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। ऐसे में आने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी नहीं होगी। सहारनपुर में एक अलग ही ऊर्जा देखने को मिलती है। उस ऊर्जा के साथ जब डबल इंजन की सरकार जुड़ती है तो सहारनपुर को एक नई पहचान प्राप्त होती है। मुझे यहां के

**पहचान**

**यूपी पुलिस के 60,244 आरक्षी पदों का झटके में रिजल्ट निकाल करके युवाओं के सपनों को उड़ान दी**

ऊजार्वान उद्यमी, युवाओं और अन्नदाता किसानों से बहुत कुछ जानने और सीखने का अवसर प्राप्त होता है।
मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान कई उद्यमियों को ऋण का चेक, ओडीओपी के तहत वुड कार्विंग प्रोडक्ट बनाने के टूल्स और प्रमाण पत्र प्रदान किए। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युवा उद्यमियों के लगाए गए ओडीओपी प्रोडेक्ट की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। स्टॉलों पर जाकर प्रोडेक्ट की जानकारी हासिल की।

**सरकार इसलिए नहीं बनाई जाती कि वह भाई भतीजा वाद करके लूट करेः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोई सरकार इसलिए नहीं बनायी जाती है कि वह भाई भतीजावाद करके लूट खसोट करे बल्कि इसलिए बनायी जाती है कि वह आपकी पहचान और उद्यमिता का सम्मान करने के साथ उसे आगे बढ़ाए। पूरे प्रदेश में होली की खुशियां उत्साह और उमंग के साथ मनायी गयी। वहीं सरकार ने यूपी पुलिस के 60,244 आरक्षी पदों का झटके में रिजल्ट निकाल करके युवाओं के सपनों को उड़ान दी है।

# विन्ध्याचल मण्डल में कृषि निर्यात को मिलेगी नई दिशा, मण्डलायुक्त की अध्यक्षता

**टीम एक्शन इंडिया**
**मीरजापुरः विन्ध्याचल** मण्डलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में कृषि निर्यात निगरानी समिति की बैठक सोमवार को आयुक्त कार्यालय सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में कृषि निर्यात नीति में हुए संशोधनों, परिवहन अनुदान, ग्लोबल गैप एवं जैविक खेती सर्टिफिकेशन तथा एमआरएल टेस्टिंग के लिए अनुदान पर चर्चा की गई।
सहायक कृषि विपणन अधिकारी डॉ. अमित यादव ने किसानों, एफपीओ और निर्यातकों को विभिन्न
योजनाओं की जानकारी दी। जैविक क्लस्टर, देसी बाजरा, ताजी सब्जियों के क्लस्टर विकसित करने पर जोर दिया गया

**सभागार**

**कृषि निर्यात निगरानी समिति की बैठक सोमवार को आयुक्त कार्यालय सभागार में सम्पन्न हुई**

जिससे किसानों को वित्तीय सहायता का लाभ मिल सके।
मण्डलायुक्त ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से कृषि निर्यातकों को उनके उत्पादों पर परिवहन अनुदान देने की नीति अपनाई गई है। इस संदर्भ में भदोही के निर्यातक शाश्वत पांडेय को पहले ही इसका लाभ मिल चुका है। बैठक में जीआई उत्पादों जैसे आदम चीनी चावल, बनारसी लंगड़ा आम, बनारसी पान पत्ता, रामनगर भंटा और बनारसी ठंडई के अधिकृत उपयोगकताओं की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया गया। मण्डलायुक्त ने उद्यान, कृषि, खाद्य एवं औषधि प्रसाधन विभाग को इन उत्पादों के अधिकृत उपयोगकर्ता बनाने के निर्देश दिए। इससे किसानों को उनके उत्पाद का प्रीमियम मूल्य मिलेगा और कृषि निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर संयुक्त विकास आयुक्त रमेश चंद्र, संयुक्त निदेशक कृषि डॉ. अशोक उपाध्याय, संयुक्त आयुक्त उद्योग वीरेंद्र कुमार, अपर आयुक्त खाद्य एवं औषधि प्रसाधन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, किसान, एफपीओ और निर्यातक उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### तहसील कर्मचारी बेचकर खा गए 70 बीघा सरकारी जमीन के आलू

**बागपत: दबंगों** से कब्जा मुक्त कराई गई 70 बीघा जमीन से सरकारी कर्मचारी आलू बेचकर खा गए। इसकी शिकायत खेकड़ा तहसील में डीएम से की गई है। डीएम ने मामले की जांच करने के निर्देश दिए हैं।
सोमवार को खेकड़ा तहसील दिवस में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया था। तहसील दिवस में सरकारी जमीन से बीस लाख रुपये के आलू चोरी की शिकायत दर्ज की गई है। यह शिकायत खेकड़ा क्षेत्र के गोना गांव के निवासी धर्मपाल ने तहसील में दर्ज कराई है। धर्मपाल ने बताया कि कुछ दिन पूर्व तत्कालीन डीएम ने गांव की 70 बीघा सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराया था। भूमि पर आलू की फसल लगाई गई थी, लेकिन तहसील कर्मचारियों ने भूमाफियाओं से मिलकर आलू की फसल चोरी कर ली और जमीन पर फिर से कब्जा करा दिया है। धर्मपाल ने मामले की जांच कराकर आलू की चोरी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। जिलाधिकारी ने मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया है।

### विंध्यधाम में भक्तों को डिजिटल सुविधा: फ्री वाई-फाई शुरू, बिजली व्यवस्था होगी और मजबूत

**मीरजापुर: विंध्याचल** धाम आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अब मुफ्त वाई-फाई की सुविधा उपलब्ध होगी। नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने सोमवार को मां विंध्यवासिनी मंदिर में दर्शन-पूजन के बाद इस सेवा का शुभारंभ किया। मंत्री ने बताया कि क्षेत्र में बिजली आपूर्ति को बेहतर बनाने के लिए जर्जर तारों और पुराने ट्रांसफॉर्मरों को बदला जा रहा है। निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए प्रमुख स्थानों को दो अलग-अलग ग्रिड से जोड़ा जाएगा, जिससे किसी एक स्रोत में बाधा आने पर भी बिजली की आपूर्ति जारी रह सकेगी। उन्होंने प्रयागराज कुंभ की सफलता का उल्लेख करते हुए आश्वासन दिया कि आगामी नवरात्रि और रामनवमी के दौरान भी भक्तों के लिए बेहतरीन व्यवस्थाएं की जाएंगी।
इस अवसर पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी, मझवां विधायक शुचिस्मिता मौर्या, एसपी सिटी नितेश सिंह और तीर्थ पुरोहित दिवाकर मिश्र सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### मुठभेड़ में छेड़खानी का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर: हलिया** थाना पुलिस ने सोमवार को छेड़छाड़ की घटना में फरार चल रहे आरोपित को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। उसके दो अन्य साथियों को भी हिरासत में लेकर पुलिस कार्रवाई कर रही है।
अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन ओपी सिंह ने बताया कि 16 मार्च को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें चार युवक एक लड़की के साथ छेड़खानी करते हुए नजर आ रहे हैं। इस वीडियो को संज्ञान में लेकर हलिया थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपितों की तलाश में जुट गई।
एएसपी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि छेड़खानी का मुख्य आरोपित पिंटू पाल मुरलिया के जंगल में छिपा है। इस सूचना पर एसओजी, सर्विलांस और थाना हलिया की संयुक्त पुलिस टीमों ने इलाके की घेराबंदी की। इस दौरान मुठभेड़ में आरोपित पिंटू के दायें पैर में गोली जा लगी। उसे घायल हालत में गिरफ्तार करते हुए इलाज के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। इस मामले में अन्य दो आरोपित दीपक भट्ट, विवेक पाल को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। घटना से जुड़े चौथे आरोपी आजाद की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं।

### पूंजीवादी पार्टियां बसपा को कमजोर करने में लगी हैं: मायावती

**लखनऊ: बहुजन** समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने सोमवार को अपने आवास पर प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि अपने जीते ?जी अपने भाई-बहन और रिश्ते-नातों के स्वार्थ में पार्टी को कभी भी कमजोर नहीं पड़ने दूंगी। वैसे भी मेरे लिए भाई-बहन और रिश्ते-नाते केवल बसपा का ही एक अंग है, उसके सिवाय कुछ भी नहीं। पार्टी के हित में बहुजन समाज के लोग अपनी पूरी ईमानदारी व निष्ठा से कार्य करते हैं तो उन्हें पार्टी में जरूर आगे बढ़ने का मौका दिया जाएगा। इस मामले में कभी मेरे रिश्ते-नाते आड़े नहीं आएंगे। उन्होंने कहा कि मैं सावधानी तौर पर यह भी बताना चाहूंगी कि पिछले कुछ सालों से सत्ता व विपक्ष में बैठी सभी जातिवादी, सांप्रदायिक व पूंजीवादी पार्टिया बसपा के विरूद्ध अंदर ही अंद इसे बसपा को कमजोर करने की पूरी कोशिश में लगी हैं। यह प्रयास बाबा साहेब के जीते जी भी किया गया गया था।

### 3100 के गवर्नर डॉ. काव्य सौरभ जैमिनी प्रशिक्षण के लिए जाएंगे

**मुरादाबादः रोटरी इंटरनेशनल** डिस्ट्रिक्ट 3100 के 2027-28 के नवनिर्वाचित गवर्नर मुरादाबाद निवासी डॉ. काव्य सौरभ जैमिनी प्रशिक्षण के लिए मंगलवार को ओडिसा के भुवनेश्वर जाएंगे। डॉ. काव्य सौरभ जैमिनी ने मंगलवार को बताया कि उड़ीसा के भुवनेश्वर के होटल ताज विवंता में 18 मार्च से 20 मार्च तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण के साथ लक्ष्य निर्धारण कार्यक्रम भी आयोजित होगा।
प्रशिक्षण के दौरान रोटरी के विजन और कार्ययोजना का प्रस्तुतीकरण होगा। इस कार्यक्रम के समन्वयक रोटरी इंटरनेशनल डायरेक्टर एम मुरुगानंदम होंगे।

# योगी सरकार की नई पहल से अब सरकारी स्कूल देंगे निजी स्कूलों को टक्कर

**टीम एक्शन इंडिया**
**ग्रेटर नोएडाः योगी** सरकार परिषदीय विद्यालयों को आधुनिक शिक्षा केंद्रों में बदलने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है।
ऑपरेशन कायाकल्प योजना के तहत अब परिषदीय विद्यालय सिर्फ स्कूल नहीं, बल्कि अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त समावेशी शिक्षा केंद्र के रूप में विकसित हो रहे हैं। इसी कड़ी में ग्रेटर नोएडा के मथुरापुर में 1.30 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित हाईटेक विद्यालय का उद्घाटन 19 मार्च को किया जाएगा। इस ऐतिहासिक पहल का शुभारंभ प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह करेंगे।



**बच्चों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार कर रही योगी सरकारः** योगी सरकार की प्राथमिकता केवल अधिक विद्यालय खोलना नहीं, बल्कि उनकी गुणवत्ता को बेहतर बनाना है। आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा देने और बच्चों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने के उद्देश्य से स्मार्ट क्लासरूम, डिजिटल बोर्ड, प्रयोगशालाएं, समावेशी शिक्षा सुविधाएं और स्वच्छता व स्वास्थ्य प्रबंधन को विशेष रूप से शामिल किया गया है। वर्तमान में इस विद्यालय में 90 छात्र अध्ययनरत हैं, लेकिन सरकार का लक्ष्य आगामी सत्र में 150 से अधिक बच्चों का प्रवेश सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा है। योगी सरकार की इस पहल से अब सरकारी विद्यालय भी निजी स्कूलों की तरह उच्चस्तरीय सुविधाओं से लैस हो रहे हैं, जिससे छात्रों को समान अवसर मिल सकें।

**छात्रों के लिए उपलब्ध होंगी आधुनिक सुविधाएंः** इस नवनिर्मित विद्यालय में छात्रों की शिक्षा को आधुनिक और प्रभावी बनाने के लिए स्मार्ट क्लासरूम की सुविधा दी गई है, जहां प्रत्येक कक्षा में डिजिटल बोर्ड और स्मार्ट लर्निंग टूल्स लगाए गए हैं। शिक्षा के साथ-साथ स्वच्छता और स्वास्थ्य का भी पूरा ध्यान रखा गया है। छात्रों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था आरओ और वाटर फिल्टर के माध्यम से की गई है, वहीं छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालय बनाए गए हैं, जिससे स्वच्छता और सुविधा दोनों सुनिश्चित हो सकें। विद्यालय में सुरक्षा के भी विशेष प्रबंध किए गए हैं। आकस्मिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए हर कक्षा में दो दरवाजे बनाए गए हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में छात्रों को आसानी से निकाला जा सके। मिड-डे मील के लिए भी अलग से एक भवन तैयार किया गया है, जहां छात्र आराम से बैठकर भोजन कर सकेंगे।

# परिवहन विभाग की विशेष पहल फेस बुक पेज किया लांच, ट्विटर और इंस्ट्राग्राम पर है उपलब्ध

**टीम एक्शन इंडिया**
**जौनपुरः उप** संभागीय परिवहन विभाग द्वारा आम जन मानस को बेहतर सुविधा देने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार की पहल पर फेस बुक पेज विभाग द्वारा लॉन्च किया गया है,जिस पर विभाग की सभी योजनाओं और कामों की जानकारी उपलब्ध है।लोग इस फेस बुक पेज का उपयोग कर अपने आप विभाग से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।इस संबंध में हिन्दुस्थान समाचार प्रतिनिधि से बात करते हुए संभागीय परिवहन निरीक्षक अशोक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि परिवहन विभाग ने जनसाधारण तक आसानी से पहुंचने के लिए सोशल मीडिया का एक प्लेटफार्म तैयार किया है। जिसमें फेसबुक और इंस्टाग्राम पर एक पेज बनाया गया है। जिसका क्यू आर कोड भी ऑफिस के बाहर लगा दिया गया है जिससे आम जनता उसे अपनी समस्याएं भी हमें अवगत करा सकते हैं और विभाग के जो अपडेट हों, उसे देख सकते हैं। इसमें कोई जन शिकायत नहीं दर्ज होगी। उसके लिए अलग से प्लेटफार्म बढ़ाया गया है। इस पोर्टल पेज के माध्यम से विभाग द्वारा क्या नया अपडेट किया जा रहा है, इसकी सूचना आप सभी को मिलती रहे। वहीं विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार पर उन्होंने कहा कि वर्तमान में ऐसा नहीं है, सभी 48 व्यवस्थाएं ऑनलाइन हैं । किसी को ऑफिस आने की आवश्यकता नहीं है । विभाग में कोई पैसा जमा नहीं करना है।ऐसे में भ्रष्टाचार की बात कहां से आती है, पहले कुछ इस तरह की बातें थीं, जिस पर विभाग द्वारा कार्रवाई भी की गई है।
कुछ बिचौलिए इस तरह का काम करते हैं। इसकी सूचना भी मेरे पास भी आई है। सड़क सुरक्षा की सार्थकता के प्रति एक शपथ पत्र भी भरवाया जा रहा है, जिससे कहीं कोई व्यक्ति गड़बड़ी करता है तो उसके खिलाफ लिखित में शिकायत प्राप्त की जा सके।

### शताब्दी एक्सप्रेस में होली खेलने वाले 8 कर्मचारियों पर कार्रवाई, दो बर्खास्त

**कानपुरः कानपुर** शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन के एसी चेयरकार का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में सफाईकर्मी और पैंट्रीकार स्टाफ के होली खेलने पर राजधानी दिल्ली से कानपुर तक हुड़दंग करते हुए होली खेल रहे हैं। कर्मचारियों ने ट्रेन की बोगी के अंदर ही जमकर अबीर-गुलाल उड़ाए जिससे कि ट्रेन की सीटें भी गंदी हो गईं। मामले में आरपीएफ ने आरोपितों पर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और सीटों को गंदा करने पर कार्रवाई करते हुए आठ कर्मियों को हिरासत में ले लिया। वहीं टीएस समेत दो को बर्खास्त कर दिया गया है।

# मेरठ जोन अंतर्जनपदीय पुलिस खेल प्रतियोगिता शुरू

## पहले दिन फ्री स्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता में गौतमबुद्धनगर हेमलता ने मारी बाजी



**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबादः मेरठ जोन,** मेरठ की 28वीं अंतर्जनपदीय पुलिस कुश्ती क्लस्टर (महिला/पुरुष) कुश्ती, बॉक्सिंग, बाडी बिल्डिंग व आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता सोमवार को महामाया स्टेडियम में शुरू हुई। प्रतियोगिता का उद्घाटन सहायक पुलिस आयुक्त मसूरी/लाइन्स लिपि नगायच ने किया। प्रतियोगिता के पहले दिन 53 किग्रा भारवर्ग फ्री स्टाइल कुश्ती में हेमलता कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर ने प्रथम,श्वेता जनपद मेरठ ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में 65 किग्रा में अभिषेक जनपद मेरठ ने प्रथम स्थान एवं आदेश जनपद सहारनपुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा बॉक्सिंग महिला वर्ग में 51 किग्रा भारवर्ग में राशि शर्मा कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर ने प्रथम स्थान एवं अंजू कमिश्नरेट गाजियाबाद ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।
प्रतियोगिता 19मार्च तक चलेगी। प्रतियोगिता में मेरठ जोन, मेरठ के जनपद हापुड़, बागपत, मेरठ, मुजफ्फरनगर, शामली एवं कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर व गाजियाबाद के 216 खिलाड़ियों के अलावा कुश्ती, बॉक्सिंग, बाडी बिल्डिंग आर्म रेसलिंग के अलग-अलग भार वर्गों मे अन्य खिलाड़ी भाग ले रहे हैं ।
प्रतियोगिता के शुभारम्भ के अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन्स धर्मेन्द्र सिंह, उप निरीक्षक महावीर सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# वन ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था बनाने में आबकारी विभाग कर रहा योगदान

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः उत्तर** प्रदेश के आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने सोमवार को आबकारी आयुक्त कैम्प कार्यालय में विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए बड़ा दावा किया। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश को वन ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने में आबकारी विभाग का महत्वपूर्ण योगदान होगा। मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 63 हजार करोड़ रुपये आबकारी राजस्व अर्जित करने का लक्ष्य निर्धारित हैं। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए राजस्व प्राप्ति में केवल 20



प्रतिशत वार्षिक अभिवृद्धि करनी होगी, जबकि वर्तमान में लगभग 12 प्रतिशत वार्षिक की वृद्धि से राजस्व अर्जित किया जा रहा है। वर्ष 2023-24 में कुल 45,570.47 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्त हुआ था, जो वर्ष 2022-23 में प्राप्त 41,252.24 करोड़ रुपये के सापेक्ष 4,318.23 करोड़ रुपये अधिक है। इस प्रकार आबकारी राजस्व में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। नितिन अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में माह फरवरी तक कुल 42828.57 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई हैं, जो वर्ष 2023-24 की अवधि में प्राप्त 41224.16 करोड़ रुपये के सापेक्ष 1604.41 करोड़ अधिक है। उन्होंने राजस्व अर्जित करने में टॉप 10 जिलों की सराहना की और न्यूनतम रहने वाले टॉप 10 जिलों को राजस्व बढ़ाने के सख्त निर्देश भी दिये।
आबकारी मंत्री ने कहा कि आबकारी नीति में आंशिक संशोधन के बाद राजस्व पर अनुकूल प्रभाव पड़ रहा है। प्रथम चरण की ई-लॉटरी सम्पन्न हो चुकी है, जिसमें देशी मदिरा की कम्पोजिट शॉप, भांग की 1323 दुकानों तथा 430 मॉडल शॉप का व्यवस्थापना सम्पन्न हुआ है।

# सितम्बर में अयोध्या को मिल जाएगी फॉरेंसिक लैब

**टीम एक्शन इंडिया**
**अयोध्याः अयोध्या** में मंडल मुख्यालय स्तरीय बी ग्रेड फॉरेंसिक साइंस लैब निर्माण तेजी से हो रहा है। इस बी ग्रेड फॉरेंसिक साइंस लैब के निर्माण का जिम्मा लोक निर्माण विभाग को सौंपा गया है। 47 करोड़ की लागत से आकार ले रही लैब का निर्माण टेढ़ी बाजार क्षेत्र में रेलवे स्टेशन के निकट हो रहा है। सब कुछ ठीक रहा तो यह सितंबर में बनकर तैयार हो जाएगी।
दरअसल यहां जिला स्तरीय क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र के एक फील्ड यूनिट का कार्यालय है। यहां विशेषज्ञ समेत अन्य की तैनाती की गई है लेकिन इनके पास विधिक रूप से जिम्मा केवल



सैंपल एकत्रीकरण कर संबंधित लैब को जांच के लिए भिजवाने का ही है। अपराध अन्वेषण में यह लोग पुलिस की व्यावहारिक मदद तो कर सकते हैं, लेकिन विधिक रिपोर्ट लैब की ही मान्य है। ऐसे में, बी ग्रेड फॉरेंसिक साइंस लैब के निर्माण से केवल कुछ अति आधुनिक जांचों को छोड़कर ज्यादातर जांचें यहीं पर संभव हो जाएंगीं, जिससे समय और धन की बचत तो होगी ही, साथ ही त्वरित रिपोर्ट हासिल हो सकेगी। मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री व सेवन को रोकने के लिए एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के गठन के बाद संचालित लैब का बोझ काम करने के लिए फॉरेंसिक साइंस लैब की संख्या और दायरा बढ़ाने पर विचार शुरू हुआ। इसके बाद योगी सरकार ने अयोध्या समेत छह मंडल मुख्यालयों पर बी ग्रेड लैब संचालन को हरी झंडी दी थी।

**पांच मंजिला भवन में रहेंगी अत्याधुनिक सुविधाएंः** बी ग्रेड फॉरेंसिक साइंस लैब का निर्माण कुल 10266.40 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में किया जा रहा है। विभाग के पास मौजूद कुल जमीन 15220 वर्ग मी. में बाकी ओपन स्पेस रहेगा। गृह विभाग के टेक्निकल सेल व नियोजन विभाग के समन्वय से ईपीसी मोड पर निर्माण कार्यों को पूरा किया जा रहा है। यूपीपीडब्ल्यूडी की ओर से तैयार कराये गए डीपीआर के मुताबिक पांच मंजिला लैब की बिल्डिंग 10266.40 वर्ग मीटर में स्थित होगी। इसमें दो मंजिला डॉरमेट्री एवं गेस्ट हॉउस 395.90 वर्ग मीटर में, गैरेज एन्ड एलायड बिल्डिंग 250.20 वर्ग मीटर में, मैसेंजर व गॉर्ड रूम 89 वर्ग मीटर में, वर्कशॉप 42 वर्ग मीटर में, 1000 किलोवाट से ज्यादा क्षमता का विद्युत व पंप रूम 51.50 वर्ग मीटर में निर्मित कराया गया है।
साथ ही 100 किलो लीटर क्षमता की उपरिगामी टंकी, सीसी रोड, इंटरलॉकिंग और बाउंड्रीवॉल जैसे निर्माण कार्यों को पूर्ण किया गया है।

# महिला आयोग की सदस्य और सांसद ने बच्ची के परिजनों से मिले

## घटना के विरोध में लोगों ने बाजार किया बंद, पुलिस बल तैनात

**टीम एक्शन इंडिया**
**हाथरसः सादाबाद** थाना क्षेत्र के गांव बिसावर में बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना से इलाके में आक्रोश व्याप्त है। सोमवार को घटना के विरोध में बिसावर व मई में बाजार बंद रहे। वहीं पीड़ित बच्ची के परिजनों से मिलने उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य मंजू सिंह और सांसद अनूप प्रधान पहुंचे। उन्होंने परिवारीजनों से मुलाकात कर घटना की विस्तृत जानकारी ली और न्याय दिलाने का

**आक्रोश**

**इलाके में आक्रोश व्याप्त है। सोमवार को घटना के विरोध में बिसावर व मई में बाजार बंद रहे**

भरोसा दिया। इससे पूर्व बाजार के व्यापारियों ने प्रतिष्ठानों को बंद करते हुए दुष्कर्मी को मृत्युदंड और उसके घर पर बुलडोजर चलाए जाने की मांग की। थाना पुलिस व चौकी इंचार्ज ने संभ्रात व्यक्तियों के सहयोग से व्यापारियों और ग्रामीणों को समझाकर शांत कराया। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि आरोपित को गिरफ्तार किया जा चुका है। वहीं बीती रात हुई मुठभेड़ में वह घायल हुआ है। उसे जल्द सजा दिलाने का आश्वासन देने के बाद बाजार खुल गया। हालांकि क्षेत्र में अभी भी तनाव का माहौल बना हुआ है और कई थानों का फोर्स तैनात है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 18 मार्च 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

# डबल इंजन की सरकार ने सहारनपुर को दी नई पहचान: सीएम

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**वैश्विक**

**▸▸ कार्यक्रम में सीएम युवा योजना के तहत 365 उद्यमियों को वितरित किया गया ऋण**



**टीम एक्शन इंडिया**
**सहारनपुर/लखनऊः** सहारनपुर के वुड कार्विंग को वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडेक्ट के माध्यम से वैश्विक मान्यता मिल रही है। आज दुनिया में करीब एक हजार करोड़ की कीमत के वुड कार्विंग प्रोडेक्ट का एक्सपोर्ट हो रहा है। आज सहारनपुर का वुड कार्विंग दुनिया के मार्केट में पहुंच रहा है। सहारनपुर को दिल्ली और लखनऊ से जोड़ने के लिए कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। जल्द ही सहारनपुर से दिल्ली का रास्ता मात्र पौने दो घंटे में पूरा किया जा सकेगा। यहां पर माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय का निर्माण अंतिम दौर में है जबकि दस साल पहले यहां विश्वविद्यालय का निर्माण एक कल्पना थी। वहीं मां शाकुम्भरी धाम का सुंदरीकरण किया जा रहा है। ऐसे में आने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी नहीं होगी। सहारनपुर में एक अलग ही ऊर्जा देखने को मिलती है। उस ऊर्जा के साथ जब डबल इंजन की सरकार जुड़ती है तो सहारनपुर को एक नई पहचान प्राप्त होती है। मुझे यहां के ऊर्जावान उद्यमी, युवाओं और अन्नदाता किसानों से बहुत कुछ जानने और सीखने का अवसर प्राप्त होता है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सहारनपुर में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के तहत 365 उद्यमियों को ऋण वितरण में कही। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम के दौरान कई उद्यमियों को ऋण का चेक, ओडीओपी के तहत गुड कार्विंग प्रोडेक्ट बनाने के टूल्स और प्रमाण पत्र प्रदान किये। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युवा उद्यमियों द्वारा लगाए गए ओडीओपी प्रोडेक्ट की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। साथ ही उनके स्टॉल पर जाकर प्रोडेक्ट की जानकारी हासिल की।


**साहूकार और सूदखोर से मुक्त कराना**

**सीएम** ने कहा कि प्रदेश में नए उद्यमी तैयार किये जा रहे हैं। इसकी शुरूआत मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के माध्यम से शुरू हो रही है। इसके तहत पहले चरण में एक लाख युवाओं को बिना ब्याज का लोन दिया जा रहा है। अब तक 31,000 युवा उद्यमियों लोन वितरित की कार्यवाही आगे बढ़ चुकी है। सहारनपुर में आज मेडिकल कॉलेज और नर्सिंग कॉलेज बन रहे हैं। यहां बस स्टैंड, सिटी में जल भराव की समस्या का समाधान किया जा चुका है। सहारनपुर को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने की कार्यवाही चल रही है। उन्होंने कहा कि एमएसएमई का बहुत बड़ा बेस उत्तर प्रदेश में है। उत्तर प्रदेश पहला राज्य है, जहां एमएसएमई यूनिट को सुरक्षा गारंटी दी जा रही है। आपदा के दौरान उद्यमी के साथ कोई घटना या दुर्घटना होने पर पांच लाख रुपये का सुरक्षा बीमा प्रदान किया जा रहा है। सीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी केवल ऋण वितरण कार्यक्रम नहीं है बल्कि सरकार उद्यमियों के साहूकार और सूदखोर से मुक्त कराना चाहती है। सीएम ने कहा कि सहारनपुर में स्पोर्ट्स कॉलेज का निर्माण हो रहा है।

**कोई सरकार इसलिए नहीं बनाई जाती कि वह भाई भतीजा वाद करके लूट खसोट करे**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोई सरकार इसलिए नहीं बनायी जाती है कि वह भाई भतीजावाद करके लूट खसोट करे बल्कि इसलिए बनायी जाती है कि वह आपकी पहचान और उद्यमिता का सम्मान करने के साथ उसे आगे बढ़ाए। पूरे प्रदेश में होली की खुशियां उत्साह और उमंग के साथ मनायी गयी। वहीं सरकार ने यूपी पुलिस के 60,244 आरक्षी पदों का झटके में रिजल्ट निकाल कर-के युवाओं के सपनों को उड़ान दी है। इस रिजल्ट में सहारनपुर के भी बहुत सारे युवाओं ने अपनी जगह बनायी है। सीएम ने विधायकों से कहा कि वह पुलिस भर्ती परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों के ट्रेनिंग में जाने से पहले उनके साथ बैठक करें, इससे अन्य युवाओं को हौसला बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 1947 से 2017 के बीच उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में केवल 10,000 महिलाएं ही कार्य करतीं थीं जबकि हमने एक ही भर्ती में 12,000 से अधिक बेटियों को भर्ती किया है। इससे पहले भी 1,56,000 भर्ती की गईं थीं। वहीं पिछली सरकारों में भाई भतीजा वाद के अलावा कुछ नहीं होता था। पिछले साढ़े सात वर्षों में 7 लाख से अधिक नौजवानों को सरकारी नौकरी दी गयी है। इन भर्तियों में कोई भाई भतीजा वाद, जातिवाद, क्षेत्र और भाषा का आरोप नहीं लगा सकता है।

# भूमि लगान के बड़े बकायेदारों पर नीतीश सरकार की सख्ती




**टीम एक्शन इंडिया**
**पटनाः राज्य** सरकार भूमि लगान की बड़ी रकम रखने वाले रैयतों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने जा रही है। राजस्व एवं भमि सुधार विभाग के सचिव जय सिंह ने सभी जिलाधिकारियों को पत्र लिखकर कहा है कि वे भू लगान के बड़े बकायेदारों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू करें। यह कार्रवाई लोक मांग वसूली अधिनियम (पीडीआर एक्ट) के तहत होगी। इसके तहत बकायेदारों के विरूद्ध सर्टिफिकेट केस दर्ज किए जाएंगे। यह पत्र इस साल 10 फरवरी को मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा की अध्यक्षता में हुई समीक्षा के संदर्भ में जारी किया गया है।

**विभाग ने रखा था 600 करोड़ का लक्ष्य**

समीक्षा बैठक में पाया गया कि भू लगान एवं सैरातों से राजस्व की वसूली लक्ष्य के अनुरूप नहीं हो रही है। चालू वित्त वर्ष (2024-25) के लिए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने भू लगान मद से छह सौ करोड़ रुपये की वसूली का लक्ष्य रखा था। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में 31 जनवरी तक की वसूली का आंकड़ा दिया गया।

कुल राशि 435 करोड़ 78 लाख बताई गई। यह लक्ष्य का 66.14 प्रतिशत है। विभागीय मंत्री संजय सरावगी ने भी विधानसभा के बजट सत्र में यही आंकड़ा पेश किया।

**गांवों में होगा शिविरों का आयोजन**

पत्र में कहा गया है कि लगान जमा करने के लिए भू धारियों के बीच प्रचार प्रसार किया जाए। उन्हें जागरूक बनाया जाए। संबंधित हल्का के राजस्व कर्मचारी गांवों में शिविर आयोजित करें। बड़े बकायेदारों की पहचान कर वसूली की कार्रवाई करें। जरूरत पड़े तो लोक मांग अधिनियम का सहारा लें।

**भूमि लगान वसूली के लिए कानूनी कार्रवाई**

**राज्य** सरकार बड़ी रकम के बकायेदारों के खिलाफ लोक मांग वसूली अधिनियम (पीडीआर एक्ट) के तहत कानूनी कार्रवाई शुरू करेगी। जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे सर्टिफिकेट केस दर्ज करें।

**वसूली लक्ष्य में कमी**

2024-25 के लिए 600 करोड़ रुपये की वसूली का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन अब तक केवल 435 करोड़ रुपये (66.14%) की वसूली हुई है, जो लक्ष्य से कम है।

**गांवों में शिविरों का आयोजन**

रैयतों को जागरूक करने के लिए गांवों में शिविर लगाए जाएंगे और बकायेदारों से वसूली की जाएगी। जरूरत पड़ी तो लोक मांग अधिनियम का सहारा लिया जाएगा।

# केदारनाथ क्षेत्र में भू-कटाव बन रहा भूस्खलन का कारण



**घटनाएं**

**▸▸ केदारनाथ क्षेत्र में भूकटाव का सबसे कारण बन रहा है, जिससे भूस्खलन की घटनाएं बढ़ रही**

**टीम एक्शन इंडिया**
**रुद्रप्रयाग। चोराबाड़ी** ग्लेशियर से निकलने वाली मंदाकिनी नदी का तीखा ढलान व तेज बहाव केदारनाथ क्षेत्र में भूकटाव का सबसे कारण बन रहा है, जिससे भूस्खलन की घटनाएं बढ़ रही हैं। बारिश होते ही मंदाकिनी नदी का जलस्तर बढ़ने के साथ ही वेग अधिक हो रहा है। उद्गम स्थल से गौरीकुंड तक करीब 20 किमी क्षेत्र में नदी संकरी घाटी से होकर गुजर रही है, जहां कुछ देर की बारिश में जलस्तर बढ़ जाता है, जिससे भू-कटाव अधिक होने से भूस्खलन की घटनाओं में प्रतिवर्ष इजाफा हो रहा है। बावजूद, आपदा के एक दशक से अधिक समय बाद भी मंदाकिनी नदी से बचाव के लिए ठोस प्रयास नहीं हो पाए हैं। हिमालय के चोराबाड़ी ग्लेशियर से मंदाकिनी नदी निकल रही है। उद्गम स्थल से नदी का स्पान कम होने के साथ ही ढलान भी है, जो केदारनाथ तक समान है। पर, केदारनाथ से गौरीकुंड तक मंदाकिनी नदी अत्यधिक ढलान के साथ संकरी घाटी में बहती है, जिससे इसका वेग अधिक है। हिमालय क्षेत्र से निकलने वाली नदियों में मंदाकिनी नदी अपने शुरूआती मार्ग में सबसे अधिक ढलान पर बह रही है। मंदाकिनी नदी लगभग 94 किमी का सफर तय कर रुद्रप्रयाग में अलकनंदा नदी से मिलती है। नदी अपने शुरूआती बीस किमी क्षेत्र में चोराबाड़ी ग्लेशियर से गौरीकुंड तक संकरी वी-आकार की घाटी के साथ ही करीब 18 मीटर वर्टिकल ढलान में बह रही है।

# योगी ने किया मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय का निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**सहारनपुर/लखनऊः मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान सीएम ने विश्वविद्यालय के निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निमार्णाधीन विश्वविद्यालय के मॉडल का भी अवलोकन किया। इस मौके पर जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन और विश्वविद्यालय के अधिकारी भी मौजूद रहे।



**जल्द पूरा हो विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्वविद्यालय के निरीक्षण के दौरान एडमिन ब्लॉक, लाइब्रेरी ब्लॉक, गर्ल्स हॉस्टल ब्लॉक, ब्वॉयज हॉस्टल ब्लॉक, वीसी रेजिडेन्स, फैसिलिटी सेण्टर, कैन्टीन, विद्युत सब-स्टेशन, पुलिस चौकी, हेल्थ सेन्टर, बाउन्ड्री वॉल इत्यादि के निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान कहा कि सरकार युवाओं के उज्ज्वल भविष्य एवं उनकी बेहतर शिक्षा के प्रति संवेदनशील है।

**विविध प्रयास**

**▸▸ निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं, गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे किये जाएं सभी निर्माण**

उच्च शिक्षा के माध्यम से भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता के उन्नयन में माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर बेहतर योगदान देगा। ऐसे में निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

# छात्र की संदिग्ध हालात में मौत, सीबीआई जांच की उठी मांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**भीलवाड़ा। गुजरात के** गोंडल में भीलवाड़ा के जबरकिया गांव के 30 वर्षीय छात्र राजकुमार जाट की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के विरोध में सोमवार को सर्वसमाज ने भीलवाड़ा में कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। मृतक के पिता रतनलाल जाट ने गुजरात के गोंडल विधायक गीताबा जडेजा और पूर्व विधायक जयराज सिंह जडेजा के बेटे गणेश जडेजा पर अपने बेटे की हत्या का आरोप लगाते हुए सीबीआई जांच की मांग की।

**संदिग्ध**

**▸▸ परिस्थितियों में मौत के विरोध में सोमवार को सर्वसमाज ने भीलवाड़ा में कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया**

मृतक के पिता रतनलाल जाट ने कलेक्टर जसमीत सिंह संधु को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि उन्हें गुजरात पुलिस पर भरोसा नहीं है और वे इस मामले की निष्पक्ष जांच चाहते हैं।

# फोन टैप की स्पीड से ज्यादा तेज दौड़ता हूं, मुद्दों को मरने नहीं दूंगा : किरोड़ी

**टीम एक्शन इंडिया**
**अलवर। कृषि मंत्री डॉ.** किरोड़ीलाल मीणा ने सोमवार को कहा कि मैं फोन टैप की स्पीड से ज्यादा तेज दौड़ता हूं। मैंने तय कर लिया है कि मेवात और नॉन मेवात में घूम जाऊंगा। सब असलियत पता लगाऊंगा। मैं हमेशा अपनी बात सरकार तक पहुंचाता रहा हूं और आगे भी ऐसा करूंगा। मेरे लिए कोई लक्ष्मण रेखा नहीं है। कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा सोमवार को अलवर दौरे पर रहे। पिछली सरकार और वर्तमान के कुछ लोगों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कुछ छुटभैये गोरखधंधा कर रहे हैं, जिससे अलवर शहर त्रस्त है। दौरे के दौरान मंत्री ने नौगांवा के ग्रामीणों से भी मुलाकात की। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व एसएचओ और पुलिसकर्मी उन्हें प्रताड़ित कर रहे हैं। पुलिस आए दिन घरों से युवकों को उठा लेती है। कुछ दलाल बिचौलिए के रूप में सक्रिय हैं जो सौदेबाजी कर पुलिस तक रुपये पहुंचाते हैं और फिर युवकों को छुड़वा लेते हैं। अब मुद्दों को मरने नहीं दिया जाएगा।

**निशाना साधा**

**▸▸ मैं फोन टैप की स्पीड से ज्यादा तेज दौड़ता हूं। मेवात और नॉन मेवात में घूम जाऊंगा**

# मुख्यमंत्री ने दिखाई हरी झंडी, ड्रग्स मुक्त उत्तराखंड के लिए निकली बाइक रैली

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून।** आदर्श औद्योगिक स्वायत्तता सहकारिता समिति डोईवाला के तत्वावधान में ड्रग्स मुक्त उत्तराखंड अभियान के तहत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आदर्श संस्था की अध्यक्ष आशा कोठारी ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में ड्रग मुक्त उत्तराखंड को लेकर यह अभियान चलाया जा रहा है। इससे पूर्व स्काउट गाइड के साथ पूरे प्रदेश में भी यह अभियान चलाया।

**साधा निशाना** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केवल पॉडकास्ट करते हैं, लेकिन प्रेस कॉन्फ्रेंस करने से बचते हैं

# केंद्र के बजट में राजस्थान का जिक्र भी नहीं: सचिन पायलट

**टीम एक्शन इंडिया**
**दौसा। पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन** पायलट ने सोमवार को केंद्र और प्रदेश में भाजपा सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केवल पॉडकास्ट करते हैं, लेकिन प्रेस कॉन्फ्रेंस करने से बचते हैं। उन्होंने मणिपुर की स्थिति, चीन की घुसपैठ और अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ जैसे मुद्दों पर चुप्पी साधने का आरोप लगाया। पायलट ने भाजपा के "डबल इंजन सरकार" के दावे पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के बजट में राजस्थान का कोई जिक्र नहीं किया गया, जबकि यहां भाजपा की सरकार बनी और पार्टी ने सांसद भी जिताए। उन्होंने पूछा कि जब राजस्थान को केंद्र से कुछ नहीं मिला तो फिर डबल इंजन सरकार का क्या फायदा? उन्होंने केंद्र सरकार पर राजस्थान की जनता से नाराजगी निकालने का आरोप लगाया और कहा कि राज्य सरकार को बजट घोषणाओं को लेकर केंद्र पर दबाव बनाना चाहिए था। पूर्व उपमुख्यमंत्री जयपुर से करौली के तिघरिया गांव जाते समय जीरोता गांव में दौसा विधायक दीनदयाल बैरवा से मिले। दोपहर में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि पिछले 12-14 महीनों में प्रदेश की सत्ता में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। मुख्यमंत्री खुद भी स्थिति को लेकर बोल चुके हैं, लेकिन उनके मंत्री और अफसरशाही हावी होती दिख रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब विपक्ष में है और लगातार सरकार से जवाब मांगती रहेगी। विधानसभा सत्र को लेकर पायलट ने कहा कि सरकार की परफॉर्मेंस सबके सामने है। विधानसभा अध्यक्ष ने कई बार मंत्रियों को बचाने की कोशिश की, लेकिन विपक्ष के सवालों पर सरकार संतोषजनक जवाब नहीं दे पाई।



